www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 21 अगस्त 2024 | वर्ष – 34 | अंक –112 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु





आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को अस्थिर किया गया : धनखड़ पृष्ठ 3
■ सशक्त विपक्ष का स्वाद चख रही है मोदी सरकार
■ इंडिया ब्लॉक पार्टियों को एक स्थिर सरकार देने के लिए हाथ... पृष्ठ 4
■ भारी बारिश से पाकिस्तान में 24 घंटे में 2 की मौत
■ गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 15 फिलिस्तीनियों की मौत पृष्ठ 9
सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता पृष्ठ 10

# महाराष्ट्र में बच्चियों का यौन उत्पीड़न, बवाल

## बदलापुर में भारी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया, ट्रेनें भी रोकी गईं

**ठाणे**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे में स्थित बदलापुर के एक स्कूल में बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में जबरदस्त बवाल शुरू हो गया है। यहां भारी संख्या में लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है। कई लोगों ने लोकल ट्रेनों को भी रोक दिया है। बताया गया है कि लड़कियों के अभिभावकों ने कई लोगों के साथ स्कूल का घेराव कर प्रदर्शन किया है। इस घटना के सामने आने के बाद स्कूल के प्रबंधन ने प्रिंसिपल और स्टाफ के दो और सदस्यों को निलंबित कर दिया। हालांकि, इस घटना के खिलाफ लोगों का गुस्सा भड़क गया। सैकड़ों की संख्या में जुटे लोगों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया गया है कि लोगों ने सुबह 8 बजे ही लोकल ट्रेनों की आवाजाही को रोक दिया और हंगामा किया।



अभिभावकों ने स्कूल का घेराव किया
प्रिंसिपल व स्टाफ के दो सदस्य निलंबित

**एसआईटी जांच का आदेश दिया**

इसके बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एसआईटी जांच का आदेश दिया। वहीं मंत्री दीपक केसरकर ने घटना में पुलिस की सतर्कता को लेकर बयान दिया। फडणवीस ने इस मामले में वरिष्ठ आईपीएस आईजी आरती सिंह के नेतृत्व में एसआईटी के गठन का एलान किया। आरोपी को सख्त सजा दिलाने के लिए ठाणे पुलिस कमिश्नर को भी इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाने के लिए प्रस्ताव देने को कहा गया है।

**बच्चियों ने परिजनों को बताया**

17 अगस्त को पुलिस ने इस मामले में स्कूल के अटेंडेंट को गिरफ्तार किया था। शख्स पर किंडरगार्टन में पढ़ रहीं तीन और चार साल की दो बच्चियों से उत्पीड़न का आरोप था। बच्चियों के परिजनों की तरफ से दी गई शिकायत के मुताबिक, अटेंडेंट ने लड़कियों का स्कूल के टॉयलेट में ही उत्पीड़न किया था। लड़कियों ने इस घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताया था।

इसके बाद मामले में शिकायत दर्ज हुई और आरोपी के खिलाफ पॉक्सो कानून की धाराओं में केस दर्ज हुआ। उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना पर स्कूल के प्रबंधन ने सोमवार को बयान जारी किया और कहा कि उसने प्रिंसिपल के साथ, एक क्लास टीचर और महिला अटेंडेंट को भी निलंबित कर दिया है। घटना को लेकर स्कूल की तरफ से माफी भी मांगी गई है।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई : उद्धव

ठाणे जिले में एक स्कूल में दो बच्चियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की है। इस मामले में उद्धव ठाकरे ने महायुति गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ सरकार राज्य में महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना चला रही है, वहीं दूसरी तरफ बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं है।



## दंतेवाड़ा की तीन बेटियों ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

■ रक्षा बंधन पर महामहिम द्रोपदी मुर्मू से भेंट

**दंतेवाड़ा**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के लिए बड़े ही गौरव का पल रहा, जब जिले की 3 बेटियां कुमारी साक्षी नेताम केजीबीवी गीदम, कुमारी मानसी चक्रधारी पोटाकेबिन गुमड़ा एवं कुमारी अंजली सोनानी केजीबीवी दंतेवाड़ा की मुलाकात भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ट ने बताया कि हमारे जिले के लिए बड़ा ही सौभाग्यशाली पल रहा जब हमारी बेटियां राजधानी दिल्ली में राजभवन पहुचकर महामहिम से मिली उनके साथ समय बिताया और उनके साथ फोटो खिंचवाने का सौभाग्य मिला। आगे उन्होंने कहा कि इस प्रकार महामहिम से मिलना बेटियों के लिए बहुत प्रेरणादायक है ये उनके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा ।

## सार संक्षेप

### जेएमएम छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले चंपई सोरेनः सत्यानंद

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अपनी ही पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) से नाराजगी पर राज्य सरकार में मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंगलवार को कहा कि वह 'गुरुजी' शिबू सोरेन के शिष्य हैं और किसी दूसरी पार्टी में कभी नहीं जाएंगे। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, जेएमएम ने उन्हें हमेशा ही मान-सम्मान दिया है। हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उन्हें अपना अभिभावक मानते हैं। मेरा मानना है कि वह पार्टी छोड़कर नहीं जाने वाले। पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया।

### 'किशोरियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी' वाला हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया, जिसमें 'किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' रखने वाली टिप्पणी की गई थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने %स्वत- संज्ञान% सुनवाई वाले इस मामले में फैसला सुनाते हुए उच्च न्यायालय के उस फैसले को %आपत्तिजनक और अप्रासंगिक' करार दिया और कहा कि उसने (शीर्ष अदालत की पीठ) विस्तार से बताया है कि अदालतों को किस तरह से अपने फैसले लिखने चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस मामले में दोषसिद्धि को बहाल करते हुए कहा कि विशेषज्ञों की एक समिति उसकी (आरोपी युवक की) सजा पर फैसला करेगी।

### आरएसएस की केरल में समन्वय बैठक 31 से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की वार्षिक अखिल भारतीय समन्वय बैठक इस वर्ष केरल के पालक्काड में 31 अगस्त,` 1 और` 2 सितंबर को आयोजित हो रही है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने मंगलवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। तीन दिवसीय यह अखिल भारतीय बैठक सामान्यतः वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। पिछले वर्ष यह बैठक सितंबर में पुणे में संपन्न हुई थी।

# कांग्रेस हारकर जीतने का कर रही दिखावा : अरुण सिंह

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कांग्रेस पर तंज कसा है उन्होंने कहा कि तीन लोकसभा में कांग्रेस की सीटों को मिलाकर वह अभी भाजपा के बराबर नहीं है कांग्रेस हारकर भी जीतने का दिखावा कर रही है।



भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होने रायपुर पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस के जीतने सदस्य उतने वोट नहीं आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 11 करोड़ से अधिक 2014-15 में सदस्य बनी थी, उससे अधिक 2019 में वोट आए थे।

राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, उन्हें सिर्फ नकारात्मक राजनीति करती है। कांग्रेस देश को तोड़ने का काम करती है। कांग्रेस के बारे में लोगों को समझ आ गया है. कांग्रेसी प्रगति नहीं देखना चाहते, यह नकारात्मक राजनीति करते हैं।

अरुण सिंह भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होंने आए है। उन्होंने बताया कि आज और कल दो दिन में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन होगा। जिसके बाद जिले में कार्यशाला होगी लक्ष्य है कि हर घर तक कार्यकर्ता पहुँचे, सभी को सदस्य बनाएं। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। संगठन पर्व उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

# देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज, 27 तक जेल में बंद रहेंगे

**रायपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को कोर्ट ने 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आज जिला सत्र न्यायालय बलौदाबाजार में जज अजय खाखा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने विधायक देवेंद्र की जमानत याचिका खारिज कर दी।



कोर्ट ने देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड को 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया है अब वे 27 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में जेल में बंद रहेंगे। सूत्रों की मानें तो भीम रेजीमेंट के एक बड़े पदाधिकारी के पुलिस को दिए बयान के आधार पर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी हुई है।

# सीधी भर्ती पर पीछे हटी मोदी सरकार


## यूपीएससी से लेटरल एंट्री के आधार पर निकाली गई भर्तियों को वापस लेने को कहा

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। लेटरल एंट्री को लेकर मचे सियासी बवाल के बीच कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग को पत्र लिखा है। मंत्री ने पत्र में संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के आधार पर निकाली गई भर्तियों को वापस लेने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि लेटरल एंट्री के आधार पर निकाली गई भर्तियों में आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए इसे वापस लिया जाए। पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उच्च पदों पर लेटरल एंट्री के लिए संविधान में निहित सामाजिक न्याय और आरक्षण पर जोर देना चाहते हैं। इसलिए इस विज्ञापन को वापस लिया जाए। केंद्र ने पत्र में सामाजिक न्याय के प्रति संवैधानिक जनादेश को बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। केंद्र ने कहा कि हाशिए पर मौजूद योग्य उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिले, इसकी जरूरत है। 17 अगस्त को संघ लोक सेवा आयोग ने लेटरल एंट्री के आधार पर नियुक्तियों के लिए विज्ञापन जारी किए थे जिसका कांग्रेस सहित विपक्ष ने पुरजोर विरोध किया था।

**राहुल ने किया था विरोध**

विपक्ष का कहना है कि इससे आरक्षण खत्म हो जाएगा और सामाजिक न्याय की बात अधूरी रह जाएगी। बीते दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसका विरोध किया था।

### भाजपा की साजिशों को नाकाम करके दिखाएंगे : राहुल



*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम करके दिखाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'संविधान और आरक्षण व्यवस्था की हम हर कीमत पर रक्षा करेंगे। भाजपा की 'लेटरल एंट्री' जैसी साजिशों को हम हर हाल में नाकाम कर के दिखाएंगे। मैं एक बार फिर कह रहा हूं - 50 फीसदी आरक्षण सीमा को तोड़ कर हम जातिगत गिनती के आधार पर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करेंगे।'*

डॉक्टर हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# सुको ने टास्क फोर्स के गठन का किया ऐलान

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई शुरू हो गई। शीर्ष अदालत ने जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या और अस्पताल में तोड़फोड़ के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल रहे। बेंच ने इस मामले में पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जाहिर की। साथ ही केस में पुलिस जांच से लेकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष की भूमिका तक पर सवाल उठाए। कोर्ट ने मामले में आठ सदस्यीय टास्क फोर्स के गठन का फैसला किया। इसमें एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवासन के अलावा कई और डॉक्टरों का नाम शामिल किया गया।

**एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकते**-सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि ये सिर्फ एक मर्डर का मामला नहीं है। हमें डॉक्टरों की सुरक्षा की चिंता है। बेंच ने कहा कि महिलाएं सुरक्षा से वंचित हो रही हैं। बेंच ने कहा कि आखिर ऐसे हालात में डॉक्टर कैसे काम करेंगे। हमने देखा है कि उनके लिए कई जगहों पर रेस्ट रूम तक नहीं होते। आज महिलाएं तेजी से वर्कप्लेस में शामिल हो रही हैं। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और बदलाव लाने के लिए एक और बलात्कार का इंतजार नहीं कर सकते। चिकित्सा पेशे में हिंसा की आशंका बढ़ गई है। पुरुष प्रधान सोच के कारण महिला डॉक्टरों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है।



■ सर्वोच्च अदालत ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल-पुलिस जांच पर उठाए सवाल

**सीबीआई से स्टेटस रिपोर्ट तलब की**-सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पीड़िता की पहचान उजागर करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की गई। कोर्ट ने कहा कि यह घटना दुखद है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीबीआई से 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट भी तलब की। साथ ही सीबीआई को तीन महीने के अंदर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने तीन हफ्ते के अंदर टास्क फोर्स से रिपोर्ट मांगी।

## आज से दो दिन के जम्मू कश्मीर दौरे पर रहेंगे राहुल, खड़गे

**जम्मू**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर नेकां से गठबंधन को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू कश्मीर आ रहे हैं। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है।

■ नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन को लेकर करेंगे चर्चा

पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसके प्रति पत्रकारों को जानकारी दी है कि दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता को देखते हुए राहुल विधानसभा चुनाव में भी सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट रखना चाहते हैं। वह विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की रणनीति पर बात करेंगे।

## भारत-मलेशिया उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को सहमत

### प्रधानमंत्री मोदी व मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच हुई बैठक, आठ समझौता ज्ञापनों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और मलेशिया ने अपनी विस्तारित रणनीतिक साझीदारी को समग्र रणनीतिक साझीदारी का रूप देने और सेमीकंडक्टर, फिनटेक, रक्षा उद्योग, एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का मंगलवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में यह निर्णय लिया गया। दोनों देशों ने कामगारों के रोजगार, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, युवा एवं खेल, संचार, डिजिटल तकनीक, वित्तीय क्षेत्र सहित आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये तथा भारत मलेशिया सीईओ रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की। बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में श्री इब्राहिम का उनके पहले भारत दौरे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



### राष्ट्रपति मुर्मू से भी मिले मलेशियाई प्रधानमंत्री

भारत की यात्रा पर आए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने इस बात पर संतोष प्रकट किया कि भारत और मलेशिया ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने का निर्णय लिया है। यह भी अच्छी बात है कि दोनों देश अब साझेदारी को अमल में लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा पर कार्य कर रहे हैं।

## भाजपा ने राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों का किया ऐलान

**नई दिल्ली**, 20 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा ने विभिन्न राज्यों में होने जा रहे राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने 9 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए बताया कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। वहीं, हरियाणा से किरण चौधरी, बिहार से मनन कुमार मिश्र, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, महाराष्ट्र से धैर्यशील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता, त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्जी और असम से मिशन रंजन दास एवं रामेश्वर तेली को उम्मीदवार बनाया गया है। राज्यसभा उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को विभिन्न प्रदेशों के नेताओं के साथ अलग-अलग मैराथन बैठक की थी। नामांकन भरने की अंतिम तारीख 21 अगस्त है।

विस चुनाव — 24 सीटों पर 18 सितंबर को चुनाव होगा, 27 तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं उम्मीदवार

# जम्मू कश्मीर में पहले चरण के मतदान की अधिसूचना जारी

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 20 अगस्त(देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर में 24 विधानसभा सीटों के चुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी है। इन 24 सीटों पर 18 सितंबर को चुनाव होगा। इन सीटों के उम्मीदवार 27 अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को होगी। वहीं नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है।**

*पहले चरण में घाटी के 16 विधानसभा क्षेत्र जो दक्षिण कश्मीर में हैं और आठ जम्मू क्षेत्र में मतदान होंगे। कश्मीर घाटी के पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डी एच पोरा, कुलगाम, देवसर, दूरू, कोकेरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शंगस-अनंतनाग पूर्व और पहलगाम सीट पर पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। वहीं जम्मू के इंदरवाल, किश्तवाड़, पैडर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा वेस्ट, रामबन और बनिहाल में चुनाव होंगे।*

*उपराज्यपाल द्वारा एक अलग अधिसूचना में इन 24 निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अनुसार जम्मू और कश्मीर विधान सभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए कहने के बाद ईसीआई ने चुनाव अधिसूचना जारी की। चुनाव निकाय ने पंपोर, त्राल, पुलवामा, राजपोरा, जैनापोरा, शोपियां, डी.एच. पोरा, कुलगाम, देवसर, डूरू, कोकरनाग (एसटी), अनंतनाग पश्चिम, अनंतनाग, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा, शांगस-अनंतनाग पूर्व, पहलगाम, इंदरवाल, किश्तवाड़, पद्दर-नागसेनी, भद्रवाह, डोडा, डोडा पश्चिम, रामबन और बनिहाल सीटों के लिए अधिसूचना जारी की।*



*जानकारी के लिए केंद्र शासित प्रदेश में वर्तमान में 87.09 लाख मतदाताओं में से 44.46 लाख पुरुष और 42.62 लाख महिलाएँ हैं। इसके अलावा, 169 ट्रांसजेंडर, 82590 दिव्यांग, 73943 अति वरिष्ठ नागरिक, 2660 शतायु, 76092 सेवा मतदाता और 3.71 लाख पहली बार मतदाता हैं।*

*20 लाख से अधिक मतदाता (लगभग 21 लाख) 20-29 वर्ष की आयु के युवा हैं। जम्मू और कश्मीर में मतदान केंद्रों की संख्या 11,838 है, जिसमें शहरी क्षेत्रों में 2332 और ग्रामीण क्षेत्रों में 9506 शामिल हैं। प्रति मतदान केंद्र औसत मतदाता 735 हैं।*

# पारंपरिक रूप से मनाया गया भोजली तिहार

## सरकारी स्कूल सेमरसल के भोजली महोत्सव में सम्मिलित हुए पूर्व सैनिक, एडिशनल एस.पी.

■ सतत सीखने की ललक को कभी मरने नहीं देना, पढ़ने की, कुछ करने की भूख बनाये रखना- पटेल



**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए लोरमी विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरसल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भोजली का त्यौहार मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे जिले के एडिशनल एस. पी. पंकज पटेल एवं पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सन्तोष साहू फौजी भाई, अशोक सिंह, कमलनारायण साहू, नरेंद्र सिंह राजपूत व दुर्गा वाहिनी मुंगेली की बहनें। सर्वप्रथम राज्यगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ फिर मां सरस्वती की वंदना, छत्तीसगढ़ महतारी की आरती और सभी अतिथियों का श्रीफल कलम भेंट कर अभिनंदन किया गया। बाल कैबिनेट टीम एवं उपस्थित अभ्यागतों का सामूहिक परिचय कराया गया। अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एस.पी. पंकज पटेल ने अपने नागरिक जीवन के अनुभवों को साझा किया। सरकारी स्कूल में पढ़ाई की शुरुआत करके अनेक संघर्षों को पार कर, निश्चित उद्देश्य बनाकर परिश्रम करके आज इस मुकाम को हासिल किए हैं। सतत सीखने की ललक को कभी मरने नहीं देना। पढ़ने की, कुछ करने की भूख बनाए रखना। अपने प्रयासों को कम नहीं करना। पूर्व सैनिक संतोष फौजी ने अपने पराक्रमी उद्बोधन में सैन्य जीवन के विविध गतिविधियों की जानकारी दी। देश के लिए अच्छा नागरिक बनना एक सैनिक के साथ साथ देश के हौसले को बुलंद करता है। समाज अच्छा बनेगा ऐसे ही माहौल से, जब एक सामान्य बालक और किशोर मन को बचपन से देशभक्ति का वातावरण मिलेगा। आप सबमें वो जोश और जज्बा दिख रहा है कि आप देश की सेवा बड़ी वीरता से करेंगे। बड़ी संख्या में मुंगेली जिला से सैनिक बन रहे हैं आगे भी सबको प्रशिक्षण देने में हम सभी पूर्व सैनिक भूमिका निभाएंगे। पूर्व प्रधानपाठक विश्वनाथ योगी ने कार्यक्रम में आए समस्त ग्रामवासियों को इसी प्रकार स्कूल प्रबंधन का सहयोग करते रहने कहा। वर्तमान में संस्था के प्रधानपाठक का भार सम्हाल रहे राजकुमार कश्यप ने उपस्थित पालकों, माताओं और जवानों को कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य को रेखांकित किया। भारत माता की जय मात्र एक नारा नहीं है बल्कि हम सबका जीवनोद्देश्य है। अपने बाल्य जीवन से किशोर होते मन को विविध प्रकार के व्यक्तियों, अनेक पद पर काम कर रहे लोगों से उनके विचार सुनना चाहिए और अपने भावी जीवन में क्या करना है उसकी पहचान कर प्रयास तेज करना चाहिए। शिक्षिका पुष्पा चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों को राखी बांधकर स्वागत किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय निषाद ने बच्चों के अंदर संस्कार और विद्यार्थी जीवन के कर्तव्यों के बारे में चर्चा किया। वहीं शिक्षाविद कलेश्वर कश्यप ने छत्तीसगढ़ी परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने के विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। डिजिटल कक्ष का अवलोकन कर कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से संवाद किया। बच्चों ने सैनिकों को रक्षा सूत्र पहनाएं, सबने सामुहिक चित्र लिए। ढोलक मंजीरा मृदंग जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों व छत्तीसगढ़ी भाषा में सेवा गीतों का ताल बढ़ गायन वादन के साथ भोजली मैया का ग्राम भ्रमण कराया गया। ग्रामवासियों द्वारा अपने अपने घरों से निकलकर भोजली की पूजा अर्चना की गई गंगा मैया की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, भोजली मैया की जय, धरती मैया की जय जैसे नारों से पूरा गांव गूंज रहा था गांव में बहने वाली नदी के सम्मुख जाकर सभी पालकों का आभार प्रदर्शन किया गया साथ ही नदी में भोजली विसर्जन का कार्यक्रम करने के पश्चात एक दूसरे को भोजली कान में लगाकर मित्रता भाईचारे का संदेश भी दिया गया। सामाजिक समस्या का उत्तम उदाहरण इस एक भोजली के आदान–प्रदान से हो जाता है जहां पर लोग जाति पार्टी से ऊपर होकर धरती माता के प्रति भक्ति का भाव प्रकट करते हैं साथ ही एक दूसरे के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने की भावना का भी प्रकृति कारण करते हैं। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए संचालन कर रहे राजकुमार कश्यप ने कहा कि पूरा गांव आज एकजुट है छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सुंदर छठ गांव की गलियों में दिख रही है जहां पर युवा महिलाएं बुजुर्ग तथा बच्चे एक साथ आकर शिक्षा के लिए अपना समर्पण भावना दिखा रहे हैं प्रकृति प्रेम पर्यावरण संरक्षण मिट्टी संरक्षण तथा बच्चों के मन में पारंपरिक भावों का निर्माण जैसे अनेक उद्देश्यों की पूर्ति इस एक भोजली महोत्सव कार्यक्रम के कारण से संपन्न हो रहा है।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय निषाद, हेमंत साहू, ताम्रध्वज कश्यप, सीताराम कश्यप, शिक्षक राकेश पांडेय, कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक उमाशंकर राजपूत, धनेश्वर निषाद, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण साहू, दुर्गावाहिनी से उषा साहू, सीमा साहू, प्रियंका, नमीषा कश्यप, लेमेश्वरी साहू, दुलेश, अभिषेक, राजू पटेल, गूंजा निषाद, अभय, हीरालाल, सम्मिलित रहे। प्रीति कश्यप, प्रिया गरेवाल, चैनू, प्रदीप, खिलेश्वर, प्रिया, अनिल अनंत, तेजेश्वर, अमन, परमेश्वर भोजली की सेवा में लगे रहे। अंत में शिक्षकों ने ग्रामवासियों पालकों, माताओं को भोजली देकर विद्यालय आने के लिए नेवता भी दिए। सामुदायिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बच्चों के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा व्यक्त किया है। बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं ग्रामीण जन इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं। आगे भी अनवरत इस परंपरा को निभाते रहने का अनुरोध किए।

## राजीव गांधी की सोच थी जो आज कंप्यूटर सभी के घरो में है- मक्कड़



**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर द्वारा भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती नगर कांग्रेस कमेटी तखतपुर कार्यालय में मनाई गई ईस कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने अपने उद्बोधन में कहा की राजीव गांधी की सोच थी जो आज कंप्यूटर सभी के घरों में है बिना कंप्यूटर के कोई भी काम आजकल नही हो पाता वही नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कहा की भारत को युवा को 21 साल के स्थान में मतदान करने का अधिकार 18 वर्ष किए वही अजय सिंह ठाकुर ने कहा की राजीव गांधी सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे आज भी उनके द्वारा किए गए कार्य को दुनिया याद करती है आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, सुरेश ठाकुर, बिरझेराम सिंगरौल, अजय सिंह, पार्षद लक्ष्मी यादव, करीम कुरेशी, चंद्रप्रकाश देवांगन, अजमत हुसैन, अवधेश शुक्ला, आवेश जान, संजय गुप्ता, दीपक लहरें, बबलू पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बाजे- गाजे के साथ हुआ भोजली का विसर्जन

**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भोजली का विसर्जन बाजे गाजे के साथ मौहाभाठा में देवी गंगा देवी गंगा लहर तुरंगा अतेक सुंदर भोजली ला कैसे करबो ठंडा पूरे गांव में भ्रमण किया गया मालगुजार नरेंद्र पाण्डेय के निवास स्थान में एवम मेलुराम पाण्डेय के निवास स्थान में पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर नीरज पाण्डेय, पिल्लूराम साहू, अनुज राम साहू, भरतलाल पटेल, बहादुर साहू, श्याम साहू, कलेश सालिकराम साहू, लल्लूराम पटेल, परदेशी पटेल, रामजी पटेल एवं महिलाओं एवम बच्चों में खासा उत्साह रहे एवम एक दूसरे से मित्रता निभाए।




# सार-संक्षेप

## अभाविप के छात्राओं ने पुलिस व डॉक्टरों को बांधा रक्षा सूत्र



**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तखतपुर के छात्रा बहनों ने तखतपुर पुलिस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी व डाक्टरों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। जिसमें भूषण कौशिक ने कहा कि पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग समाज की एक ऐसी कड़ी है जो एक समाज को पुलिस विभाग सुरक्षा देता है वहीं स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है ये दोनों विभाग ऐसे है जो पर्व के दिन भी अपनी ड्यूटी निभाते है। ऐसे में एबीवीपी की बहनें इन हाथों को सुरक्षित करने के लिए रक्षाबंधन पर आगे आयी है। इस अवसर पर जिला संयोजक भूषण कौशिक, राहुल ठाकुर, मिनल सोनी, खुशबू ठाकुर, ज्योति सोनी, गजाला खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा आज



**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। धर्मानगर तखतपुर के हृदय स्थल में शिव भक्तों के द्वारा शिव महापुराण रुद्राभिषेक का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संगीत में शिव महापुराण कार्यक्रम होगा कथा व्यास के रूप में महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूति स्वामी श्री आत्मानंद गिरि जी महाराज पंचदशा नाम जूना अखाड़ा पीठाधीश्वर चौमुख नाथ परमधाम आश्रम दमोह से कथा व्यास आ रहे हैं कलश यात्रा दिनांक 22 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे से संस्कृतिक भवन से नगर भ्रमण होगी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रुद्राभिषेक होगा दोपहर 2 से अमृत में कथा प्रारंभ 2 सितम्बर को पूरा आहुति भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कथा स्थान नगर के संस्कृतिक भवन श्री राम सदन में कार्यक्रम आयोजित की गई है कथा प्रारंभ दोपहर 2 बजे से होगा।

## बेटे ने पिता से की मारपीट

**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व रंजीश के चलते ग्राम बीजा में पुत्र ने पिता के साथ मारपीट कर पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बीजा निवासी दुलार सिंह क्षत्री गांव के सनपती तालाब के पास कुशाल सिंह के पान ठेला के पास खड़ा था उसी समय उसका बेटा विकास ठाकुर आया और अपने पिता दुलार सिंह को कहने लगा कि बिना कारण के तुम मुझे दो तीन दिन पहले मुझे क्यों डांटे थे। इसी बात को लेकर पुत्र ने पिता की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2, 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## शराब पीने से रोका तो कर दी मारपीट

**तखतपुर** 20 अगस्त (देशबन्धु)। शराब पीना बुरी आदत है इस बात की समझाईस देने पर समझाईस देने वाले को शराबी युवक ने मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2, 296, 3, 5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरौंधा निवासी तरूण साहू गुड़ी चौक में कैलाश और तरूण के साथ बैठाकर बातचीत कर रहा था उसी समय गुड़ी चौक में सुमित यादव उनके सामने में शराब पीने लगा जिस पर शराब पीना बुरी आदत है समझाईस देने पर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया इस पर सुमित यादव अपने भाई ध्वजा यादव को बुलाया और गाली गलौज करते हुए तरूण के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2, 296, 3, 5, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## तीन से चार घंटे देर से चल रही ट्रेन, यात्री हो रहे परेशान

**बिलासपुर**, 20 अगस्त(देशबन्धु)। जोनल स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। विलंब से चल रही इन ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए रेल प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। पूछताछ केंद्र में पिछले कई दिनों से यात्रियों को एक ही जवाब मिल रहा है कि विलंब प्रारंभिक स्टेशन हुई है। यह स्थिति किसी एक दिशा की ट्रेनों का नहीं है। मुंबई, दिल्ली, हावड़ा, गुजरात समेत सभी दिशाओं से चलने वाली ट्रेनें प्रतिदिन बिलासपुर रेलवे स्टेशन में देरी से आ रही है। मंगलवार को भी ट्रेनों के परिचालन की स्थिति कुछ इसी तरह देखने को मिली। साउथ बिहार एक्सप्रेस 3.30 घंटे,अहमदाबाद एक्सप्रेस चार घंटे, हावड़ा मुम्बई मेल 3.30 घंटे, सूरत मालदा एक्सप्रेस तीन, उत्कल एक्सप्रेस चार, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस दो घंटे, लिंक एक्सप्रेस एक्सप्रेस एक घंटे और हावड़ा– पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। इन ट्रेनों के लेट होने से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर रक्षाबंधन पर घर आए भाई व बहनों को परेशानी हुई। मालूम हो कि अभी बिलासपुर समेत अलग–अलग जोन में अधोसंरचना से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इस वजह से ट्रेनों को रद कर दिया गया। जो ट्रेनें रद नहीं हुई है, वह विलंब से चल रही है। इस वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।



## ईडी ऑफिस के बाहर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन कल

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर 22 अगस्त को दोपहर 12.00 बजे ईडी आफिस के सामने पचपेड़ी नाका रायपुर में प्रदेशस्तरीय विरोध व धरना/प्रदर्शन किया जाएगा। गत दिनों हिंडनबर्ग ने सेबी के अध्यक्ष श्रीमती बूच के महाघोटाला का पर्दाफाश किया है, जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार में नए नए घोटाले उजागर हो रहे है पर मोदी सरकार एक्शन लेने के बजाए उन्हें संरक्षण दे रही है, इसके पूर्व में भी हिंडनबर्ग ने शेल कम्पनियो के नाम पर बड़ा घोटाला को उजागर किया था, जिसमे देश के एक बड़े उद्योगपति का नाम था, जिसकी जांच सेबी को करना था पर सेबी ने उद्योगपति को क्लीन चिट देकर घोटाला को छुपाया था, हिंडन बर्ग ने एक फिर नए घोटाला को सामने लाया है, जिसमे सेबी के अध्यक्ष माधुवी पूरी बूच के पति धवल बूच की कम्पनी और उद्योगपति के साथ व्यवसायिक सम्बन्ध है, जिसपर मोदी सरकार कोई कार्यवाही नही कर रही है, जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। धरना प्रदर्शन में प्रदेश पदाधिकारी, विधायक, महापौर, पूर्व सांसद,पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला/ शहर/ ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारी, निर्वाचित जन प्रतिनिधि, सभापति, नगर निगम/ नगर पालिका/ नगर पंचायत के पार्षद गण जिला पंचायत/जनपद पंचायत के सदस्यगण, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया, आई टी सेल, सहकारिता विभाग, सहित सभी अनुषांगिक संगठन मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, बड़ी संख्या में पहुचेंगे।

## भोजली घाट जाने वाले मार्ग पर ठेला गुमटी वालों के बेजाकब्जा पर निगम ने की कार्रवाई



**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का लोक पर्व भोजली मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इससे पहले शनिचरी रपटे के भोजली घाट जाने वाले मार्ग पर ठेला गुमटी वालों ने बेजा कब्जा कर लिया था, रपटा के किनारे बांस का तंबू बना लिया गया था जिससे घाट तक जाने में लोगों को परेशानी हो रही थी, निगम में शिकायत के बाद अमले ने कार्यवाही शुरू करते हुए शाम तक भोजली घाट मार्ग को व्यवस्थित और सुचारू बना दिया। लोगों की मांग है की भोजली घाट का संरक्षण किया जाए और इस क्षेत्र को बेजामुक्त रखा जाए, साथ ही साफ सफाई भी होती रहे,जिस तरह से छठघाट का सौंदर्यीकरण किया गया हैं, वैसे ही इसे सजाया जाए, निगम की कार्यवाही के बाद ठेले वाले भागते नजर आये।

## बिलासपुर में तेज बारिश के बीच मनाया गया लोक पर्व भोजली, मितान बदने की परंपरा का हुआ पालन



**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का एक और लोक पर्व भोजली मंगलवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम होते ही युवतियां और महिलाएं सर पर भोजली की टोकरी लेकर नदी, तालाब और जलाशय में विसर्जन के लिए पहुंची। पूरे रास्ते भोजली गीतों की स्वर लहरिया तैरती रही। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश है, इसलिए इसके पर्वों का ताना–बाना भी कृषि आधारित ही है। ऐसा ही एक पर्व है भोजली उत्सव। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक पर्वों में से एक भोजली इस मंगलवार को मनाई गई। भोजली का संबंध भी खेती किसानी से ही है, जहां घर की महिलाएं अच्छी वर्षा और अच्छी फसल की कामना करती है। भोजली का शाब्दिक अर्थ भू जल संवर्धन से है। क्योंकि बिना जल धान की खेती संभव नहीं। यह वह समय होता है जब कृषि कार्यों का पहला हिस्सा संपन्न हो चुका होता है और किसान अच्छी बारिश चाहता है। तभी देवी का आह्वान कर अच्छी वर्षा की कामना की जाती है। भोजली की शुरुआत नियमानुसार नाग पंचमी से होती है। पहले नाग पंचमी पर दंगल के अखाड़े से मिट्टी लाकर टोकरी में गेहूं के दाने बोए जाते थे। कुछ स्थानों पर कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर यह परंपरा निभाई जाती है। बांस की टोकरी में गेहूं के बीज बोकर उन्हें छाया में रखा जाता है। प्रतिदिन उन्हें हल्दी के पानी से सींचकर, दीप दिखाकर पूजा अर्चना की जाती है। इसलिए उनका रंग पीलापन दिए हुए होता है। पंचमी से नवमी तिथि तक यह बीज बोए जाते हैं और फिर रक्षाबंधन के अगले ही दिन भोजली का विसर्जन किया जाता है। बेटियां और महिलाएं पारंपरिक परिधान में सर पर भोजली की टोकरी रखकर देवी गंगा, देवी गंगा, लहर तुरंगा गाते हुए सरोवरों की ओर बढ़ चलती है।भोजली मूलत: महिलाओं का पर्व है। यही कारण है कि इस दिन उनका उत्साह देखते बनता है। छोटी–छोटी बच्चियों से लेकर उम्रदराज महिलाएं भी भोजली विसर्जन के लिए घाट पर उसी उत्साह के साथ पहुंचती है, जहां भोजली गीत गाते हुए भोजली का विसर्जन किया जाता है। नारियल फोड़ कर उसका प्रसाद बांटते हैं। भोजली छत्तीसगढ़ का अपना फ्रेंडशिप डे भी है। विसर्जन के पश्चात भोजली एक दूसरे के कान में खोंसकर मितान बदने की भी परंपरा है। कहते हैं इस तरह से बने मितान यानी मित्र आजीवन इस रिश्ते में आबद्ध रहते हैं। छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े नगर बिलासपुर में आधुनिकता और परंपरिकता का अद्भुत मेल है, इसीलिए यहां लोक पर्वों की वैसी ही धमक है, जैसी सुदूर ग्रामीण अंचलों में होती है। भोजली पर हर साल की तरह इस बार भी कई स्थानों पर बड़े आयोजन हुए, जहां इसे प्रतियोगिता का स्वरूप देते हुए पुरस्कारों की भी झड़ी लगा दी गई।


### प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत, मलेशिया उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में ...**

पर स्वागत किया और कहा, मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे भारत में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'भारत और मलेशिया के बीच विस्तारित रणनीतिक साझीदारी का एक दशक पूरा हो रहा है, और पिछले दो सालों में, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के सहयोग से हमारी साझीदारी में एक नई गति और ऊर्जा आई है। आज हमने आपसी सहयोग के सभी क्षेत्रों पर व्यापक रूप से चर्चा की है।' श्री मोदी ने कहा, भारत और मलेशिया सदियों से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। मलेशिया में रह रहे लगभग 30 लाख भारतीय प्रवासी हमारे बीच एक जीवंत सेतु हैं। भारतीय संगीत, खान–पान और उत्सव से लेकर मलेशिया में तोरण गेट तक हमारे लोगों ने इस मित्रता को संजोया है।'

## फरियादी के आवेदन पर, पटना तहीसलदार को लगी फटकार

**कोरिया**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जन चौपाल के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक आवेदन को बारीकी से अध्ययन की। प्रकरण पटना तहसील का था। फरियादी के आवेदन पर पटना तहसीलदार से इस बाबत जानकारी प्राप्त की किंतु तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर कलेक्टर नाराज हुई और जमकर फटकार लगाई।



ग्राम करजी, तहसील पटना, निवासी श्री कतवारी लाल विगत डेढ़ साल से कैंसर बीमारी से जूझ रहा है। आवेदिका श्रीमती श्यामपति की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। ऐसे में उन्होंने अपने पति के समुचित इलाज के लिए अपने हिस्से के जमीन को बेचकर इलाज कराना चाह रही है। आवेदिका श्रीमती श्यामापति लगातार तहसील कार्यालय, पटना जाकर संयुक्त खाते के जमीन को बंटवारा नामा कराने के लिए लगातार चक्कर लगा रही थी। बीमार से ग्रस्त श्री कतवारी लाल के तीनों बहन नहीं चाहती थी कि जमीन का बंटवारा हो और समय पर इलाज हो, इस बाबत उन्होंने स्थानीय पटवारी श्री योगेश गुप्ता और तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा से सांठगांठ कर मामले को लंबित रखे हुए हैं। तहसीलदार एवं पटवारी की उदासीनता से वे काफी दुखी नजर आई। किंतु इस बार आवेदिका ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष जन चौपाल पहुंचकर पूरी जानकारी आवेदन के माध्यम से दी। संवेदनशील कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आवेदन को गंभीरता पूर्वक अध्ययन की और मामले को तत्काल समझ गई। उन्होंने जन चौपाल में ही तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा को जमकर फटकाई लगाई। उन्होंने कहा कि आपको, आम लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही नियुक्त किया गया, जबकि आप लोग खुद समस्या खड़े कर रहे हैं। शासन आप लोगों को हर सुविधा मुहैया करा रही है। पीड़ित दर–दर भटक रही हैं, थोड़े से भी मानवीयता नहीं है, इतना संवेदनहीन बन चुके हो। आवेदिका के पति कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं जबकि तहसीलदार बंटवारा नामा तैयार नहीं कर रहे हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**वार्षिक दर निर्धारण हेतु निविदा विज्ञप्ति**

क्र.04/न.पा.नि./वाहन शाखा/24-25 बिलासपुर दिनांक 20/08/2024

नगर पालिक निगम बिलासपुर में उपलब्ध विभिन्न विभिन्न वाहनों/मशीनों में आवश्यकतानुसार समय–समय पर ल्यूब्रिकेटस उपलब्ध कराया जाता है। ल्यूब्रिकेटस क्रय करने बाबत् निर्मात कंपनी/अधिकृत विक्रेताओं /प्रदायकर्ताओं से सीलबंद निविदा फार्म ए.बी.सी. में मैनुअल सीलबंद निविदा दिनांक 20/09/2024 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | निविदा प्रापत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न–विभिन्न वाहनों हेतु ल्यूब्रिकेटस प्रदाय कार्य (सर्व, केस्ट्राल, एच.पी., वोल्वो लाईन, ब्रेमराल, एल्फ, गर्ल्फ, एमरान एच.पी.एस., मेक) | 18.27 लाख रु. | 55000.00 रु. | 750.00 रु. |

कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में वाहन शाखा से एवं नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मूल चंद लिखमानिया S/O गजानंद लिखमानिया मकान नंबर 66, मस्जिद रोड, अकलतरा, जांजगीर–चांपा (छ.ग.) 495552 अपना पुराना नाम मूलचंद अग्रवाल S/O गजानंद अग्रवाल को त्यागकर नया नाम मूल चंद लिखमानिया S/O गजानंद लिखमानिया रख लिया है। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम मूल चंद लिखमानिया S/O गजानंद लिखमानिया के नाम से जाना और पहचाना जावे।

मूलचंद लिखमानिया
मकान नंबर 66,
मस्जिद रोड, अकलतरा,
जांजगीर–चांपा (छ.ग.)
495552

# देश

**उवाच**

विपक्ष नहीं चाहता कि मराठा समुदाय को आरक्षण मिले। जब फडणवीस मुख्यमंत्री थे तब सरकार ने मराठा समुदाय के लिए कोटा प्रदान किया था। मराठा आरक्षण को लेकर फडणवीस के विरोध की बात पूरी तरह से गलत है। जरांगे-पाटिल के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है।

-एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31° | 27° |
| मुंबई | 29° | 26° |
| कोलकाता | 29° | 27° |
| चेन्नई | 32° | 28° |

# विकसित राष्ट्र के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना जरूरी : मुर्मू

## राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार किए प्रदान

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2023 प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल के माध्यम से भूवैज्ञानिक डेटा के एकीकरण, खनिज संसाधनों की खोज और खनन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे कई कदम उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये कदम हमें प्राकृतिक संपदा को बेहतर ढंग से समझने और उसका उचित उपयोग करने में सक्षम बनाएंगे। मुर्मु ने कहा कि सतत विकास की ओर बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के प्रयास इसी लक्ष्य के अनुरूप हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरित परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों जैसे खनिजों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की



सतत विकास की ओर बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन हासिल करने के को प्रतिबद्ध : **द्रौपदी मुर्मू**

स्थापना से भारत को आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक विकास तथा हरित क्रांति के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की मूल्य श्रंखला को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं भारत की तीन दिन की राजकीय यात्रा पर आए मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम का मंगलवार सुबह राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक स्वागत किया। इब्राहिम बतौर प्रधानमंत्री अपनी पहली भारत यात्रा पर हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री के बीच आज द्विपक्षीय वार्ता होनी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया किया। उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण यात्रा की विशेष शुरुआत राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### कोलकाता में राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना पर जताई खुशी

राष्ट्रपति ने कोलकाता में राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र की स्थापना पर खुशी जताई जो सभी भूस्खलन-संभावित राज्यों के लिए प्रारंभिक चेतावनी बुलेटिन जारी करेगा। उन्होंने इस प्रणाली को इतना फुलप्रूफ और सटीक बनाने पर जोर दिया कि भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं से कम से कम नुकसान हो। मुर्मू ने कहा कि भारत का भूवैज्ञानिक इतिहास इसकी चट्टानों, मैदानों, जीवाश्मों और समुद्री तलों में दर्ज है और इसे भूवैज्ञानिक विरासत कह सकते हैं। उन्होंने युवाओं से भू-पर्यटन और भू-विरासत स्थलों के महत्व को समझने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भू-पर्यटन लोगों को भू-विज्ञान के क्षेत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने का माध्यम हो सकता है।

## बिहार के भागलपुर में तटबंध क्षतिग्रस्त



**भागलपुर,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के भागलपुर जिले में इस्माइलपुर बिंद टोली तटबंध स्पर संख्या सात-आठ के बीच क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण कई गांवों में पानी घुस गया है। गांवों में पानी आने के कारण ग्रामीण ऊंचे स्थानों पर शरण लेने लगे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जल संसाधन विभाग क्षतिग्रस्त तटबंध को ठीक करने में जुट गया। पटना से भी वरिष्ठ अभियंताओं की टीम को रवाना किया गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को बिंद टोली के पास गंगा नदी के दबाव की वजह से तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया और कई गांवों में पानी प्रवेश कर गया। इस घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम तुरंत क्षतिग्रस्त स्थल पर पहुंचकर उसे ठीक करने में जुट गई है। बिहार के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने इसको लेकर कहा कि इस साल कुछ क्षेत्रों में अधिक बारिश होने के कारण प्रमुख नदियों का जलस्तर बढ़ा है। इसी क्रम में गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण तटबंधों पर दबाव बना हुआ था और विभाग इसकी हिफाजत में भी लगा था।

**गोपालपुर प्रखंड के कई गांवों में पानी घुसा**

## आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को अस्थिर किया गया : धनखड़

### तीसरे बैच के राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम में बोले उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कहना है कि काम के लिए उम्र की सीमा का कोई आधार नहीं है। व्यक्ति को हर उम्र में सक्रिय रहना चाहिए। तीसरे बैच के राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम में मंगलवार को उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय फिलॉसफी क्या है। हमारी भारतीय फिलॉसफी है कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। आप जानते हैं, और यह बहुत कुछ कहता है, काम पूजा है। हमें अपने अंतिम सांस तक काम करते रहना चाहिए।

आपातकाल के दौर को याद करते हुए धनखड़ ने कहा कि हमारे लोकतंत्र को एक बार आपातकाल के दौरान अस्थिर किया गया था। उनमें से कितने प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, गवर्नर, राष्ट्रपति बने। क्योंकि, आप शायद भूल गए होंगे, आप जानिए कि लोकतंत्र में उन लोगों को जो हमारे लोकतंत्र में बाद में योगदान देने वाले थे, जेल में क्यों डाला गया। उन्हें कभी नहीं पता था कि वे कब बाहर आएंगे। उस समय सुप्रीम कोर्ट कैसे विफल हो गया? सिर्फ राष्ट्र ही नहीं, लोकतंत्र, मानवता और कैसे नौ उच्च न्यायालय ने नागरिकों की मदद के लिए कदम बढ़ाया। सभी नौ को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। आपको



इसका अध्ययन करना होगा। धनखड़ ने इंटर्न्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमें काम करते रहना चाहिए, चाहे उम्र या स्थिति कुछ भी हो। आदर्श स्थिति यह है कि व्यक्ति काम करते-करते अपने निर्माता से मिले। हमें अपनी आत्मा को छोड़ देना चाहिए, अपनी आत्मा को स्वतंत्र करना चाहिए, जब हम काम में व्यस्त हों। वास्तव में, जब लोग सरकारी नौकरी से रिटायर हो जाते हैं, तो कहा जाता है कि उन्हें कुछ न कुछ करते रहना चाहिए, अन्यथा, वे जल्दी बूढ़े हो जाएंगे। काम बुढ़ापे को दूर रखता है और इसे आपकी ज़िंदगी में नहीं आने देता। उन्होंने कहा कि हमें एक लक्ष्य की दिशा में काम करना चाहिए, लेकिन किसी चीज़ की अपेक्षा के लिए नहीं। काम अपने आप में महत्वपूर्ण है, सही रास्ते पर काम करना, गंभीरता से काम करना, राष्ट्रीय हित में काम करना। परिणाम हमेशा उन लोगों के हाथ में नहीं होते जो उनके लिए काम करते हैं, कभी-कभी, प्रयास के बावजूद, परिणाम तुरंत नहीं मिलते।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में एक के बाद एक भूकंप के झटके

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर में मंगलवार को मध्यम तीव्रता के एक के बाद एक दो भूकंप आए। जानमाल के नुकसान या किसी संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, पहला भूकंप सुबह करीब 6.45 बजे जम्मू-कश्मीर में आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 थी। भूकंप 34.17 अक्षांश और 74.16 देशांतर पर स्थित था। केंद्र उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में जमीन से 5 किलोमीटर नीचे स्थित था। सात मिनट बाद, रिक्टर पैमाने पर 4.8 तीव्रता का एक और भूकंप क्षेत्र में आया, जिसका केंद्र फिर से बारामूला में था।

### नशामुक्ति केंद्र में चिकित्सक की पीट-पीटकर हत्या

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ढेकहा मोहल्ले में संचालित एक नशामुक्ति केंद्र में पदस्थ एक चिकित्सक की पीट पीटकर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने इस मामले से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिरहुला कॉलोनी निवासी चिकित्सक डॉ. रुद्रसेन गुप्ता ढेकहा के एक नशामुक्ति केंद्र में कार्यरत थे। कल रात्रि नशामुक्ति केंद्र के संचालकों द्वारा उन्हें पुराना भुगतान करने के बहाने से बुलाया और वहां उनके साथ जमकर मारपीट की गई।

### विभिन्न मांगों को लेकर ओडिशा विधानसभा में हंगामा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा को मंगलवार को कांग्रेस और बीजू जनता दल (बीजद) के सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर जमकर हंगामा किया, जिसके कारण अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी को सदन की कार्यवाही बिना कोई कामकाज अपराह्न चार बजे तक दो बार स्थगित करनी पड़ी। उन्नीस दिनों के अवकाश के बाद मंगलवार को सदन की कार्यवाही फिर से शुरु होने पर व्यवधान शुरु हुआ।

### प्रतापगढ़ में बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नवाबगंज क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में सगी मासूम बहनों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि क्षेत्र के कुसुवापुर बल्दी का पुरवा निवासी दिनेश कुमार सरोज सोमवार को अपनी पत्नी शिला देवी, बेटी श्रेया, श्रद्धा और श्रेयांशी के साथ बाइक से तिवारी पुर समापुर के रहने वाले साढ़ू फूल चंद्र के घर गए थे। बताया किया देर रात वह सभी को लेकर लौट रहे थे कि बजहा भीट गांव के पास सामने से आ रहे कुंडा के रहवई निवासी बाइक सवार राजेश विश्वकर्मा से टक्कर हो गई।

## जेडीयू विधायक गोपाल मंडल पर मामला दर्ज

### धमकी व गाली-गलौज करने का मामला

**पटना,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के विधायक गोपाल मंडल अपने कारनामों के कारण अक्सर चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों उनकी ही पार्टी के नेता और होटल संचालक नरेश मंडल ने गाली-गलौज करने और हत्या की धमकी देने का आरोप लगाया था। जेडीयू नेता की शिकायत पर परबत्ता थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ऐसे में माना जा रहा है कि जेडीयू के बवाली विधायक गोपाल मंडल की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल, गोपालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले जेडीयू जदयू नेता नरेश मंडल ने गोपालपुर के विधायक गोपाल मंडल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने बताया है कि खगड़ा गांव में उनका एक लाइन होटल है। बीते शुक्रवार को जदयू के प्रदेश महासचिव विरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में उक्त होटल में एक बैठक हुई थी। विधायक गोपाल मंडल ने एक-दो बार उन्हें फोन किया लेकिन वह कॉल रीसिव नहीं कर सके थे। रात में जब उन्होंने गोपाल मंडल को कॉल किया तो विधायक भड़क उठे। जाति सूचक गाली देते हुए शिकायतकर्ता के होटल को उजाड़ने की धमकी दी। नरेश मंडल ने आरोप लगाया है कि विधायक ने कहा है कि मेरे दुश्मन सबको बैठाते हो, आते हैं वहीं मार देंगे। जिसके बाद नरेश मंडल ने जेडीयू विधायक गोपाल मंडल के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए परबत्ता थाने में आनेदन किया था।

## हर वर्ग को केंद्र सरकार ने दिया धोखा : अखिलेश

### भाजपा पर लगाया ने जनता से झूठे वादे करने का आरोप

**लखनऊ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के इशारे पर अधिकारियों ने बेईमानी नहीं की होती तो उत्तर प्रदेश में सपा और इण्डिया गठबन्धन 50 से ज्यादा सीटें जीतती। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को धोखा दिया। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिला। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे। भाजपा सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती रही, जिससे नौकरी और आरक्षण न देना पड़े। विसंगतिपूर्ण जीएसटी से व्यापार बर्बाद हो गया।

महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। बजट की लूट मची है। प्रधानमंत्री ने जिस एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया था वह अभी से रिपेयरिंग मांग रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने



बेईमानी नहीं होती तो इंडिया पचास से ज्यादा सीटें जीतता : **अखिलेश यादव**

लखनऊ में एक भी बड़ा काम नहीं किया। लखनऊ में कोई कार्य नही दिखाई देता। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। केवल बिजली का बिल आता है। प्रदेश में भाजपा की सात साल की सरकार में एक भी बिजली का प्लान्ट नहीं लगा। बिजली घर लगाना तो दूर मुख्यमंत्री ने बिजली प्लान्ट का नाम भी नहीं लिया। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री का जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

### पीडीए की एकता के आगे सरकार झुकी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपीएससी में लेटरल एन्ट्री के पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे झुक गई है। सरकार को अब अपना ये फैसला भी वापस लेना पड़ा है। यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के षड्यंत्र अब कामयाब नहीं हो पा रहे हैं, ये पीडीए में आए जागरण और चेतना की बहुत बड़ी जीत है। पीडीए इन परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी 'लेटरल भर्ती' के खिलाफ दो अक्टूबर से शुरू होने वाले आंदोलन के आह्वान को स्थगित करती है, साथ ही यह संकल्प लेती है कि भविष्य में भी ऐसी किसी चाल को कामयाब नहीं होने देगी व पुरज़ोर तरीके से इसका निर्णायक विरोध करेगी।

## तीसरे चरण की शिक्षक बहाली में खाली पदों की होगी गिनती

**पटना,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार में तीसरे चरण की शिक्षक बहाली में पदों की गिनती होगी। शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से पहले और दूसरे चरण की शिक्षक बहाली के बाद खाली रह गए शिक्षकों के पद की जानकारी मांगी है। दो चरणों की शिक्षक बहाली के बावजूद खाली रह गए पदों को भी तीसरे चरण की बहाली में जोड़ा जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक वैधनाथ प्रसाद यादव ने सभी जिलों के डीईओ को पत्र लिखा है और कोटिवार रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। शिक्षा विभाग की तरफ से जिलों को जारी निर्देश में कहा गया है कि बैकलॉग की गणना करते हुए तीन दिनों के भीतर कोटिवार पदों की संख्या विभाग को भेजें। शिक्षकों के कोटिवार पदों की गिनती डीएम के माध्यम से कराने के बाद ही विभाग को भेजना है। पत्र के साथ शिक्षा विभाग की तरफ से जिलों को एक फॉर्मेट भी भेजा गया है, जिसमें पूरी रिपोर्ट भेजनी है।

**शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से मांगी रिक्तियों की जानकारी**

## शीर्ष नौकरशाही में लेटरल एंट्री से आरक्षण समाप्त करना चाहती है मोदी सरकार : तेजस्वी

**पटना,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि शीर्ष नौकरशाही में लेटरल एंट्री केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का सरकारी सेवाओं में एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण समाप्त करने का प्रयास है। यादव ने मंगलवार को यहां कहा कि लंबे समय से यह आशंका थी कि नरेंद्र मोदी सरकार सरकारी सेवाओं में आरक्षण समाप्त करने पर विचार कर रही है। अब कॉरपोरेट घरानों के कर्मियों से लेटरल एंट्री के माध्यम से संयुक्त सचिव स्तर पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी होने से साबित हो गया है कि सरकार सरकारी सेवाओं

**लेटरल एंट्री के जरिए केंद्र सरकार पर साधा निशाना**



विज्ञापन में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई : **तेजस्वी प्रसाद यादव**

में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण समाप्त करने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन करने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है। राजद नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पृष्ठभूमि वाले लोगों से संयुक्त सचिव स्तर के रिक्त पदों को भरने में रुचि रखती है। उन्होंने कहा कि अंबानी और अडानी जैसे सरकार के पसंदीदा कॉरपोरेट घरानों के कर्मियों को भी भर्ती के नवीनतम मॉडल में प्रवेश मिलेगा।

### नीतीश व चंद्रबाबू नायडू इस मुद्दे पर चुप

राजद नेता ने कहा कि यह अजीब है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) नेता और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य सहयोगी इस मुद्दे पर चुप हैं।

## मोहन यादव ने छतरपुर दुर्घटना पर जताया शोक

**भोपाल,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर जिले के खजुराहो-झांसी हाईवे पर हुए सड़क हादसे पर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में उत्तरप्रदेश के सात लोगों की असामयिक मृत्यु और छह लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा परिजन को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कामना की। खजुराहो-झांसी हाईवे पर महोबा रेलवे स्टेशन से बागेश्वर धाम जाते समय हुई सड़क दुर्घटना में ऑटो में सवार 13 लोग प्रभावित हुए थे, जिनमें सात की मृत्यु हो गई और छह लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मृतकों के परिजनों और घायलों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

## जेएमएम छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले चंपई सोरेन : सत्यानंद भोक्ता

### चंपई को रास्ते से भटकाने की कोशिश कर रहे कुछ लोग

**रांची,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अपनी ही पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) से नाराजगी पर राज्य सरकार में मंत्री और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंगलवार को कहा कि वह गुरुजी शिबू सोरेन के शिष्य हैं और किसी दूसरी पार्टी में कभी नहीं जाएंगे। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि जेएमएम ने उन्हें हमेशा ही मान-सम्मान दिया है।

हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उन्हें अपना अभिभावक मानते हैं। मेरा मानना है कि वह पार्टी छोड़कर नहीं जाने वाले। पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया। मैं खुद उनके मंत्रिमंडल में रहा हूं और जानता हूं कि वह दिल के साफ आदमी हैं। उनका किसी से कोई भेदभाव नहीं है। कुछ लोग हैं जो उन्हें रास्ते से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने झारखंड मुक्ति



मोर्चा में फूट की खबरों का खारिज करते हुए कहा, जेएमएम अभी भी है और आगे भी ऐसे ही रहेगा। देश एक है, प्रदेश एक है। दिल्ली या मुंबई जाना कोई गुनाह नहीं होता है। बहुत लोग इलाज के लिए भी जाते हैं, काम के सिलसिले में भी आना जाना लगा रहता है। इसलिए, इन बातों को गलत तरीके से लेना सही नहीं है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा तेज है।


**बदलाव** — *जम्मू-कश्मीर में दिख रहा राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव*

# विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ पाला बदलने का क्रम तेज

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 2 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहा है। अनुच्छेद 37 के निरस्त होने के बाद से निष्क्रिय रहे कई राजनीतिक नेता अब पाला बदल रहे हैं और नई पार्टियों में शामिल हो रहे हैं।**

ताजा घटनाक्रम में अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के संस्थापक सदस्य जफर इकबाल मन्हास ने इस्तीफा दे दिया है और उनके अपने बेटे के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने को बताया कि हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में मिली हार के बाद मन्हास कथित तौर पर अपनी पार्टी के नेतृत्व से दूर हो गए थे। यह कदम एक अन्य प्रमुख नेता अब्दुल हक खान के कुछ समय तक निष्क्रिय रहने के



■ **हर पार्टी असंतुष्ट नेताओं का स्वागत करने में कर रही गर्व महसूस**

बाद पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) में फिर से शामिल होने के बाद उठाया गया है। खान ने पीडीपी को लगभग छोड़ दिया था, लेकिन अब वे पार्टी में वापस आ गए हैं। सूत्रों ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में और भी नेता पाला बदल सकते हैं, क्योंकि राजनीतिक दल आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता के लिए होड़ कर रहे हैं।

हर पार्टी असंतुष्ट नेताओं का स्वागत करने में गर्व महसूस कर रही है, ताकि चुनावों में उनकी संभावनाओं को बढ़ाया जा सके। यह अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य चुनावों से पहले भी जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि नेता खुद को उन पार्टियों के साथ जोड़ना चाहते हैं जो उन्हें सत्ता और प्रभाव के लिए सबसे अच्छी संभावनाएं प्रदान कर सकती हैं। अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने वाले मन्हास का इस्तीफा अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली 'अपनी पार्टी' के लिए विधानसभा चुनाव से पहले एक और बड़ा झटका है। हाल के दिनों में पार्टी के दो वरिष्ठ नेता उस्मान मजीद और नूर मुहम्मद ने पार्टी छोड़ दी। मन्हास ने कहा कि मैंने 'अपनी पार्टी' से इस्तीफा दे दिया है और मेरे कार्यकर्ता यही चाहते थे। विधान परिषद के पूर्व सदस्य ने कहा कि उन्होंने अभी अपने भविष्य की योजना के बारे में फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक किसी पार्टी में शामिल नहीं हुआ हूं।

मेरे कार्यकर्ता आने वाले दिनों में तय करेंगे कि मैं किसी पार्टी में शामिल होऊंगा या निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। बुखारी ने जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के कुछ महीनों बाद 'अपनी पार्टी' का गठन किया था। चार साल बाद भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभरने के लिए संघर्ष कर रही है। पार्टी को हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा और इसके उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। जम्मू-कश्मीर में भाजपा के विपक्षी दल 'अपनी पार्टी' पर भाजपा का 'प्रॉक्सी' होने का आरोप लगाते रहे हैं हालांकि, पार्टी ऐसे किसी भी संबंध से इनकार करती रही है।

बिलासपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल के दबाव में मोदी सरकार

लैटरल एंट्री यानी केंद्र सरकार में वरिष्ठ पदों पर अधिकारियों की सीधी नियुक्ति के फैसले पर विवाद उठने के बाद अब केंद्र की एनडीए सरकार ने इस फैसले को वापस लेने का ऐलान किया है। हाल ही में 17 अगस्त को अखबारों में संघ लोकसेवा आयोग ने केंद्र सरकार के भीतर विभिन्न वरिष्ठ पदों पर लैटरल एंट्री के जरिए 'प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों' की तलाश के लिए एक विज्ञापन जारी किया था। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पद रिक्त हैं। विज्ञापन इन्हीं 45 पदों के लिए था। इससे पहले 2018 में भी तत्कालीन मोदी सरकार ने 57 पदों पर इसी तरह नियुक्तियां की थीं। लेकिन तब भाजपा बहुमत में थी और मनमाने फैसले लेकर उन्हें लागू भी कर देती थी। लेकिन इस बार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद नरेन्द्र मोदी को एनडीए के सहयोगियों के कारण हासिल हुआ है, इस वजह से वे मनमाने फैसले नहीं ले पा रहे हैं। नतीजा ये है कि सत्ता के ढाई महीनों में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने तीन फैसलों से पीछे हटना पड़ा है। पहले वक्फ बोर्ड संशोधन का विधेयक संसदीय समिति को भेजा गया, फिर ब्रॉडकास्ट विधेयक को टालना पड़ा और अब लैटरल एंट्री के फैसले को भी रद्द किया गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रमुख को पत्र लिखकर सिविल सेवा निकाय से लैटरल एंट्री के लिए अपना विज्ञापन रद्द करने को कहा है।

जितेंद्र सिंह के पत्र में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों का हवाला देते हुए, संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप लैटरल एंट्री की जरूरत का आह्वान किया गया, और विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधान का जिक्र किया गया है। यानी अब सरकार अगर लैटरल एंट्री लाती है तो उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा। इस पत्र में जितेंद्र सिंह ने जिस तरह से प्रधानमंत्री के हवाले से संविधान की भावना और आरक्षण की व्यवस्था का जिक्र किया है, वह साफ तौर पर दिखा रहा है कि केंद्र सरकार पर राहुल गांधी का दबाव असर कर रहा है। दरअसल 17 तारीख के विज्ञापन के फौरन बाद ही राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि यूपीएससी को दरकिनार करने और अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों को आरक्षण से वंचित करने के लिए लैटरल एंट्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में यह भी कहा था कि 'भाजपा का राम राज्य का विकृत संस्करण संविधान को नष्ट करना और बहुजनों से आरक्षण छीनना चाहता है।'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इसे आरक्षण को खत्म करने वाला फैसला बताया था। अखिलेश यादव ने तो बाकायदा चेतावनी दे दी थी कि अगर इस फैसले को सरकार ने वापस नहीं लिया तो वे 2 अक्टूबर से आंदोलन करेंगे। लालू प्रसाद यादव ने इस फैसले पर कड़ा विरोध दर्ज किया था। यहां तक कि भाजपा का परोक्ष साथ देने वाली बसपा प्रमुख मायावती ने भी इस फैसले पर बाकायदा ट्वीट कर अपना विरोध प्रकट किया था। शनिवार से लेकर सोमवार तक केंद्र सरकार के इस फैसले पर जब विपक्षी असहमति दर्ज करते हुए इसे संविधान पर प्रहार और पिछले दरवाजे से आरक्षण को खत्म करने की चाल बता रहे थे, तब केंद्र सरकार में एक अन्य केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका जवाब दिया था कि लैटरल एंट्री की व्यवस्था मनमोहन सिंह सरकार के वक्त की है। 2005 में, यूपीए ने वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग (एआरसी) की स्थापना की थी। अश्विनी वैष्णव ने यहां सीधी जिम्मेदारी पूर्व की कांग्रेस सरकार पर डाल दी और इसके अलावा भाजपा का भी यह आरोप था कि डा.मनमोहन सिंह, रघुराम राजन, सैम पित्रोदा और मोंटेक सिंह अहलूवालिया जैसे लोगों को कांग्रेस ने लैटरल एंट्री के जरिए ही रखा था। लेकिन अश्विनी वैष्णव और भाजपा ने यह नहीं बताया कि कांग्रेस के शासन में केंद्र सरकार में इस तरह थोक में नियुक्तियां नहीं की गईं, केवल चुनिंदा क्षेत्रों में विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के लिए इसका प्रावधान किया गया।

जाहिर है मोदी सरकार कांग्रेस पर उंगली उठाकर भी अपना बचाव नहीं कर सकी और इधर एनडीए के सहयोगी दल जदयू के नेता के सी त्यागी ने सरकार के फैसले के विरोध में कहा कि जब लोग सदियों से सामाजिक रूप से वंचित रहे हैं, तो आप योग्यता की तलाश क्यों कर रहे हैं? श्री त्यागी ने कहा कि ऐसा करके सरकार विपक्ष को एक मुद्दा तश्तरी में परोस रही है। एनडीए का विरोध करने वाले लोग इस विज्ञापन का दुरुपयोग करेंगे। राहुल गांधी सामाजिक रूप से वंचितों के चैंपियन बनेंगे। हमें विपक्ष के हाथों में हथियार नहीं देना चाहिए।' वहीं एलजेपी (रामविलास) अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा कि- 'किसी भी सरकारी नियुक्ति में आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इसमें कोई किंतु-परंतु नहीं है। निजी क्षेत्र में कोई आरक्षण मौजूद नहीं है और अगर इसे सरकारी पदों पर भी लागू नहीं किया गया तो गलत होगा।

जब एनडीए के सहयोगियों ने भी इस मुद्दे पर भाजपा का साथ नहीं दिया तो मोदी सरकार को यह फैसला वापस लेना पड़ा। इसके बाद नरेन्द्र मोदी को गठबंधन धर्म के पालन की नसीहत मिल रही है कि अब उन्हें मनमाने फैसले लेने की जगह सहयोगियों से विचार करके आगे बढ़ना चाहिए। दरअसल यहां मुख्य सवाल यह नहीं है कि श्री मोदी अपनी मनमानी कब छोड़ेंगे या किस तरह सत्ता का समीकरण साधेंगे। अहम प्रश्न यह है कि संविधान में दिए गए समानता के हक को कितने तरह से चोट पहुंचाने की कोशिशें और होंगी। दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों पर कब तक सुशासन और विकास के नाम पर कैंची चलती रहेगी। फिलहाल यह निश्चिंतता है कि जब तक राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं वे सरकार पर नजर बनाए रखेंगे, लेकिन लोकतंत्र में जनता के अधिकारों की रक्षा तभी होगी जब जनता लगातार जागरुकता दिखाए।

# सशक्त विपक्ष का स्वाद चख रही है मोदी सरकार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के विज्ञापन को रद्द करने का आदेश देना बतलाता है कि उन्हें मजबूत विपक्ष का कसैला स्वाद चखने को मिल रहा है। इस निर्णय का अर्थ है कि मोदी पर कई तरफ से लगाम लगने लगी है। एक ओर तो विरोधी दल और दूसरी ओर स्वयं सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने इस फैसले का विरोध किया है जिससे साफ है कि मोदी अब वैसी मनमानी नहीं कर सकेंगे जिस प्रकार से वे 2014 से लेकर 2024 तक के अपने दो कार्यकालों में करते आए हैं। यह लोकतंत्र के लिये एक अच्छा संकेत है। सरकार को विरोधी दलों के साथ सहयोगी घटकों से राय-मशविरा करने की आदत डालनी होगी। वैसे लोकतांत्रिक सरकारें चलाने का यही तरीका है जिसे दो ताकतवर सरकारों के रूप में मोदी भूल गये थे।

पिछली दो लोकसभा के लिये हुए चुनावों में भाजपा को जिस प्रकार से जनसमर्थन मिला था, उसने मोदी एवं उनके सिपहसालार अमित शाह को इतना निरंकुश बना दिया था कि ज्यादातर फैसले वे बगैर किसी की राय लिये करने लगे थे। नोटबन्दी हो या जीएसटी, तीन तलाक की समाप्ति हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का विलोपन, काले कृषि कानून हों या हिट एंड रन कानून- मोदी सरकार ने इन सभी कानूनों को बनाने या लागू करने में न तो अपने साथियों की राय ली और न ही विशेषज्ञों के विचार जाने; और न ही जनता की पसंद समझनी चाही। ये सभी कानून अचानक और बिना पूर्व जानकारी के लाये और लागू किये जाते रहे। अलबत्ता कृषि और हिट एंड रन सम्बन्धी कानूनों को सरकार को जनविरोध के चलते वापस लेना पड़ा। इसके बावजूद सच्चाई यह है कि पिछली दो मोदी सरकारों को जो मन में आता गया वह सब कुछ वह करती गई। कभी सीधा-सादा शासकीय आदेश जारी कर या कभी अध्यादेश निकालकर अथवा कानून बनाकर। यदि संसद में कानून बनाने में दिक्कत हो तो किसी न किसी बहाने से लोकसभा में हंगामा करवा दिया जाता था और कठपुतली बने लोकसभा व राज्यसभा के क्रमश: अध्यक्ष व सभापति कुछ या थोक में विरोधी नेताओं को निलम्बित कर कानून पास कराते रहे। नयी न्याय संहिता इसी तरह से पारित कराई गई थी।

370 और 400 पार के नारे लगाती आई भाजपा को उम्मीद थी कि बड़ा बहुमत मिल गया तो उसे तथा एनडीए को मनमाने कानून बनाने की छूट मिल जायेगी। प्रमुख लक्ष्य था संविधान को बदलना। उसके कई नेता और कई प्रत्याशी बाकायदे कहते रहे कि मोदी को 400 सीटें इसलिये चाहिये क्योंकि संविधान को बदलना है। इनमें अनंत हेगड़े, मेरठ से सांसद बने अरूण गोविल, अयोध्या से लड़े लल्लू सिंह, राजस्थान की ज्योति मिर्धा आदि शामिल थे। हालांकि चुनाव का अंतिम दौर आते-आते सर्वेक्षणों में सामने आने लगा था कि ऐसा नहीं होने जा रहा है, तो मोदी-शाह समेत सारे भाजपायी नेता और प्रचारक कहने



डॉ. दीपक पाचपोर

> वक्फ़ बोर्ड संशोधन अधिनियम को वापस लेना भी एक तरह से सरकार की हार माना जा रहा है। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिनों में सरकार इसे ले तो आई लेकिन संसद को दोनों सदनों में उसका तीव्र विरोध हुआ। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा इसके जरिये अपने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा ही बढ़ा रही है। दोनों सदनों में हुए प्रखर विरोध के चलते सरकार को इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपना पड़ा।

लगे कि ऐसा नहीं है और यह विपक्ष का भाजपा को बदनाम करने का तरीका है। वैसे जनता इस बात को जानती है कि भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरक्षण के खिलाफ हैं और संविधान बदलने का पहला कदम इसकी समाप्ति से ही होता। चूंकि भाजपा को 240 ही सीटें मिलीं और वह तेलुगु देसम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के बल पर खड़ी है, तो वह ऊंची आवाज़ में संविधान के पक्ष में नारे लगा रही है और मोदी यह कहकर खुद को आरक्षण का बड़ा संरक्षक साबित करने की कोशिश करते रहते हैं कि 'जब तक वे जीवित हैं, दलितों, ओबीसी एवं आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता।' आरक्षण की हिफाज़त और लोकतंत्र की दुहाई देने के साथ अब मोदी जी धर्मनिरपेक्षता पर काफी ज़ोर देने लगे हैं। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से उन्होंने जो भाषण दिया उसमें उन्होंने साफ किया कि 'देश का सिविल कोड कम्यूनल यानी साम्प्रदायिक है और वे ऐसा सिविल कोड लाएंगे जो सेक्यूलर होगा।' अब देखना होगा कि वे किस प्रकार का बदलाव नागरिक संहिता में लाएंगे, पर यह साफ है कि जिस सेक्यूलर शब्द से भाजपा-संघ के साथ-साथ उनके असंख्य समर्थकों को इतनी चिढ़ थी, अब उसी के प्रति उन्हें अपना अनुराग एवं आस्था दिखलानी पड़ रही है। सरकार के इस तरह से बदले-बदले से नज़र आने का राज़ भी उसकी कमजोरी और विपक्ष की मजबूती का प्रतिबिम्ब है। हाल में सरकार को अपने कई कदम पीछे लेने पड़े हैं।

जिस प्रसारण बिल के जरिये सरकार स्वतंत्र पत्रकारों, यूट्यूबरों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर कड़े नियंत्रण रखने वाला कानून लाने की तैयारी में थी, वह उसे वापस लेना पड़ा। दरअसल, यह मीडिया का वह फॉर्मेट है जिससे सरकार घबराई हुई है क्योंकि इसका असर बढ़ता जा रहा है। सरकार को यह लगा कि यदि इसे नाराज़ किया तो उसे दिक्कतें हो सकती हैं। वैसे भी सरकार समर्थक मीडिया का प्रभाव लगातार घट रहा है। वैसे तो सरकार ने इस पर पिछले साल लोगों से सुझाव मांगे थे पर इसके पहले कि इस पर कानून का प्रारूप लाये, उसे कुछ चुनिंदा लोगों को लीक कर दिया गया। इसमें अनेक ऐसे प्रावधान हैं जिनके जरिये सरकार डिजिटल प्लेटफार्मों पर दिखाये जाने वाले या प्रसारित होने वाले कंटेंट को पब्लिक डोमेन में रखने के पहले पब्लिशिंग कम्प्लायंस सर्टिफिकेट देगी। यह सेंसरशिप ही है। 90 से ज्यादा डिजिटल न्यूज़ पब्लिशर्स ने इस पर आपत्ति जताई जिसके चलते सरकार ने चुनिंदा प्रतिनिधियों के साथ बैठक तो की, लेकिन उनकी नाराज़गी को भांप लिया था। विपक्षी नेताओं ने भी इसकी आलोचना की थी। उनका भी मानना है कि बिल में कंटेंट को रेगुलेट, कंट्रोल, मॉनिटरिंग और सेंसर करने के प्रावधान है जिससे अभिव्यक्ति की आज़ादी को खतरा है। हालांकि सरकार का कहना था कि इससे हेट स्पीच, फेक न्यूज़ और अफवाहें फैलनी रूकेंगी। बहरहाल जनदबाव में यह बिल वापस लेना पड़ा। सरकार इसे सुधारकर पेश करने की बात कहती है, पर अब यह इतना आसान नहीं होगा।

वक्फ़ बोर्ड संशोधन अधिनियम को वापस लेना भी एक तरह से सरकार की हार माना जा रहा है। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिनों में सरकार इसे ले तो आई लेकिन संसद को दोनों सदनों में उसका तीव्र विरोध हुआ। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा इसके जरिये अपने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा ही बढ़ा रही है। दोनों सदनों में हुए प्रखर विरोध के चलते सरकार को इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपना पड़ा। पिछली लोकसभा को याद करें तो इलेक्टोरल बॉंड्स पर विपक्ष ने जेपीसी की मांग की थी परन्तु बहुमत के बल पर उस मांग को दबा दिया गया था। तीसरी बार सरकार को ऐसे मुंह की खानी पड़ी है कि संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के विज्ञापन को रद्द करने का आदेश खुद मोदी को देना पड़ा है। सरकार केन्द्रीय सचिवालय में कुछ पदों पर सीधी भर्ती करने जा रही थी जिसके लिये विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें आरक्षण नहीं था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह संघ के लोगों को सीधे ऊंचे पदों पर भरने की चाल है। अखिलेश यादव के साथ भाजपा की छिपी हुई मित्र कहलाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इसका विरोध किया। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तक इसे गलत बताया। यानी मोदी को चुनौती अब बाहरी ही नहीं, भीतर से भी मिलने लगी है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# इंडिया ब्लॉक पार्टियों को एक स्थिर सरकार देने के लिए हाथ मिलाना चाहिए

■ कल्याणी शंकर

जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें 90 विधायकों का चुनाव होगा। अगस्त 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद यह पहला चुनाव होगा।

नये चुनाव कराने में देरी कई सालों से विवाद का विषय रही है। हालांकि, समय-सीमा तय करने में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश महत्वपूर्ण था। अब जब चुनावों की घोषणा हो गई है, तो सभी राजनीतिक दलों ने इसका स्वागत किया है।

कश्मीर लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। दोनों देश कश्मीर पर दावा करते हैं, हालांकि वे इसके केवल एक हिस्से पर शासन करते हैं। पाकिस्तान ने इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण भी कर दिया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र में भी लाया गया है।

2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य को विभाजित करने के फैसले के बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। इस फैसले के कारण कश्मीर ने अपना झंडा, आपराधिक संहिता और संवैधानिक सुरक्षा खो दी। कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं। चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं। प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है।

> आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे। अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा।

गृह मंत्रालय ने बताया कि 2019 में सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या 80 से घटकर 2023 में 33 हो गई है और 2019 में 44 से घटकर 2023 में 12 नागरिकों मौतें हुई हैं।

पिछले राज्य चुनाव 2014 में हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में उच्च मतदान ने विधानसभा चुनावों को कराने के उत्साह को जन्म दिया है। कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है।

सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया। 2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गईं, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं। सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है।

भाजपा ने दावा किया कि धारा 370 को खत्म करने और कश्मीर में उसके बाद लागू की गई नीतियों ने क्षेत्र को बेहतर तरीके से विकसित किया है।

जम्मू और कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में, एनसी और पीडीपी ने फिर से उभार देखा। चुनाव ने उन्हें अपनी सदस्यता को पुनर्जीवित करने और लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को सामने लाने का मौका दिया। हालांकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन में से दो सीटें जीतीं, तथा तीसरी सीट के लिए कड़ी चुनौती पेश हुई।

इस क्षेत्र में आतंकवाद के इतिहास और चुनावों में धांधली के आरोपों के बावजूद, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनावों की व्यापक रूप से सराहना की गई। आगामी चुनाव धारा 370 के तहत क्षेत्र के विशेष दर्जे को रद्द करने के बाद जम्मू और कश्मीर को भारतीय संघ में पूरी तरह से एकीकृत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों का परीक्षण करेगा। यह चुनाव आयोग के लिए भी बिना किसी हिंसक घटना के चुनाव कराने की परीक्षा है।

राजनीतिक दलों ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें प्रचार रणनीति, गठबंधन और उम्मीदवार चयन शामिल हैं। कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनावों की योजना बनाने के लिए बैठकें की।

यदि विधानसभा चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। इसके अलावा, लोकसभा चुनावों के दौरान जिस ध्रुवीकरण और अलगाववादी कथानक ने जोर पकड़ा था, वह विधानसभा चुनावों के दौरान और तेज हो जायेगा।

2014 के जम्मू-कश्मीर चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 49 दिनों तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा, जब तक कि पीडीपी की महबूबा मुफ़्ती को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री नहीं बना दिया गया। बाद में भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण फिर से राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी गई और दिसंबर 2018 में राष्ट्रपति शासन फिर लागू कर दिया गया। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।

सरकार को यह तय करना होगा कि नरम अलगाववाद से निपटने के लिए कश्मीर घाटी में हस्तक्षेप करना है या चुनाव से पहले पुनर्गठन योजना पर विचार करना है।

संसदीय चुनावों के दौरान, कांग्रेस और एनसी ने गठबंधन किया था। एनसी ने कश्मीर में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने जम्मू और उधमपुर में चुनाव लड़ा। इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी को समायोजित नहीं किया गया और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ कश्मीर में तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे।

आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे।

अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा। कश्मीर चुनाव महत्वपूर्ण हैं और पूरा देश एक दशक के बाद एक लोकप्रिय सरकार का उदय देखेगा।

## ललित सुरजन की कलम से



### संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति

*'मोदी सरकार का लगभग ढाई साल का कामकाज जनता के सामने है। आज आवश्यकता उसके विभिन्न बिन्दुओं पर तर्कसम्मत ढंग से विचार करने की है। इसी तरह राज्यों में जो प्रवृत्तियां पनप रही हैं उनका भी अध्ययन और विश्लेषण होना चाहिए। देश के सामने बहुत से सवाल मुंह बाए खड़े हैं। अभी सातवां वेतनमान लागू हो रहा है। इसका क्या असर महंगाई और मुद्रास्फीति पर पड़ेगा? रुपए का और अवमूल्यन करने की वकालत एक वर्ग लगातार कर रहा है उसमें किसका स्वार्थ सिद्ध होगा? स्त्रियों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं, दलितों का आक्रोश दिनोंदिन बढ़ रहा है, आदिवासी, भूमिहीन कृषक, खेतिहर मजदूर उनके सामने अस्तित्व को बचाने का संकट है, अल्पसंख्यकों पर निरंतर हमले हो रहे हैं, कश्मीर का कोई समाधान सामने दिखाई नहीं देता।'*

*'यह पहली बार हुआ कि गुटनिरपेक्ष सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने भागीदारी नहीं की। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति का निधन हुआ तो भारत सरकार ने कोई भी नुमाइंदा अन्त्येष्टि में नहीं भेजा जबकि साल भर पहले ही प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान होकर आए थे। अमेरिका के प्रति झुकाव स्पष्ट दिख रहा है, लेकिन अमेरिका और चीन के साथ संबंधों में संतुलन कैसे साधा जाए तथा रूस के साथ दोस्ती को कैसे प्रगाढ़ किया जाए यह अभी शायद समझ नहीं आ रहा है।'*

*'देश के भीतर और बाहर दोनों मोर्चों पर इतने सारे पेचीदा मसले सामने हैं, लेकिन धिक्कार है उन पर जो इस सबके बीच संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति में डूबे हुए हैं।'*

**(देशबन्धु में 22 सितंबर 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/09/blog-post_22.html

## गुरवाणी विचार

### श्रीराम महला 3

सतिगुरु जिनी न सेविआ से कित आए संसार।
जम दरि बधे मारी अहि- कूक न सुने पुकार।
बिरथा जनम गंवाइआ मरि जमहि वारो वार।।

गुरुवाणी द्वारा तीसरे नानक अमरदासजी मानव मन को समझाते हुए कह रहे हैं कि जिस जिस जीव ने मानव जीवन पाकर भी प्रभु परमात्मा का सच्चा सेवक बनकर प्रभु बंदगी मेंमन नहीं रमाया उसका संसार में आना व्यर्थ ही गया। उसे फिर सांसारिक मोह माया में फंसे रहने का प्रायश्चित करना ही पड़ेगा अर्थात उसे बार बार किसी न किसी निकृष्ट योनि में वापस इस धरा पर आना पड़ेगा और उसका यह आवागमन का चक्कर तब तक खत्म नहीं होगा जब तक वह प्रभु सिमरन बंदगी में मन नहीं रमाता और बिना मानव शरीर पाए सिमरन बंदगी हो ही नहीं सकती। देवतागण भी इस मानव शरीर पाने के लिए तरसते रहते हैं-

इस देही को सिमरे देव,
इस देहि भजे हरि की सेव।

इसलिए हमारा मानव जीवन पर आना तभी सार्थक होगा जब हम प्रभु सिमरन बंदगी कर प्रभु परमात्मा की शरण की प्राप्ति कर लें। इंसान में एक प्रवृत्ति ऐसी है जो उसे प्रभु सिमरन बंदगी में रमने नहीं देती वह है लोभ की प्रवृत्ति इंसान को इधर से उधर, उधर से इधर भटकाती रहती है। क्रोधाग्नि पैदा करने के लिए लोभ अरणी की लकड़ी के समान है। इस लकड़ी को घिसने से आग उत्पन्न हो जाती है। लोभ पैदा हो जाने पर वह एक दूसरे को ठगना शुरू कर देते हैं और यहीं से क्रोद का उदय होाता है। जिस तरह से सोहागा सोने को गला देता है इसी तरह प्रबल हो जाता है तो वह हमारी बुद्धि और चेतना को भी आच्छादित कर देता है। फिर हमें माया भी आ घेरती है। माया के चंगुल में गलतान होकर हम अपने जनम को ही भूल जाते हैं।

दात पिआरी बिसरयो दातार। प्रभु परमात्मा को भुलाने के कारण हम जब हम धरमराज की कचहरी मेंप्रभु परमात्मा द्वारा चित्रगुप्त की नियुक्ति की गई है जो इंसान के प्रतिक्षण की प्रतिदिन की किये जा रहे कार्य का लेखा-जोखा रख रहा है। हमें उसी के अनुसार दंड या इनाम मिलने वाला है। इनाम के रूप में इस धरा पर फिर मानव जीवन या प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में स्थान जहां से फिर हमें हमेशा आनंद की अनुभूति होती रहेगी और दंड के रूप में इसी धरा पर वापस किसी कीड़े-मकोड़े की योनि में भेजा जा सकता है। हमें हमारे कर्मों के अनुसार किसी भी योनि में भेज सकते हैं। अगर हमने प्रभु बंदगी, भजनकीर्तन में मन नहीं लगाया तो सांसारिक मोह माया में ही फंसे रहे तो फिर हमें यमदूतों की मार से कोई छुड़ा नहीं पाएगा। नाते रिश्ते, माता-पिता, भाई-बहन इस संसार में रहते तक ही साथ देने वाले हैं- मात पिता भाई सुत बनिता इस्ट मीत और भाई। पूरब जनम के मिले संजोगी अतें को न सहाई।

अंत में हमारे साथ हमारे द्वारा किए गए सतकर्म और प्रभु बंदगी से प्राप्त पूंजी ही हमारा साथ सांची दरगाह में काम आने वाली है-

साथ न चले बिन भजन बिखिया सगली छार।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### गांवों में शिक्षा और रोज़गार की चुनौती

जब भी हम देश में किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करते हैं तो पहला ध्यान गांव की ओर जाता है। इसलिए केंद्र से लेकर सभी राज्यों की सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों को ध्यान में रख कर ही अपनी योजनाएं तैयार करती हैं। इस मामले में शिक्षा और रोज़गार सबसे महत्वपूर्ण विषय होता है. जो न केवल गांव बल्कि देश और समाज का भविष्य भी तैयार करता है. शिक्षा के मुद्दे पर स्कूल की बिल्डिंग, लैब की सुविधा, सभी विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति और मिड डे मील की सुविधा के साथ-साथ गांव से स्कूल की दूरी और लड़कियों की स्कूल तक आसान पहुंच अहम पहलू साबित होता है. यह वह मुख्य बिंदु होते हैं जो स्कूल में छात्रों की उपस्थिति और शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को बढ़ाता है वहीं शिक्षा के बाद रोज़गार हासिल करना एक ऐसी चुनौती है जिससे ग्रामीण युवा सबसे अधिक जूझ रहा है। राजस्थान का धुवालिया नाड़ा गांव भी इसका एक उदाहरण है जहां बच्चों को शिक्षा तो मिल रही है लेकिन युवा रोज़गार की तलाश में भटक रहा है।

इस संबंध में 10वीं में पढ़ने वाली 15 वर्षीय निशा कहती है कि मुझे पढ़ना बहुत अच्छा लगता है। गांव से हम चार लड़कियां है जो अगले वर्ष दसवीं की परीक्षा देंगी। सभी विषयों के शिक्षक भी हमें पढ़ाने में रूचि रखते हैं। हालांकि हाई स्कूल गांव से दो किमी दूर है। जहां हमें प्रतिदिन जाना होता है लेकिन आने-जाने का रास्ता बहुत सुनसान है, इसलिए बहुत से अभिभावक अपनी लड़कियों को वहां भेजना नहीं चाहते हैं। वह हमारे माता-पिता पर हमें स्कूल नहीं भेजने का दबाव डालते हैं। लेकिन इसके बावजूद हम लड़कियां स्कूल जाती हैं। निशा कहती है कि शिक्षा प्राप्त कर वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को देखकर उसे अपना ख्वाब पूरा होते नज़र नहीं आता है। इसके बावजूद शिक्षा के प्रति उसके उत्साह में कोई कमी नहीं है।

हमारे देश में सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को ध्यान में रखते हुए कई लाभकारी योजनाएं संचालित करती है, इनमें रोज़गार से जुड़ी कई योजनाएं भी होती हैं। लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि ग्रामीण इन कल्याणकारी योजनाओं का बहुत अधिक लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसका एक कारण जहां संबंधित विभाग द्वारा जमीनी स्तर पर इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार में कुछ कमी का रह जाना होता है, तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का इस संबंध में पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होना भी एक बड़ा कारण होता है। लेकिन जिन ग्रामीण क्षेत्रों की जनता सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होती है, वह इसका भरपूर लाभ उठाती हैं और स्वयं में बदलाव लाने का प्रयास करती है। इसमें शिक्षा की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है जो जागरूकता का एक प्रमुख माध्यम बनता है। धीरे-धीरे ही सही, धुवालिया नाड़ा में जिस प्रकार शिक्षा का रुझान बढ़ा है, रोज़गार की चुनौती का भी हल इसी से निकलेगा क्योंकि शिक्षा और रोज़गार दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

**हारून खान, अजमेर, राजस्थान**

CMYK

देशबन्धु

संस्कारधानी

5 बिलासपुर

बुधवार,21 अगस्त 2024

**उल्टा पुल्टा**

यमराज- मौत का नाम सुनकर डर नहीं लगता है क्या?
संता- नही।
मौत आनी है तो आये पर ट्विटर पर एकाउंट नही सस्पेंड होना चाहिए।

# पीडीएस का चावल खरीदने वाले दुकानदारों पर होगी सख्त कार्रवाई- कलेक्टर

## चावल बेचने वालों का भी राशन कार्ड होगा निरस्त,टीएल बैठक में लंबित मामलों की समीक्षा






**बिलासपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा है कि पीडीएस का चावल खरीदने वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार चावल बेचने वाले का भी राशन कार्ड निरस्त किया जाएगा। कलेक्टर ने इस आशय के आदेश आज इस टीएल की बैठक में दिए। उन्होंने बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर और झोलाछाप डॉक्टरों पर भी लगातार कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने आज टीएल बैठक में लंबित मामले और राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, एडीएम आर.ए. कुरूवंशी सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद थे।जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजना है इसके लिए अभियान चलाकर पीव्हीटीजी के हितग्राहियों को सेचुरेशन लेवल हासिल करने तक लाभान्वित किया जाए। इसके लिए 23 अगस्त से 15 दिन का विशेष अभियान चलाने कहा। उन्होंने फोटो युक्त मतदाता सूची के लिए आज से शुरू हुए डोर-टू-डोर सर्वेक्षण कार्य को गंभीरता से करने कहा। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्कूल में कोई अवैध कब्जा है तो सभी एसडीएम तत्परता से कब्जा हटाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के बचे हुए प्रकरणों पर तेजी से निर्णय लेने के निर्देश दिए। लंबे समय से नदराद अधिकारी-कर्मचारी पर भी शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई करने कहा।

### वन विभाग को मिला स्वच्छता पुरस्कार

स्वच्छ भारत मिशन एवं पर्यटन विभाग के समन्वय से स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग का शुभारंभ किया गया है जिसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों में अतिथियों के ठहरने के लिए रिसॉर्टस, होटल, होमस्टे एवं धर्मशाला जैसी कई अतिथि सत्कार सुविधाएं है जो ग्रामीण क्षेंत्रों में आवास सुविधाएं प्रदान करती है। वन विभाग के ग्रीन वैली रिसॉर्टस शिवतराई को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, फिकल स्लज प्रबंधन एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के निर्धारित मापदंड के अनुसार सर्वाधिक अंक मिला। कलेक्टर ने टीएल की बैठक में डीएफओ को ग्रीन लीफ रेटिंग का प्रमाण पत्र एवं मोमेन्टो दिया।

## संपादकीय

### बच्चों के साथ क्रूरता कब तक !

*वैसे तो समाज के लगभग सभी कमजोर तबकों के साथ क्रूरता होती रहती है, जिनमें महिलाएं, गरीब, दलित, मजदूर आदि हैं परन्तु बच्चों के साथ यह सबसे अधिक होती है। बड़ों के हाथों अनगिनत बच्चे प्रताड़ित और उत्पीड़ित होते हैं। कई तो इसके कारण विकलांग तक हो जाते हैं या फिर जान भी गंवा बैठते हैं। अनेक ऐसे भी मिल जाएंगे जो उन्हें बचपन में मिली प्रताड़ना के कारण जीवन भर घबराये हुए होते हैं। उनके व्यक्तित्व में बड़ी कमजोरी आ जाती है जिसका उनकी शिक्षा से लेकर कैरियर और वैवाहिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बचपन में अभिभावकों, घर के बड़े सदस्यों और शालाओं में शिक्षकों के हाथों भी उन्हें उत्पीड़न झेलना पड़ता है। दुर्भाग्य से भारतीय समाज में यह भी अवधारणा है कि बच्चों के साथ मार-पीट जायज होती है और यह पालकों, बड़े भाई-बहनों या अन्य रिश्तेदारों के द्वारा प्रताड़ना कोई गलत व्यवहार नहीं है। इसी प्रकार यह भी मान्यता है कि जब तक छात्र-छात्राओं को शिक्षक मारेंगे नहीं उन्हें विद्यार्जन नहीं होगा। शालाओं में भी बच्चे शिक्षकों के द्वारा प्रताड़ित होते हैं। कहने को अध्ययन सम्बन्धी त्रुटियों को लेकर उन्हें मारा जाता है लेकिन कई बार वह इतना अधिक हो जाता है कि उससे कभी बच्चों का सर फट जाता है तो कभी कान बेकार हो जाता है। कई बार गम्भीर चोटें भी लग जाती हैं। वैसे कानून बन जाने के बाद अब शिक्षकों पर थोड़ा अंकुश तो लगा है लेकिन अभी भी बच्चे इससे पूर्णतः मुक्त नहीं हुए हैं। आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में बच्चों का उत्पीड़न कमोवेश जारी है।*

*घरों की बात करें तो कई बार माता-पिता उन्हें अपने गुस्से का शिकार बनाते ही रहते हैं। यदि वे गुस्सैल स्वभाव के हों तो उनके हाथों बच्चे नियमित तौर पर पिटते रहते हैं। इससे उनका घर ही उनके लिये नर्क बन जाता है। वे डरे-सहमे रहते हैं जिसके कारण उनका उनका नैसर्गिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। इससे भी अधिक खतरनाक यह होता है कि उनकी जान को हर घड़ी खतरा बना रहता है। गुस्से में अपने बच्चों को मारना तो छोटी बात है, बच्चों को ऊपर से फेंकने, कुएं में गिराने, गर्म वस्तु से दागने या हाथ-पैर तोड़ देने की घटनाएं होती रहती हैं। यदि घर में किसी को नशे की आदत हो या कोई सनकपूर्ण व्यवहार करता हो तो बच्चे हमेशा प्रताड़ित होते हैं और उनके प्राण ही दांव पर लगे होते हैं। छोटे होने के नाते वे प्रतिरोध नहीं कर पाते या आत्मरक्षा में असमर्थ होते हैं। जांजगीर-चाम्पा के भोजपुर रेलवे फाटक के पास एक सनकी व्यक्ति ने अपनी 8 एवं 6 वर्षीय बेटियों को इतना मारा कि एक की मौत हो गई और दूसरी गम्भीर है। बच्चों को इन परिस्थितियों से बचाकर महफूज़ रखना होगा।*

## सार-संक्षेप

### मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में स्टेशन सहायकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



**बिलासपुर ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। मंडल प्रशासन द्वारा स्टेशन सहायकों को उनके कार्यस्थलों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ अथवा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की विशेष पहल की गई है । इसी संदर्भ में मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा आज मंडल के बिलासपुर स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में स्टेशन सहायकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 53 स्टेशन सहायकों के स्वास्थ्य की जांच की गई । इस दौरान स्टेशन सहायकों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट जांच के साथ ही विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई । साथ ही 24 स्टेशन सहायकों का टीकाकरण भी सुनिश्चित किया गया। शिविर में अनुबंधित चिकित्सक डॉ. पी के सरदार एवं चिकित्सक डॉ. जिशान, डॉ अथिशु व वरि. मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिषेक द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई तथा चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की । इस दौरान चिकित्सकों द्वारा स्टेशन सहायकों को विभिन्न बीमारियों के लक्षण, प्रकार, बीमारियों से होने वाली हानियां तथा बचाव हेतु परहेज करने के साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धित परामर्श भी दी गई।

### लिपिक क्रान्ति का शंखनाद, प्रदेश भर के लिपिकों का जिले में प्रदर्शन 23 को

**बिलासपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश भर के लिपिक सभी जिलों में भोजन अवकाश में प्रदर्शन करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने बताया की दरकार ने मोदी की गारंटी वाले संकल्प पत्र में 100दिनों के भीतर कर्मचारियों की समस्या पर निराकरण की बात कही थी नई सरकार गठन के सात माह बीत जानें के बाद भी लिपिक वेतनमान सुधार की सकारात्मक पहल नही होने से प्रदेश भर के लिपिक आक्रोशित हैं प्रांतीय निकाय के आह्वान पर लिपिक 23 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे, और 30अगस्ता को राजधानी रायपुर में आयोजित लिपिक महापंचायत महा बैठक में आगमी निर्णय लेंगे, श्री तिवारी ने बताया की अगस्ता माह अगस्त क्रान्ति के नाम से जाना जाता है कर्मचारी इतिहास में 23अगस्त को लिपिक क्रान्ति के नाम से जाना जायेगा उन्होने प्रदेश के लिपिकों से आंदोलन को सफल बनाने का ऐलान किया है।

### दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने शिविर 27 से

**बिलासपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्का) जबलपुर द्वारा जिले के दिव्यांगजनों को सामाजिक निगमित दायित्व (सी.एस.आर) योजना के तहत निःशुल्क मोटराइज्ड ट्रायसाईकिल, ट्रायसायकल, व्हील चेयर बैसाखी, ब्रेल किट, स्मार्ट फोन, सुगम्य केन आदि के वितरण करने से पहले शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तखतपुर ब्लॉक के शासकीय माध्यमिक शाला छतौना में 27 अगस्त, बिल्हा ब्लॉक के उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस, बिलासपुर में 28 अगस्त, तखतपुर ब्लॉक के सांस्कृतिक भवन तखतपुर में 29 अगस्त, कोटा ब्लॉक के जनपद पंचायत कोटा में 30 अगस्त, मस्तूरी ब्लॉक के मंगल भवन मस्तूरी में 31 अगस्त तक शिविर आयोजित किया गया है। शिविर के आयोजन का समय सुबह 10 से दोपहर 2 बजे किया गया है। शिविर में सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे को नोडल अधिकारी मो. 9425535433 एवं सहायक कलाकार एल.डी. भांगे को सहायक नोडल अधिकारी मो. 7000698652 बनाया गया है। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोगी के लिए बैठक, पानी, स्वल्पाहार, आहार एवं छाया आदि व्यवस्था करेंगे।

# राजीव गांधी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे-विजय

### कांग्रेसियों ने जरहाभाठा और जिला पंचायत परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न , स्व.राजीव गांधी की जयंती मनाई




**बिलासपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) द्वारा 20 अगस्त को राजीव चौक जरहाभाठा और जिला पंचायत परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न , स्व राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई और उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजन याद किये। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा राजीव गांधी जी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे ,अपने संक्षिप्त कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपना नाम अंकित कराए, उन्होंने देश हित मे पांच ऐसे कार्य किये जो इतिहास में मिल का पत्थर साबित हुआ ,पंचायती राज के माध्यम से महिलाओं को 33त्न आरक्षण , दल-बदल कानून , कम्प्यूटर युग का प्रारम्भ,18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार देना, 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाकर युवाओ को नई दिशा दी , तत्कालीन विपक्ष ने कम्प्यूटर का जितना विरोध किया आज वही सेक्टर सबसे ज्यादा नौकरी देने वाला है ।

राजीव गांधी जी के समय देश के अंदर आतंकवाद अपना पैर जमा रहा था ,कश्मीर,पंजाब व पूर्वोत्तर में , पर स्व राजीव जी ने सूझबूझ के साथ पंजाब ,मिजोरम,असम ,अरूणाचल प्रदेश,सिक्किम से समूल नष्ट कर दिए। आज केंद्र में बैठी सरकार एक स्टेट को नही सम्भाल पा रही है , मणिपुर की समस्या को हल करने में नाकाम रही है और केंद्र सरकार की रवैया भी उसी तरह की है रोम जल रहा है और नीरो बांसुरी बजा रहा है। संयोजक ज़फ़र अली ,हरीश तिवारी ने कहा कि स्व राजीव गांधी जी का राजनीति में आना एक संयोग था, शांत,सौम्य, राजीव जी में संगठन और सत्ता चलाने की अद्भुत कला थी, उन्होंने अंतरार्ष्ट्रीय मंच पर श्रीलंका में शांति समझौता, मालदीव में तख्ता पलट पर राष्टपति को मदद करना, सियाचिन को पुनः प्राप्त करना,जैसे बड़े बड़े कार्य किया,राजीव जी ने हमेशा विपक्ष को सम्मान दिये,उनका मानना था कि प्रजातन्त्र तभी तक स्वस्थ रहेगा जब तक विपक्ष मजबूत रहेगा ,उन्होंने शांति और निशस्त्रीकरण कर पर जोर दिया । 21 मई 1991 को एक आतंकवादी आत्मघाती दस्ते ने उनकी हत्या कर दी और उनका निधन हो गया । कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,संयोजक जफर अली, हरीश तिवारी, विनोद ,त्रिभुजन कश्यप,प्रवक्ता अभय नारायण राय,देवेंद्र सिंह,राकेश शर्मा,ऋषि पांडेय,समीर अहमद,जावेद मेमन,जगदीश कौशिक, अजय यादव,स्वर्णा शुक्ला,सीताराम जायसवाल,रमाशंकर बघेल,अजय यादव, वीरेंद्र सारथी,राजेन्द्र सारथी, रामदुलारे रजक,गौरव एरी,अन्नपूर्णा धुर्व,शुभ लक्ष्मी,राजेश शर्मा, जिग्नेश जैन,वसीम बक्श,हेरि डेनिएल,मोह अयूब,अतहर खान,गणेश रजक,आशु शर्मा,आदि उपस्थित थे।

### लंबे समय से नदारद एक और कर्मचारी बर्खास्त

**बिलासपुर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिना अनुमति लंबे समय से अनुपस्थित आकस्मिक निधि परिचारक को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक ने परिचारक संजय यादव की बर्खास्तगी के आदेश जारी किए हैं।

संयुक्त संचालक डॉ. जी.एस.एस. तंवर ने बताया कि 3 वर्ष से ज्यादा समय से अनुपस्थित रहने वालों की सेवा समाप्ति के आदेश शासन द्वारा दिए गए है। इसी क्रम में बिल्हा ब्लॉक के पशु औषधालय पासीद में पदस्थ परिचारक श्री संजय यादव के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है।

वे बिना अनुमति के दिनांक 17 दिसम्बर 2019 से कार्यालय में अनुपस्थित रहे हैं। उन्हें इस संबंध में बारम्बार पत्र प्रेषित किया गया। 31 मई 2024 को समाचार पत्र के जरिए उपस्थिति के लिए नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन उनके द्वारा उपस्थिति नहीं दी गई।

लंबी अवधि तक अनुपस्थित रहने के कारण संजय यादव को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा 1966 के नियम 10 के तहत तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से बर्खास्त किया गया।

# तरोताज़ा ज़िंदगी जीने रक्तदान करें- पायल लाठ

### पायल लाठ की मिसाल- 30वीं बार रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया




**बिलासपुर** ,20 अगस्त (देशबन्धु)। रेड डायमंड होटल में हेल्पिंग हैंड्स क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पायल एक नया सवेरा वेलफ़ेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल शब्द लाठ ने 30वीं बार रक्तदान कर एक मिसाल पेश की। इस अवसर पर पायल शब्द लाठ को मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।पायल शब्द लाठ बिलासपुर छत्तीसगढ़ में एक अरसे से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और उन्होंने हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करने की कोशिश की है। उनका यह 30वां रक्तदान एक मिसाल है जो दूसरों को भी प्रेरित करेगा और वे भी रक्तदान के लिए आगे आएंगे।पायल शब्द लाठ का यह कार्य न केवल उनके सामाजिक योगदान को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे एक व्यक्ति अपने जीवन को दूसरों की सेवा में समर्पित कर सकता है। पायल ने कहा कि स्वस्थ और निरोग जीवन जीने के लिए रक्तदान करना जरूरी है। रक्तदान कर हम तरोताजा ज़िंदगी जी सकते हैं। मैं उम्मीद करती हूँ कि दूसरे लोग भी रक्तदान के लिए आगे आएंगे और वे भी समाज के लिए कुछ करने की कोशिश करेंगे।

# भिलाई विधायक को रिहा नहीं किया गया तो प्रदेश भर में यादव समाज करेगा आंदोलन

## बेकसूर विधायक के साथ न सिर्फ यादव बल्कि सर्वसमाज खड़ा है




**बिलासपुर,**20 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर यादव समाज के पदाधिकारी मंगलवार को प्रेस क्लब पहुंचकर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का जमकर प्रतिकार किया। उन्होंने कहा की देवेंद्र यादव विघटनकारी तत्वों के साथ कभी खड़े नहीं हुए हैं। अनुसूचित जाति समाज के आमंत्रण पर बलोदा बाजार जाकर उन्होंने उनके धरना प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर उनके हितों के लिए संघर्ष किया था। उनके वहां से जाने के बाद विघटनकारी तत्वों ने वहां उत्पाद मचाया जिसमें भिलाई विधायक की कोई भूमिका नहीं थी, मगर राजनीतिक कटुता के कारण लोगों ने कांग्रेस विधायक को इस केस में फंसा दिया है। समाज के लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए।

अगर उन्हें निशर्त रिहा नहीं किया गया तब ऐसी स्थिति में प्रदेश के सभी जिलों में समाज द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस में ओबीसी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीरालाल यादव,युवा यादव समाज के जिला अध्यक्ष अमित यादव,यादव समाज के जिला अध्यक्ष शिवशंकर यादव,समाज के प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर यादव,युवा प्रकोष्ठ आकाश यादव,प्रवक्ता वीरेंद्र यादव,सहसचिव सुनील यादव,अनिल यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजनीति में यादव समाज का कोई व्यक्ति जब अपने बलबूते पर आगे बढ़ता है तो उसे रंजिश कर फंसा दिया जाता है। उसका राजनीतिक कैरियर ही खत्म कर दिया जाता है। बलोदा बाजार वाली घटना में भी भिलाई विधायक के साथ भी कुछ इसी तरह किया जा रहा है। कोई ठोस सबूत नहीं है उसके बाद भी उनके ऊपर झूठी एफआईआर कर धारा 307,148,147,294 जैसी लगभग 20 गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तारी की गई है। समाज ने इस बात पर भी आपत्ति दर्ज कराई कि गिरफ्तारी के बाद अब तक यादव परिवार को एफआईआर की कॉपी तक नहीं दी गई है,जिसकी यादव समाज निंदा करता है।

### हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा




**बिलासपुर ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12222/12221 हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । यह सुविधा हावड़ा से दिनाँक 22 व 24 अगस्त 2024 को एवं पुणे से दिनाँक 24 व 26 अगस्त 2024 को उपलब्ध रहेगी । इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## सार-संक्षेप

### मंगल भवन में किया गया ध्वजारोहण



कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली ने साडा कॉलोनी स्थित अग्र मंगल भवन में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बैद्यनाथ भवानी, सचिव मनोज अग्रवाल, महेश अग्रवाल, डीडी अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अजय कुमार, प्रमोद अग्रवाल, राजूभाई गोयल, सत्यभामा देवी, उमा देवी अग्रवाल, संगीता पालीवाल, सविता अग्रवाल, रेखा सिंघानिया, संतोष देवी, कौशिल्या देवी, वर्षा महेश्वरी, प्रियंका अग्रवाल, अल्का अग्रवाल, शालू अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, निक्की, अग्रवाल, केशव अग्रवाल, अजय अग्रवाल सहित अग्रवाल सभा दर्री जमनीपाली के सदस्यगण उपस्थित थे। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सत्यभामा अग्रवाल ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मारवाड़ी मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष सुरेश बालाजी ने आभार व्यक्त किया।

### दिव्य ज्योति छात्रावास में ध्वजारोहण



कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब कोरबा द्वारा दिव्य ज्योति रोटरी छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। दिव्य ज्योति छात्रावास में रोटरी क्लब कोरबा के अध्यक्ष मुकेश जैन एवं इनरव्हील क्लब के अध्यक्ष बॉबी धंजल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात मूक-बधिर दिव्यांग छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### बीईओ लाल ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा डी. लाल के द्वारा मंगलवार को विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के हाई स्कूल पचरा, माध्यमिक शाला सलिहाभाठा, पचरा, प्राथमिक शाला सलिहाभाठा, खुर्रूभाठा, गौरछापर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जिम्मेदार लोगों को स्कूलों की साफ-सफाई, नाश्ता/मध्यान्ह भोजन, अध्यापन व्यवस्था, अध्यापक दैनंदिनी, बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं शाला की आवश्यकता वाली विभिन्न पंजियों के संधारण हेतु निर्देशित किया गया।

### भारत रत्न स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का 80 वां जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। स्व. राजीव गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण बाद कांग्रेस जनों द्वारा पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि राजीव गांधी का अभूतपूर्व योगदान महिला वर्ग को सत्ता में अधिकाधिक भागीदार बनाने के लिए रहा। उन्होंने महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में 33 प्रतिशत की भागीदारी हेतु रूपरेखा पहले से ही बना दी थी जिसका वर्तमान में सुपरिणाम देखने को मिल रहा है। जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्राम रंजना में उनका आगमन हुआ था। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, मो. शाहिद, रवि चंदेल, बच्चू मखवानी, बनवारी पाहुजा, कमल रोहरा आदि उपस्थित थे।

### ओबीसी कोल एम्पलाईज वेलफेयर के अजीज अध्यक्ष, अशोक महामंत्री



कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन केन्द्रीय कार्यालय एनसीसील कालोनी सिंगरौली, जोनल कार्यालय बी-51 एसईसीएल कालोनी इंदिरा विहार बिलासपुर के मंगला सिंह यादव महासचिव (के) बैकवर्ड क्लास (ओबीसी)कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर जोन छत्तीसगढ़ कैम्प विश्रामपुर जिला सूरजपुर के द्वारा दीपका के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों का गठन किया गया है। अध्यक्ष, कार्यकारिणी अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, एक महामंत्री, तीन उपमहामंत्री, तीन संगठन मंत्री, कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित 12 कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई हैं। दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय कमेटी में अध्यक्ष शमश परवेज अजीज दीपका परियोजना वरिष्ठ ओव्हरमैन, महामंत्री अशोक कुमार यादव दीपका परियोजना केमिस्ट को दायित्व दिया गया है।

# चौकीदार ही चोर निकला, खरीदार सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

## सुराकछार खदान में वारदात के तीन फरार आरोपियों की तलाश जारी



**कोरबा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। एसईसीएल के सुराकछार मेन माइंस में आधी रात चौकीदार को बंधक बनाकर लूटपाट व चोरी को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात का योजनाकार चौकीदार ही निकला। उसके सहित कुल 5 आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं, 3 आरोपी फरार हैं।

सुराकछार बल्गी उपक्षेत्र के मेन माइंस में 12-13 अगस्त की मध्य रात्रि कांटाघर क्रमांक-2 व 3 की सुरक्षा में तैनात चौकीदार पुरेन्द्र कुमार मन्नेवार 30 वर्ष निवासी एसबीएस कालोनी को रात करीब ढाई बजे बंधक बना लिया। एक चोर ने हेक्सा ब्लेड से हाथ-पैर काटने की धमकी देते हुए सिर पर वार किया। अन्य साथी कांटाघर क्रमांक-3 में घुसकर वहां रखे सामानों की चोरी कर लिए और तोड़फोड़ भी किया। पुरेन्द्र का सिम लगा मोबाइल जाते-जाते छीन कर ले गए। रात्रि गश्त के दौरान त्रिपुरा स्टेट रायफल्स के 2 जवान और वाहन चालक पहुंचे तब जाकर पुरेन्द्र बंधनमुक्त हो सका। कुल 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ। पुरेन्द्र की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की।

### चोरी का मोबाईल मिलने से खुला राज, संदेही तलब किए गए

खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि टीम ने चौकीदार के चोरी मोबाईल को सुराकछार निवासी अश्वनी कैवर्त पिता सुरेश कुमार 31 वर्ष से बरामद किया। हिरासत में लेकर पूछताछ बाद निशानदेही पर उसके घर के सिम जप्त हुआ। अश्वनी के बयान से मुकेश साहू पिता स्व. दुखीराम 40 वर्ष बांकीमोंगरा एवं राकेश साहू पिता मनीराम 29 वर्ष निवासी कपाटमुड़ा कुसमुंडा को तलब कर पूछताछ में चौकीदार पुरेन्द्र कुमार से मिलकर षड्यंत्रपूर्वक वारदात का खुलासा हुआ। इन चारों के विरुद्ध धारा 61 (ख), 229 (2), 331 (4), 306, 305, 217, 248, 238 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इनसे चोरी का सामान खरीदने वाले देवीनारायण उर्फ मनखा उर्फ मोन्टु पिता जोगिन्दर चौधरी 26 वर्ष घुड़देवा बांकीमोंगरा को धारा 317 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### खुद ही बंधवाया और चोट पहुंचाया

एसपी ने बताया कि चौकीदार पुरेन्द्र मन्नेवार के द्वारा सब्जी काटने वाले चाकू से फुल पैन्ट को आरोपी अश्वनी से कटवाया गया फिर खुद को लोहे के खंभा से बंधवा लिया। हेक्सा ब्लेड से हल्की चोट अपने माथा में अश्वनी से लगवा लिया तथा बांये पैर में चोट पहुंचवा लिया। कांटाघर की चाबी जेब से निकालकर आरोपियों को दिया व कांटाघर के अंदर भेज दिया जहां से बैटरी, डीवीआर, कम्प्यूटर सेट चोरी किया गया। बाद में अपने मोबाईल को भी अश्वनी कैवर्त को दे दिया।

# पूर्व सरपंचों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई का विरोध

### जनहित में अधिकारियों की उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं : मरकाम




कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ब्लॉक ईकाई पाली द्वारा मंदिर चौक पाली में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। एसडीएम पाली को सूचना देकर विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों एवं पूर्व सरपंच के विरुद्ध राजनैतिक षड़यंत्र के तहत एकतरफा किए गए कार्यवाही को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं ।

मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 2015-16 में स्वीकृत निर्माण कार्यों को लेकर पूर्व सरपंचों के विरुद्ध तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली द्वारा रिकव्हरी कार्यवाही करते हुए सरपंचों पर अमानत में खयानत के तहत मामला दर्ज कर एसडीएम पाली में प्रकरण दर्ज किया गया था जिसके विरुद्ध प्रभावित सरपंचों ने हाई कोर्ट के शरण लिए हैं। प्रभावित सरपंचों के द्वारा संबंधित समस्त कर्मचारियों को भी शामिल करने की मांग करते हुए विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम से मुलाकात कर उचित कार्यवाही का आग्रह किया गया है। जिसके संदर्भ में शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वाधान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु किया गया। इसमें शामिल विधायक श्री मरकाम ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भोले-भाले 16 आदिवासी सरपंचों को प्रताड़ित करने का यह एक राजनैतिक षड्यंत्र है क्योंकि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत जो निर्माण कार्य हुआ था, जिसका मूल्यांकन होने के 1 वर्ष बाद पुनः मूल्यांकन के नाम पर रिकव्हरी का भय दिखाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जो आज भी जारी है। इसे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी कर्मचारियों को भी पार्टी बनाया जाए। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक ही रात टूटे 6 घरों के ताले



कोरबा-पाली, 20 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बने आवास गृह हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक ही रात 6 घरों के ताले टूटने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाली थाने में दर्ज कराई गई है और पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

उल्लेखनीय है कि एक माह के भीतर इस कॉलोनी में दूसरी बार चोरों ने धावा बोला है। कुछेक सप्ताह पूर्व चार घरों में ताले टूटे थे, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस बीच पुनः इस चोरी की घटना घटित हुई है जिससे चोरों के दुस्साहस का पता चलता है। बताया जाता है कि रक्षाबंधन के लिए कई अधिकारी कर्मचारी अपने घर गए हुए थे। आज सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनके घरों के ताले टूटे हुए हैं और इसकी सूचना पुलिस में करते हुए आनन-फानन में अपने घर वापस आए हैं। चोरों ने क्या-क्या चुराया है अभी इसकी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। मौके पर पाली पुलिस पहुंची है लेकिन चोरी की सिलसिलेवार घटना ने पुलिस की कथित गश्त की पोल खोल दी है। इस कॉलोनी में एसडीएम, तहसीलदार से लेकर कई अधिकारी कर्मचारी निवास करते हैं। यह पाश कॉलोनी पाली से केराझरिया मार्ग पर स्थित है जहां चोरों ने बड़े आराम से एक माह के भीतर दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दिया है। पुलिस की जांच जारी है।

# पीएम जनमन अंतर्गत 23 अगस्त से 10 सितंबर तक पीवीटीजी क्षेत्रों में लगेंगे शिविर



### विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश

कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा कर पीएम जनमन अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पीवीटीजी परिवार को जाति प्रमाण पत्र जारी करने ग्राम सभा का आयोजन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पीवीटीजी को वनाधिकार पत्र, बैंक खाता, आयुष्मान, पीएम किसान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से लाभान्वित कर पीवीटीजी क्षेत्रों में 23 अगस्त से 10 सितम्बर तक शिविर आयोजन कर शत प्रतिशत सेचुरेटेड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी के 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले सदस्यों का बैंक खाता खुलवाने तथा 06 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों एवं अन्य सदस्यों का दस्तावेज तथा ग्राम सभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत् लगभग 14 हजार विद्यार्थियों के भी जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी तथा एसडीएम को दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ और अपर कलेक्टर को मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए। टीएल में प्रेषित प्रकरणों का एक माह के भीतर निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों और नगरीय निकाय अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# स्टेडियम मार्ग के व्यवसायी सीपेज और कीचड़ से जूझ रहे



### साफ-सफाई का अभाव से बदबू के बीच काम करना मजबूरी

कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। टीपी नगर में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम जाने वाले मार्ग पर चौक के आसपास स्थित निगम के व्यावसायिक कॉम्पलेक्स के व्यवसायी समस्याओं से जूझ रहे हैं। निगम द्वारा इनकी ओर ध्यान नहीं दिये जाने के कारण समस्याओं और विपरीत हालातों से जूझते हुए व्यवसाय करने के लिए मजबूर हैं।

व्यवसायियों ने इस विषय में निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई को ज्ञापन के जरिए अवगत कराया गया है कि स्टेडियम रोड स्थित 103 दुकानों की स्थिति इतनी खराब है कि दुकानों में पूरा पानी सीपेज एवं दुकान के सामने पूरा कीचड़ से लथपथ हो गया है, जिसकी वजह से दुकानदारी पर काफी असर पड़ रहा है। कॉम्पलेक्स में नल की भी सुविधा नहीं है। साफ-सफाई का अभाव है जिसके कारण बदबू से समस्या हो रही है। हर महीने नगर निगम को निर्धारित टैक्स भी जमा कर देते हैं फिर भी समस्या बनी हुई है। दुकान संचालकों कन्हैया यादव, धनु गोंड़, बजरंग, नंद कुमार, मो. रजा हैदर, राजकरण गुप्ता, रंजीत सिंह, उमेश गुप्ता, अनीश, ईश्वर, शत्रुघन, सिद्धार्थ, सूरज यादव, इस्माईल अहमद, मो.अकील, रामधनी पाल, सकील, मोहिद, सोहनूर, आफताब आलम, मो. जाहिद अंसारी, हरिशंकर, उमेश, सत्यम, उमा, शिव, गुलाम अब्दुल कादिर, शाहिद अंसारी, गुलाम रब्बानी, सुखजीत कौर, जीवनलाल साहू, मो.मकसूद आलम, रमन राव आदि ने इस तरफ गंभीरता से ध्यान देकर व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने का आग्रह आयुक्त से किया है।

## भाजपा प्रदेश मंत्री महतो का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री विकास महतो का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 15,000 लोगों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उन्हें बधाई दी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समर्थकों द्वारा जन्मदिन मनाया गया। विकास महतो ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया और युवाओं के उत्साह को सराहा। उन्होंने कहा कि युवाओं की इस ऊर्जा और समर्पण से उन्हें हमेशा प्रेरणा मिलती है और वे इस ऊर्जा का सदुपयोग समाज की बेहतरी के लिए करने का संकल्प करते हैं। विकास महतो को रक्षाबंधन के अवसर पर हजारों महिलाओं ने रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर जरूरतमंदों को भोजन और वस्त्र वितरित किए। इसके अलावा, उन्होंने गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की।

## रेल कॉरिडोर-पूर्ण अर्जन के लिए दिन भर रोका रेल परिचालन

### वार्ता के लिए नहीं आये अधिकारी, साइलो और रेल पथ निर्माण बाधित करेंगे



कोरबा-दीपका, 20 अगस्त (देशबन्धु)। कृष्णा नगर दीपका के रेल लाइन, कोयला परिवहन सड़क और कोल वाशरी के कारण चारों दिशाओं से घेरे जाने के कारण उतपन्न होने वाली समस्याओं के लिए बस्ती को पूर्ण अधिग्रहण करने की मांग की जा रही है। अपने पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुसार मंगलवार को कृष्णा नगर बस्ती के लोंगो ने सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक रेल की पटरी पर बैठकर रेल परिचालन को बंद रखा जिसके कारण इस रेल लाइन से चलने वाली अप-डाउन 11 रेक का परिवहन नहीं हुआ। आंदोलन के दौरान कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए नहीं आये जिससे आंदोलनकारी बस्तीवासियों ने घोषणा किया है कि एक सप्ताह के बाद गेवरा साइलो और रेल पथ निर्माण कार्य को बंद कराने के लिए बाध्य होंगे।

बस्तीवासियों ने बताया कि कोयला परिवहन के लिए गेवरा रोड - पेंड्रा रोड रेल कॉरिडोर परियोजना तैयार की गई है जिसमे 135 किमी लम्बी रेल परिपथ का निर्माण किया जाना है। इस रेल कॉरिडोर से दीपका गेवरा क्षेत्र से कोयला परिवहन करने के लिए सम्पर्क रेल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है जो कि बस्ती से लगभग 20 फिट ऊंची और 9 रेल लाइन बनाया जा रहा है। अभी भी दो रेल लाइन दूसरी तरफ से चल रही है जबकि एक ओर कोयला परिवहन और कोल वाशरी से घिरा हुआ है जिससे पूरी बस्ती गड्ढे में तब्दील हो जाएगी और कृष्णा नगर सभी दिशाओं से घिर जाएगा और आने वाले समय में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## आज कोरबा बन्द का आव्हान

कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को सब-कैटेगरी बनाने और एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने के फैसले के विरोध में देश भर में 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद् द्वारा मुख्यालय में एक दिवसीय बंद किए जाने का फैसला लिया गया है। छग आदिवासी विकास परिषद कार्यवाहक अध्यक्ष ने बंद को सफल बनाने लोगों से अपील की गई है।

### आशीर्वाद पाइंट में भागवत कथा 4 से

कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के कबुलपुरिया परिवार द्वारा 4 से 11 सितंबर तक पितृ मोक्षार्थ निमित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह, आशीर्वाद पॉइंट, पं दीनदयाल सांस्कृतिक भवन, टीपी नगर में आयोजित है। आयोजक कबुलपुरिया परिवार के राकेश अग्रवाल, मंगतराम बनवारी लाल ने नगर के श्रद्धालुओं एवं भागवत प्रेमियों से कथा श्रवण करने हेतु सपरिवार उपस्थिति का आग्रह किया है।

### चमत्कारों के पीछे का विज्ञान बता कर जागरुक किया

कोरबा, 20 अगस्त (देशबन्धु)। लोक विज्ञान पर्यावरण सुधार संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध संस्था छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा डॉ. नरेंद्र दाभोलकर के शहादत दिवस पर अमन नगर दर्री में -चमत्कारों के पीछे का विज्ञान- विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिट फण्ड, जादू-टोना के पीछे छिपे विज्ञान को विभिन्न प्रयोग के माध्यम से दर्शाया गया। लोगों को बताया गया कि संविधान द्वारा अपने धर्म को मानने का अधिकार प्रदत्त है परन्तु कुछ लोग धर्म की आड़ में लोगो को मूर्ख बनाते हैं और उनका शोषण करते हैं। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की संयुक्त सचिव निधि सिंह ने पानी से आग लगाना, पर्ची से मन की बातों को बताना जैसी सामान्य हाथ की सफाई को जादू का नाम कैसे दिया जाता है, उसके विज्ञान को प्रयोग करके दिखाया। उन्होंने बताया की सर्प दंश की स्थिति में बैगा के पास नहीं जाना है, जिला अस्पताल जाना है

## सार-संक्षेप

### रक्षाबंधन के अवसर पर पूंजीपथरा पुलिस ने गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को किया सुरक्षा के प्रति जागरूक



### रक्षाबंधन पर्व पर हॉस्टल की छात्राओं को थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने दिया मिठाई और चॉकलेट का उपहार

**खरसिया,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में रायगढ़ पुलिस ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक विशेष अभियान चलाया है। इसी कड़ी में आज थाना पूंजीपथरा के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने अपने स्टाफ के साथ ओ पी जिंदल यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल का दौरा किया। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए और उनके साथ चॉकलेट और मिठाई बांटकर इस त्योहार की खुशियां साझा कीं। पुलिस ने छात्राओं को हॉस्टल के भीतर और बाहर सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड के खतरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और अनजान व्यक्तियों से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने से बचने की सलाह दी। उन्होने बताया कि कैसे साइबर अपराधी सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने छात्राओं को किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखने का आग्रह किया। रक्षाबंधन के इस विशेष अवसर पर पुलिस द्वारा किया गया यह कदम न केवल छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का है, बल्कि उन्हें यह भरोसा दिलाने का भी कि उनकी सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है। इस मौके पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, ओपी जिंदल युनिवर्सिटी के असिस्टेंट डायरेक्टर अजय पांडे, वार्डन श्रीमती प्रीति मनहर तथा थाना पूंजीपथरा की सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, विनीत तिर्की, आरक्षक बालचंद राव और अभिषेक द्विवेदी मौजूद रहे।

### फरियादी के आवेदन पर पटना तहसीलदार को लगी फटकार




**कोरिया,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जन चौपाल के दौरान कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक आवेदन को बारीकी से अध्ययन की। प्रकरण पटना तहसील का था। फरियादी के आवदेन पर पटना तहसीलदार से इस बाबत जानकारी प्राप्त की किंतु तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा का जवाब संतोषप्रद नहीं होने पर कलेक्टर नाराज हुई और जमकर फटकार लगाई।

#### मामला को इस तरह समझे

ग्राम करजी, तहसील पटना, निवासी श्री कतवारी लाल विगत डेढ़ साल से कैंसर बीमारी से जूझ रहा है। आवेदिका श्रीमती श्यामपति की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। ऐसे में उन्होंने अपने पति के समुचित इलाज के लिए अपने हिस्से के जमीन को बेचकर इलाज कराना चाह रही है। आवेदिका श्रीमती श्यामापति लगातार तहसील कार्यालय, पटना जाकर संयुक्त खाते के जमीन को बंटवारा नामा कराने के लिए लगातार चक्कर लगा रही थी। बीमार से ग्रस्त श्री कतवारी लाल के तीनों बहन नहीं चाहती थी कि जमीन का बंटवारा हो और समय पर इलाज हो, इस बाबत उन्होंने स्थानीय पटवारी श्री योगेश गुप्ता और तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा से सांठगांठ कर मामले को लंबित रखे हुए हैं। तहसीलदार एवं पटवारी की उदासीनता से वे काफी दुखी नजर आई।

किंतु इस बार आवेदिका ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष जन चौपाल पहुंचकर पूरी जानकारी आवेदन के माध्यम से दी। संवेदनशील कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आवेदन को गंभीरता पूर्वक अध्ययन की और मामले को तत्काल समझ गई। उन्होंने जन चौपाल में ही तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा को जमकार फटकाई लगाई। उन्होंने कहा कि आपको, आम लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही नियुक्त किया गया, जबकि आप लोग खुद समस्या खड़े कर रहे हैं। शासन आप लोगों को हर सुविधा मुहैया करा रही है। पीड़ित दर-दर भटक रही हैं, थोड़े से भी मानवीयता नहीं है, इतना संवेदनहीन बन चुके हो। आवेदिका के पति कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं जबकि तहीलदार बंटवारानामा तैयार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने तत्काल इस मामले को निराकरण करने के निर्देश पटना तहसीलदार श्री उमेश कुशवाहा को दिए हैं।

### कलेक्टर जनदर्शन में समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे आम नागरिक

**एमसीबी**/ 20 अगस्त 2024/ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आवेदक रामसाय निवासी बुंदेली ने भूमि ज़मीन विवाद निराकरण के संबंध में शिकायत की। साथ ही, अभिषेक कुमार पाण्डेय निवासी मनेन्द्रगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में निर्धारित सेटअप से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की शिकायत के संबंध में, आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर विद्युत् व्यावस्था में सुधार करने के संबंध में, सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर भौतिक विषय का शिक्षक नियुक्ति के संबंध में, अब्दुल लतीफ निवासी खोंगापानी इलेक्ट्रिक साईकल के संबंध में शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# स्कूली बच्चों के जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र बनाने चलाएं अभियान- कलेक्टर

## आंगनबाड़ी केंद्रों से पूरक पोषण आहार वितरण और गर्म भोजन उपलब्ध करवाने के नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**रायगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री गोयल ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है स्कूलों में नवप्रवेशी बच्चे जिनके आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं है अभियान चलाकर उसे बनवाएं। शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी इसमें आपसी समन्वय से काम करें।

कलेक्टर श्री गोयल ने जिले के स्थाई विस्फोटक लाइसेंसधारियों की बैठक लेकर विस्फोटकों के भंडारण और परिवहन के संबंध में जानकारी लेने के निर्देश एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े को दिए। उन्होंने कहा कि विस्फोटकों का परिवहन अत्यंत सावधानीपूर्वक किया जाना होता है। इसके परिवहन की सूचना कलेक्ट्रेट के साथ ही उस क्षेत्र के एसडीएम कार्यालय और पुलिस थाना में भी दी जानी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सीएम जनदर्शन और जन समस्या निवारण शिविरों से प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।





कलेक्टर श्री गोयल द्वारा चयनित सहकारी समिति में मेडिकल स्थापित किए जाने के काम की प्रगति के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी लेने पर बताया गया कि अनुमति की प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। इसके पश्चात सॉफ्टवेयर अपडेशन और ऑर्डर प्लेसमेंट का काम बाकी रह गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने अगले टीएल से पहले दवा दुकान प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग के पेंशनधारियों के डीबीटी और आधार सीडिंग अपडेशन के बारे में जनपद पंचायत और नगरीय निकाय वार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अभी प्राप्त होने वाले सभी आवेदन डीबीटी और आधार सीडिंग के साथ भरे जाएं। साथ ही पूर्व के आवेदनों को भी शत- प्रतिशत डीबीटी के लिए अपडेट किया जाए। महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने पूरक पोषण आहार के तहत टेक होम राशन और गर्म तैयार खाने के वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लैलूंगा और मुकडेगा में विशेष रूप से ध्यान देते हुए पूरे जिले में आंगनबाड़ी से दोनों योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में निर्मित टीबी वार्ड के भवन में सारा काम पूरा करते हुए हैंडओवर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने राशन कार्ड धारियों के ई-केवाईसी की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ई केवाईसी अपडेशन में तेजी लाने की आवश्यकता है, खासकर नगरीय निकायों में इस ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। उन्होंने खाद्य विभाग के साथ सभी एसडीएम और सीएमओ से कहा कि जिनका अपडेशन छूट गया है उनसे डोर टू डोर सर्वे कर ई केवाईसी का काम पूरा करें। इसी के साथ उन्होंने पीडीएस बारदाना जमा किए जाने में भी तेजी लाए जाने की बात कही। कलेक्टर श्री गोयल ने शत-प्रतिशत पीडीएस दुकानों के ऑनलाइन संचालन के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत विशेष पिछड़ी जनजाति को जोड़ें पीएम जनमन से

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर की शत-प्रतिशत जनसंख्या को पीएम जनमन योजना से जोड़ा जाए। उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनने के साथ सभी योजनाओं से मिलने वाली सहायता का लाभ मिलना चाहिए। विशेष पिछड़ी जनजाति वाली बसाहटों में अधोसंरचना विकास के कामों को तेजी से मंजूरी देने के साथ पूरा किया जाए।

## संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में बेलबहरा हायर सेकेंडरी के बच्चों ने लहराया परचम

**मनेंद्रगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। अंबिकापुर के अभिरुचि केंद्र में आयोजित संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में बेलबहरा हायर सेकंडरी विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 14 वर्ष, 17 वर्ष, और 19 वर्ष के आयु वर्ग में आयोजित की गई थी जिसमें हायर सेकेंडरी बेलबहरा के ग्रामीण अंचल से आने वाले छात्रों ने अपना परचम लहराते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया इससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित है।



व्याख्याता सुषमा टोप्पो और व्याख्याता मंजू बघेल के कुशल मार्गदर्शन में अंडर-19 में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान की छात्रा अमृता रवि एवं अंडर 17में कक्षा ग्यारहवीं के भरत तथा कक्षा नवमी के छात्र कमलेश चयनित हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के प्राचार्य द्वारा बच्चों और अभिभावकों को बधाई देते हुए उन्हें आगामी 28 अगस्त को दुर्ग में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा क्योंकि मेहनत और अधिक प्रयास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है और राष्ट्रीय स्तर पर भी चयनित होने के लिए शुभकामनाएं भी दी। पूर्व में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बाल विज्ञान नाटिका 2024 प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिन छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था उन्हें 15 अगस्त 2024 को आजादी के 78वीं वर्षगांठ पर इन छात्रों को संस्था प्रमुख बलराज पाल एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा एवं वर्तमान सरपंच परमेश्वर सिंह एवं भूतपूर्व सरपंच श्रीमती प्रभा सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।

## खरसिया के व्यक्ति से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के नाम हुई थी ठगी

### साइबर ठगी में पुलिस का बड़ा ऑपरेशन 14 आरोपियों को बिहार से किया गया गिरफ्तार

**खरसिया,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। खरसिया थाना क्षेत्र में एक बड़े साइबर ठगी मामले का पर्दाफाश करते हुए रायगढ़ पुलिस ने 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी में संलिप्त एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया, जिसने मामले को सुलझाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। एसपी दिव्यांग पटेल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में संपूर्ण घटना का खुलासा और पुलिस की कार्यवाही की जानकारी प्रेस से साझा की। पीड़ित व्यवसायी ने करीब डेढ से दो माह पहले इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की डीलरशिप के लिए फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा और दिए गए नंबर पर संपर्क किया। कॉलर ने खुद को कंपनी का प्राधिकृत कर्मचारी बताया और धीरे-धीरे पीड़ित से विभिन्न शुल्कों के नाम पर 75 लाख रुपये ठग लिए। जब डीलरशिप नहीं मिली और आरोपियों ने और पैसे की मांग की, तब व्यवसायी को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने खरसिया थाना में शिकायत दर्ज कराई। थाना खरसिया में अज्ञात मोबाइल धारकों के विरूद्ध अप.क्र. 467/2024 धारा 318, 61(2)(ड्ड) पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल ने डीएसपी साइबर सेल श्री अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। घटना के 24 घंटे के अंदर इस 9 सदस्यीय टीम ने बिहार में कई स्थानों पर छापेमारी की और एक हफ्ते चले इस लंबे ऑपरेशन में बैंक खातों की जांच, मोबाइल नंबरों के विश्लेषण और बैंक सीसीटीवी फुटेज खंगाले।आरोपीगण एक संगठित सिंडिकेट बनाकर कुल 8 परतों (लेयर) में ठगी को अंजाम देते थे। लेयर -1 खाता धारक जिनके नाम से फ्रॉड के पैसे मँगवाने हेतु खाता खुलवाए जाते थे। लेयर-2 जिनके द्वारा खाता धारक के आधार कार्ड में उनके वास्तविक पते को बदलकर फ़र्ज़ी पता दर्ज किया जाता था। लेयर-3 जिनके द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल एवं अन्य राज्यों से फ़र्ज़ी सिम लाकर उपलब्ध कराया जाता था ताकि इन सिम कार्ड का प्रयोग फ्रॉड कॉलिंग एवं बैंक खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के रूप में किया जा सके। लेयर-4 जो फ्रॉड सिम एवं फ्रॉड एड्रेस



के आधार पर लेयर-1 के साथ विभिन्न बैंकों में उनका खाता खुलवाने जाते थे। लेयर- 5 पोस्ट आफ़िस के डाकिया जिसके द्वारा बैंक से रजिस्टर्ड डाक में प्राप्त ञरू कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों को फ़र्ज़ी एड्रेस पर डिलीवर किया जाता था। लेयर-6 जिनके द्वारा पोस्टमैन से सभी फ़र्ज़ी खाता धारकों का एटीएम, पासबुक चेक बुक आदि प्राप्त किया जाता था एवं फ्रॉड पैसे खाते में आने पर तुरंत पैसों का आहरण करके मुख्य सरगना को दिया जाता था। लेयर -7 जो प्रतिदिन फ्रॉड कॉलिंग करने वालों को उपलब्ध अकाउंट की जानकारी देते थे ताकि उसमें प्रार्थी को ठगकर उसके पैसे मंगाए जा सके। लेयर 8 मुख्य कॉलिंग टीम जो फ़र्ज़ी नंबरों का प्रयोग कर प्रार्थी को कॉल कर ठगी को अंजाम देते थे एवं पैसा आने पर नीचे के सभी लेयर्स को यथोचित कमीशन बाटते थे। इस प्रकार पुलिस की पकड़ में आने से बचने के हर संभव प्रयास के बावजूद भी रायगढ़ पुलिस द्वारा अपनी सूझबूझ और कार्यकुशलता से इस गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है। प्रकरण में विवेचना जारी है निकट भविष्य में और भी आरोपियों के पकड़े जाने की संभावना है। पटना, बिहार रेड में इनकी रही अहम भूमिका एसपी श्री दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर डीएसपी साइबर सेल श्री अभिनव उपाध्याय, एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल, डीएसपी अमन लखीसरानी, थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, प्रधान आरक्षक सतीश पाठक (जूटमिल), करुणेश राय (कोतरारोड़), सायबर सेल आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा, विकास प्रधान, नवीन शुक्ला, पुष्पेन्द्र जाटवर, थाना खरसिया के आरक्षक साविल चंद्रा, प्रदीप तिवारी, मुकेश यादव, योगेश साहू, डमरूधर पटेल और महिला आरक्षक गुणवती भगत की अहम भूमिका रही है।

### उद्योगों को सेवाओं की सुलभता हेतु सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ

**रायगढ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योगों को 16 विभागों वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, श्रम विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, जल संसाधन विभाग, भू-अभिलेख, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना विभाग, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएँ, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, मुख्य विद्युत निरीक्षणालय और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से मिलने वाली 90 सेवाओं को सिंगल विण्डो सिस्टम 210 के जरिए उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद के लिए 30 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया जिला-रायगढ़ अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सहायिका पद के लिए 30 अगस्त 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन पत्र नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया जिला-रायगढ़ में सीधे जाकर आवेदन जमा कर सकते है।

## जनदर्शन में आयुष्मान कार्ड बनने से अमृतलाल सिदार को इलाज में मिलेगी सुविधा

### जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य ने बतायी अपनी समस्याएं, कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

**रायगढ,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील पुसौर के ग्राम-जामपाली निवासी अपने हार्ट की बीमारी के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आज जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल को बताया उन्हें हार्ट की बीमारी है। जिसका दो बार वे इलाज करा चुके है और इलाज के दौरान उनकी जो भी जमा पूंजी थी वह सब कुछ खत्म हो गई है। वर्तमान में डॉक्टरों ने उनके इलाज पर फिर से काफी खर्च बताया है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की बात कही। जिस पर कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को बुलाकर शीघ्र ही आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर ही उनका आयुष्मान कार्ड का प्रोसेस करते हुए उसका नंबर जारी कराया। जिससे उन्हें अब आगे अपने इलाज में सुविधा होगी।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए। जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं जैसे राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, आवास, सड़क और सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों को इन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करने का निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए।



तहसील पुसौर के 74 वर्षीय मुरलीधर मेहर वृद्धा पेंशन राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि वृद्धा पेंशन के लिए वे पूर्व में आवेदन कर चुके है, लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें एक बार भी राशि नहीं मिली है। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है साथ ही वृद्ध होने की वजह से वे कही और दौड़ भाग नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि पेंशन राशि मिलती तो जीवन-यापन के लिए सुविधा होती। कलेक्टर श्री गोयल ने संबंधित अधिकारी को उक्त आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। रायगढ़ के श्री रामजाने भारद्वाज अपने मोहल्लेवासियों के साथ नाली निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि जेलपारा वार्ड नंबर 29 में कायाघाट मुक्तिधाम के पास उदय आटले से संतोष सतनामी घर के पास लगभग 8 फुट का नाली टूट गया है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं बरसात के समय नाली का पूरा गंदा पानी घरों में घूस रहा है।

## पटना में 21 अगस्त को होगा आरोग्यम मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन

### नि:शुल्क जांच व उपचार सम्बंधी सलाह देंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

**कोरिया** , 20 अगस्त (देशबन्धु)। बैकुंठपुर विकासखण्ड के पटना में 21 अगस्त को एक दिवसीय आरोग्यम मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य जिले के आम लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देश पर किया जा रहा है। शिविर का संचालन शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, पटना में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

इस मेगा हेल्थ शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच और उपचार हेतु सलाह दी जाएगी। शिविर में शिशु रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, मेडिसिन विशेषज्ञ और मनोरोग चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार के लिए भी सलाह दी जाएगी।

शिविर के दौरान मातृत्व-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। साथ ही, टीकाकरण, एनीमिया, सिकल सेल, एचआईवी, मलेरिया-डेंगू जांच, इन्फ्लूएंजा एच1एन1 जांच-उपचार, बीपी और शुगर की जांच भी की जाएगी। चिरायु टीम द्वारा बच्चों के हृदय रोग संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने इस मेगा हेल्थ शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचाने के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए उचित स्वास्थ्य देखभाल आवश्यक है और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार इसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## सार-संक्षेप

### मच्छर से बचाव के लिए स्कूल में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**सारंगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधानसभा के स्कूल में विश्व मच्छर दिवस के मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने विश्व मच्छर दिवस का कार्यक्रम रखा गया, जहाँ जिला चिकित्साअधिकारी डॉ. एफ.आर.निराला कार्यक्रम में शामिल हुए, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए मच्छर के बारे में जानकारी दी और बताया कि मच्छर के काटने व उनके द्वारा फैलाने से मलेरिया,फाइलेरिया व डेंगू चिकनगुनियाँ जैसे कई गंभीर बीमारियाँ होने लगता हैं। इनसे बचने के लिए अपने आसपास में पानी जमा न होने दे व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये साथ ही मच्छर को न पनपने दें। मच्छरदानी का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि मिट्टी का तेल, जले हुए मोबिल आईल का जमे हुए पानी में छिड़काव करें ताकि उनके मच्छर और उसके लार्वा मर जाये।

### बरमकेला के ग्राम तौंसीर में 22 अगस्त को होगा नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर

**सारंगढ़,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य के संचालनालय आयुष चिकित्सा से प्राप्त निर्देषानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ व खण्ड चिकित्सा अधिकारी बरमकेला के मार्गदर्शन में बरमकेला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम तौंसीर के शास. प्राथमिक शाला तौसीर में खण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला 22 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक नि:शुल्क जांच एवं औषधी वितरण किया जाएगा। आम जनता इस नि:शुल्क शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

### जनपद प्राथमिक शाला में बालिकाएं बाल्टी में पानी लाते हैं

#### विद्यार्थी पढ़ाई छोड़कर पानी भरते है जनपद प्राथमिक शाला सुखदा का मामला



**डभरा,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड डभरा के अंतर्गत संकुल केन्द्र सुखदा के मुख्यालय के जनपद प्राथमिक शाला सुखदा के प्रधान पाठक श्रीमती आरती धीरहे द्वारा छात्राओं स्कूली बच्चों से 500 मीटर दूर हैंडपम्प से स्कूल में पानी भरवाया जाता है, हर रोज विद्यार्थी पढ़ाई छोड़कर स्कूल के लिए पानी लाते हैं जिससे बच्चों की भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है हम आपको बता दें कि जबकि शासन द्वारा सभी विद्यालयों में स्वीपर भृत्य की नियुक्ति की गई है मध्यान भोजन बनाने वाले रसोईया भी रहते हैं फिर भी इन नौनीहालो के हाथों से कापी किताब के जगह पानी भरवाया जा रहा है। जनपद प्राथमिक शाला सुखदा में कक्षा पहली से पांचवीं तक पढ़ाई होती है परंतु शिक्षक एवं प्रधान पाठक विद्यार्थियों की भविष्य की कोई चिंता नहीं है स्कूल में पढ़ाई ठीक से नहीं होता है बल्कि स्कूल की में पानी भरवाने का काम करवा रहे हैं

परन्तु सोचने वाली विषय है की जिन शिक्षकों को बच्चों के नौनीहालो की भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी दी गई है वहीआज शिक्षक बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। अब देखना होगा उक्त प्रधान पाठक पर प्रशासन क्या कार्यवाही कर पाती है। इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी डभरा श्याम लाल वारे ने कहा कि आपके माध्यम से जनपद प्राथमिक शाला सुखदा में विद्यार्थियों द्वारा पानी भरने की जानकारी मिली है इसकी जानकारी लेकर तत्काल जांच की जाएगी एवं दोषी पाए जाने पर संबंधितो पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सेजेज मे छा़त्र-छात्राओं को गणवेश प्रदान करने इंजी. रवि पाण्डेय ने की माँग

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने जिला शिक्षा अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा को पत्र लिखकर जिले मे संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों मे छात्र-छात्राओं को गणवेश प्रदान करने की माँग की है ।



श्री पाण्डेय ने अपने पत्र में लिखा है कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए शासन द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति को भंग कर विद्यालयों को शिक्षा विभाग के अंतर्गत लाया गया है। शासन के योजना अनुसार शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को गणवेश प्रदान किया जाता है। इन विद्यालयों मे इस सत्र मे जो कि जून माह से संचालित हो चुका है परंतु अभी पर्यन्त छात्र-छात्राओं को गणवेश प्राप्त नही हो पाया है। उन्होंने ज़िला शिक्षा अधिकारी से जिले के समस्त स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को गणवेश प्रदान करने की माँग की जिससे ग़रीब छात्र- छात्रावों को अतिरिक्त भार न पड़े।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 22 अगस्त को वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। एक पेड़ मां के अभियान के माध्यम से नागरिक पेड़ों के साथ तस्वीर लेने के बाद उसे लाईव पोर्टल में अपलोड कर सकते हैं।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित बनाने का कार्य महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य क्रियान्वयन एजेंसी वन विभाग, उद्यानिकी, रेशम, वाटरशेड के समन्वय से वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत गांव के सार्वजनिक स्थलों में गांव के बुजुर्ग, जागरूक नागरिक, आंगनबाड़ी, स्कूल में, महात्मा गांधी नरेगा के हितग्राही के माध्यम से जिन्होंने डबरी निर्माण किया हो, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पूर्ण आवासों के हितग्राहियों के माध्यम से वृक्षारोपण किया जाएगा।

# 18 वर्ष के युवाओं को राजीव गांधी ने दिया मत देने का अधिकार

## राजीव गांधी जयंती पर युवा कांग्रेस ने किया 120 कर्मवीरों का सम्मान

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। 21वीं सदी के भारत का सपना संजोये विश्व के सबसे कम उम्र के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 80 वीं जन्मजयन्ती पर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व एवं नेता प्रतिपक्ष के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, नगर पालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, डॉ. परस शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्धिकी, इंका नेता हरप्रसाद साहू, जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश राठौर, पूर्व एल्डरमेन हीरा उपाध्याय, सभापतिगण रामविलास राठौर व विष्णु यादव, युथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज शुक्ला, एनयूएसआई विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी एवं अन्य प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में स्थानीय सी-मार्ट प्रांगण में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्वांजलि देकर नगर के 120 कर्मवीरों को छाता भेंट कर उनका सम्मान किया गया।



इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने पंचायतीराज को मजबूती प्रदान करने वाले और देश में संचार क्रांति के प्रमुख सूत्रधार करने वाले देश के सर्वमान्य नेता थे। राजीव गांधी वास्तव में फादर ऑफ डिजीटल इंडिया थे और देश में कम्प्यूटर और मोबाइल को लेकर जो क्रांति आई है वह राजीव जी की ही देन है । उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि राजीव जी के सपनों को साकार करने देश के हिंसा नफरत और डर के माहौल को हटाकर अहिंसा, प्रेम और आपसी भाईचारा मजबूत करने का संकल्प लेकर यहां से जायें । संचार क्रांति को बढ़ावा देकर राजीव गांधी को शहर से लेकर गांव तक लोगों के हाथों में मोबाइल इंटरनेट देकर सुविधायुक्त बना दिया है राजीव गांधी देश की युवा शक्ति को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने वाले पहले राजनेता थे । उन्होंने 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार दिया, तथा सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दिशा में राजीव गांधी ने सार्थक पहल करते हुए त्रि- स्तरीय पंचायत राज की स्थापना की । कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्याक्ष विवेक सिसोदिया ने व आभार प्रदर्शन भोलू यादव ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पंचराम यादव, जिला महामंत्री अजीत सिंह राणा, सुनील साधवानी, नागेन्द्र गुप्ता, किशन सोनी, इंका नेता राईस किंग खूंटे, रफीक खान, गोविन्द कष्यप, चिंताराम कष्यप, उत्मम पाटले, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, मुन्ना सिंह, जिला कांग्रेस सेवादल संयोजक देवकुमार पाण्डेय, निर्मला बरेठ, हरदेव टण्डन, प्रतिक सिंह, संस्कार राठौर, जितेन्द्र दिनकर, बबला महाराज, शांति साहू, शक्ति सिंह, गुड्डु पठान, राजा खान, नरसिम्हा यादव, दुश्यंत यादव, अषोक सोनवानी, कमलेश सूर्यवंशी, दिलीप कष्यप, संतोश दुबे, लक्ष्मण कष्यप, प्रशांत सिंह ठाकुर, अतीक कुरैषी, अमर रोहिदास सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सम्मानित किये गये कर्मवीर

इस दौरान सम्मानित किये गये कर्मवीरों में पालिका के समस्त ड्राईव्हर व लाईनमेन बृजेश राठौर, मुन्डा राठौर, बजरंग राठौर, गोलू, कमल, अजय कष्यप, नवल, मिथलेश, राजेन्द्र राठौर, लाईमेन श्यामू, प्रमोद, सतीश, विजय, जीवराखन, बनारिहा, नगर के वरिष्ठजन गया प्रसाद राठौर, साहेबलाल राठौर, भीमसेन राठौर, समरसिंह गोंड़ सहित मातृ शक्ति श्यामबाई, रूखमणीबाई, राधाबाई एवं अन्य 10 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## चोरी का आरोपी सारागांव पुलिस के हत्थे चढ़ा




जांजगीर, 20 अगस्त (देशबन्धु)। किराना दुकान में चोरी करने वाले आरोपी को सारागांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा-331(4), 305 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी के कब्जे से बरामद चोरी का एबिस गोल्ड कंपनी का 08 टीपा फल्ली तेल एवं 02 पेटी फल्ली तेल पाउच कीमती करीब 16,000 रूपये जब्त किया गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त को प्रार्थी महेश कुमार कर्ष साकिन पचोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके दुकान में रखे एबिस गोल्ड कंपनी का 08 टीपा फल्ली तेल एवं 02 पेटी फल्ली तेल पाउच कीमती करीब 16000 रूपये को किसी अज्ञात व्यक्ति् द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना सारागांव में धारा 331(4), 305 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। चोरी की मामले को गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। संदेही राजकुमार केंवट ऊर्फ कोंदू साकिन पचोरी को थाना सारागांव को अभिरक्षा में लेकर चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया। आरोपी राजकुमार केंवट ऊर्फ कोंदू द्वारा एबिस गोल्ड कंपनी का 08 टीपा फल्ली तेल एवं 02 पेटी फल्ली तेल पाउच कीमती करीब 16000 रूपये को चोरी कर अपने घर में रखना बताया गया जिसके कब्जे से बरामद किया गया है। आरोपी राजकुमार केंवट ऊर्फ कोंदू के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी, सउनि सरोज पाटले, प्र.आर. अर्जुन जांगडे, प्र.आर. राजेश कोशले का विशेष योगदान रहा है।

## ग्राम तुलसी में सामुदायिक पुलिसिंग का किया गया आयोजन

### सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव,घरेलु हिंसा, बाल विवाह, हमर बेटी हमर मान एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई



जांजगीर, 20 अगस्त (देशबन्धु)। हमर पुलिस हमर संग जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम तुलसी के स्कूल में सामुदायिक पुलिसिंग का आयोजन विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर - चाम्पा के निर्देशन में किया गया। निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसी में कार्यक्रम आयोजित किया। उपस्थित लोगो को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही घरेलु हिंसा, बाल विवाह, हमर बेटी हमर मान एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गइ तथा उपस्थित छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।


निरीक्षक भास्कर शर्मा द्वारा सड़क दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए शराब पीकर वाहन नही चलाने, हेलमेट पहन कर मोटर सायकल चलाने, तीन सवारी बैठकर मोटर सायकल नही चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करनें,सड़क दुर्घटनाओं में घायलो को तत्काल उचित उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा कर मदद करने हेतु अपील किया गया। नवीन कानून के संबंध में भी लोगो को विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के थाना क्षेत्र के सभी गांव में बीट सिस्टम बनाया गया है और गांव में दीवाल में पेंट से बिट अधिकारी एवम कर्मचारी तथा थाना प्रभारी का नाम मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। यदि गांव में किसी व्यक्ति के द्वारा जुआ, सट्टा खिलाता है तो तथा अवैध शराब बिक्री करता हो या अन्य कोई असामाजिक बिक्तियो के द्वारा गलत काम करता है जिसकी सूचना देने हेतु अपील की गई।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान के तहत गांव गांव में नागरिकों के स्वास्थ्य की सतत करें जांच

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान की चर्चा करते हुए स्वास्थ्य अमले को चिन्हित व संदिग्ध लोगों का शत प्रतिशत सैम्पल जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी की भी जांच नहीं छूटनी चाहिए और संबंधित की बीमारी की जानकारी मिलने पर उसका हर संभव इलाज किया जाए। इस दौरान उन्होंने जिले में बाढ़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों को एवं मौसमी बीमारियों पर स्वास्थ्य अमले को लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायरिया के जहां जहां प्रकरण आए थे वहा पर नियमित जांच की जाए। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड को लेकर नियमित शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से युक्तियुक्तकरण में राज्य शासन के निर्देशों का पूर्णत: पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की गाइडलाइन समय सीमा के साथ निर्धारित कर दी गयी है, जिसका पूरी तरह पालन करना है।

कलेक्टर श्री छिकारा ने जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के पत्रों, निर्देशों के आधार पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रतिभाओं को निखारने, पहचानने ''टैलेंट तिहार, प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम हेतु स्कूलो में प्रतिस्पर्धा की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 22 अगस्त को बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे-ब के शासकीय प्राथमिक शाला प्रागंण में आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर एवं 23 अगस्त को विकासखंड अकलतरा के ग्राम पंचायत तरौद में होने वाले आजीविका ऋण मेला की आवश्यक तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान योजना में नवीन कृषक पंजीयन प्रगति की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करते हुए किसानों का पंजीकरण करने कहा। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया जाए। बैठक में उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से छात्रावास, अस्पताल, स्कूल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार करने कहा। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से जल संरक्षण के कार्यों को किया जाए और मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



इसके अलावा मनरेगा श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन कराया जाए। उन्होंने जिले में खाद बीज भण्डारण की जानकारी लेते हुए पर्याप्त भंडारण रखने कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, समय सीमा के प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन और जनशिकायत, चैटबोट संवाद 24.7 के प्रकरणों पर चर्चा कर संबंधित विभागों को समय-सीमा कर अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, पीएम जन आरोग्य योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, पीएम विश्वकर्मा, अग्निवीर, महतारी वंदन योजना, केसीसी की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ''टैलेन्ट तिहार-प्रतिभा को पंख''

### जिले में प्रतिभाओं को निखारने एवं पहचानने कार्यक्रम का होगा आयोजन,विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों होंगे सम्मानित

**जांजगीर,** 20 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में प्रतिभाओं को निखारने एवं पहचानने ''टैलेन्ट तिहार-प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 से 30 अगस्त तक जांजगीर मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी ने बताया कि स्कुल स्तर पर प्राथमिक, पू.मा. एवं हाई, हायर सेकेण्डरी, के बच्चे शामिल होंगे। संकुल स्तर पर प्राथमिक, पू.मा. एवं हाई, हायर सेकेण्डरी के चयनित बच्चे तथा महाविद्यालय के छात्र, छात्रा और ग्राम एवं नगर के महिला पुरूष जिनकी उम्र 15 से 40 वर्ष तक शामिल होगे। विकास खण्ड स्तरीय कार्यकम के आयोजन में संकुल स्तर में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी शामिल होंगे। अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं। ''टैलेन्ट तिहार-प्रतिभा को पंख'' का आयोजन चार स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 21 से 22 अगस्त तक स्कूल स्तर पर, 23 से 24 अगस्त को संकुल स्तर पर, 25 व 26 अगस्त को विकासखण्ड स्तर पर तथा 28 से 30 अगस्त को जिला स्तर पर आयोजित होगा।

#### स्तर वार कार्यक्रम

प्राथमिक स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकल चित्रकला, एकल नृत्य,.एकल गायन, पूर्व मा. स्कूल स्तर के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल चित्रकला, एकल नृत्य,. हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल चित्रकला, एकल नृत्य, एकल गायन एवं ग्रामीण जन महिला/पुरुष के लिए सामूहिक गीत, सामूहिक नृत्य, एकांकी नाटक, एकल नृत्य, वाद्ययंत्र, एकल गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन

विकासखंड स्तर पर 25 एवं 26 अगस्त को ''टैलेन्ट तिहार-प्रतिभा को पंख'' कार्यक्रम अकलतरा विकासखंड के मिनी माता मंगल भवन अकलतरा में, बलौदा विकासखंड के मंडी ग्राउंड प्रांगण बलौदा, बम्हनीडीह विकासखंड के अम्बेडकर भवन चांपा, नवागढ़ विकासखंड के एसडी कॉलेज नवागढ़ एवं पामगढ़ विकासखंड के सेजेस पामगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

## सरपंच-सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप

### भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों ने कहा- कार्रवाई की जगह कर दिया ट्रांसफर



जांजगीर, 20 अगस्त (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ ग्रामवासियों ने मोर्चा खोल दिया। खोखसा ग्राम पंचायत के ग्रामीण कचहरी चौक में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भ्रष्टाचार की जानकारी के बावजूद सरपंच-सचिव के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्राम पंचायत खोखसा में बंधवा तालाब से मुक्तिधाम तक 300 मीटर की सीसी रोड बननी थी। सरपंच-सचिव ने केवल 270 मीटर तक सीसी रोड निर्माण किया और 300 मीटर तक निर्माण का पैसा निकाला है। वहीं बोर खनन के लिए साल 2021-22 में 14वें वित्त से 1.80 लाख और 15 वित्त से 1.80 लाख रुपए की राशि आहरण की गई थी। कलेक्टर आकाश छिकारा से मामले की शिकायत के बाद जांच दल का गठन कर जांच कराया गया था। तहसीलदार की 5 सदस्यों की टीम ने जांच के दौरान अनियमितता पाई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन ने सचिव का ट्रांसफर कर दिया गया है।

# देश विदेश

## रूस में 92 ठिकानों पर है यूक्रेन का नियंत्रण : जेलेंस्की

**कीव।** राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी सेना ने पश्चिमी रूस के कुर्स्क क्षेत्र में 92 बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। ज़ेलेंस्की ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने 1,250 वर्ग किलोमीटर से ज़्यादा रूसी क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि हमारे देश के सुमी क्षेत्र के ठीक सामने रूसी सीमा क्षेत्र को रूस की सेना से लगभग पूरी तरह से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी सेना कुर्स्क क्षेत्र में कई जगहों पर अपना सैन्य अभियान जारी रखे हुए है। पिछले हफ़्ते, यूक्रेनी राष्ट्रपति के सलाहकार मायखाइलो पोडोल्याक ने कहा था कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन का अभियान दोनों देशों के बीच संभावित शांति वार्ता से जुड़ा हुआ है।

# भारी बारिश से पाकिस्तान में 24 घंटे में 20 की मौत, कुल आंकड़ा 215 पहुंचा

**इस्लामाबाद,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने

- मृतकों में 108 बच्चे और 32 महिलाएं शामिल हैं
- अब तक मरने वालों की संख्या 215 हो गई है



मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में मानसून से संबंधित घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। अब तक मरने वालों की संख्या 215 हो गई है। एनडीएमए ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं और बाढ़ के कारण कुल 43 लोग घायल हुए हैं।

जुलाई में शुरू हुए मानसून के मौसम में घायल होने वालों की संख्या 405 हो गई है। मृतकों में 108 बच्चे और 32 महिलाएं शामिल हैं। 86 मौतों के साथ पूर्वी पंजाब प्रांत सबसे अधिक प्रभावित रहा। इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र और दक्षिणी सिंध प्रांत में 65 और 37 मौतें हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 18 लोग मारे गए। उधर पाकिस्तान के नियंत्रण वाले कश्मीर में पांच लोग मारे गए और उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में मानसून से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। एनडीएमए ने यह भी कहा कि देश में मानसून के मौसम में 448 पशुधन की मौत हो गई, जबकि 2,575 घर और 31 पुल क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, देश में काबुल, सिंधु और झेलम नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों में अगले 48 घंटों में मध्यम तीव्रता के साथ भारी बारिश हो सकती है। सरकार ने चिकित्सा सेवा और राहत के लिए कुल 86 शिविर स्थापित किए हैं। इन शिविरों में अब तक 4,102 लोगों को सहायता मिल चुकी है। पाकिस्तान में मानसून का मौसम सितंबर तक चलता है।

## पाकिस्तान में मजदूरों को ले जा रहा वाहन गड्ढे में गिरा, 7 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) क्षेत्र में आठ मजदूरों को ले जा रहा एक वाहन गड्ढे में गिर गया, जिससे सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी रेस्क्यू 1122 के जिला समन्वयक शौकत रियाज ने बताया कि यह दुर्घटना सोमवार रात जीबी क्षेत्र के डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग के पास हुई।

वाहन ने अपना नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में जा गिरा।बचाव अधिकारी ने बताया कि पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्यों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मजदूर काम के लिए क्षेत्र में स्थित डायमर बाशा डैम की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान यूसुफ, एहसानुल्लाह, मोहिबुल्लाह, सज्जाद, सज्जाद और मुजीबुल्लाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवक घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शवों तथा घायलों को निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को हुई एक अन्य दुर्घटना में सुक्कुर-मुल्तान मोटरवे पर एक यात्री बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद बचाव अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों और घायलों को तहसील अस्पताल घोटकी पहुंचाया। मृतकों की पहचान नूर इलाही, शगुफ्ता, रोजिना, उनीबा और हसनत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चार लोगों की हालत गंभीर है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 21 अगस्त , 2024 भाद्र कृष्ण पक्ष 2**

### राशिफल

मेष -आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। बुजुर्गों तथा पूजनीय व्यक्तियों से मुलाकात होगी।

वृषभ -आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। सरकारी लाभ मिलेगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति रहेगी।

मिथुन -प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुःख होगा।

कर्क -मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ बखेड़ा खड़ा होगा। नए संबंध तकलीफदायक साबित होंगे।

सिंह -पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे। सार्वजनिक जीवन में अपयश या स्वाभिमान भंग होने का योग है।

कन्या -शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरी में लाभ मिलेगा।

तुला -आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी। तन- मन से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। अत्यधिक विचारों से मन विचलित बनेगा।

वृश्चिक -आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी। पारिवारिक सदस्यों तथा सगे- संबंधियों के साथ अनबन होने की संभावना है।

धनु -गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

मकर -संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शेयर- सट्टे में पूंजी निवेश होगा।

कुंभ -शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों तथा मित्रों के साथ मिष्ठान और सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद ले सकेंगे। पर्यटन का भी आयोजन होगा।

मीन -आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा। स्वजनों से दूर जाना होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में आज बहुत सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 15 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। गाजा के खान यूनिस में दो शरणार्थी शिविरों पर इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सूत्रों ने ये जानकारी दी है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली विमानों ने गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती में

- 885 स्वास्थ्य कर्मियों के साथ, 207 यूएनआरडब्ल्यूए स्टाफ सदस्यों सहित 289 राहत कार्यकर्ता मारे गए

फिलिस्तीनियों के एक कैंप पर हमला किया। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि हवाई हमले में नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, खान यूनिस के पश्चिम में एक इंटरनेट वितरण केंद्र के पास फिलिस्तीनियों के एक और कैंप पर इजरायली हमले में छह लोग मारे गए। इसी बीच, फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने बताया कि गाजा पट्टी में 885 स्वास्थ्य कर्मियों के साथ, 207 यूएनआरडब्ल्यूए स्टाफ सदस्यों सहित अब तक कम से कम 289 राहत कार्यकर्ता मारे गए हैं।



यूएनआरडब्ल्यूए के आयुक्त जनरल फिलिप लाजारिनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कई लोगों ने घायलों और बीमारों को मानवीय सहायता या चिकित्सा देखभाल प्रदान करते समय अपनी जान गंवा दी। उन्होंने यह भी बताया कि संघर्ष के मानवीय प्रभाव और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के जारी उल्लंघन को कवर करते समय 160 से अधिक पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं। 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा पर हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में गाजा में हजारों फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### गाजा से छह और इजरायली बंधकों के शव वापस

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की कैद में मारे गए छह और बंधकों के शव ढूंढकर इजरायल को लौटा दिये हैं। इजरायली प्रधानमंत्री के सलाहकार दिमित्री गेंडेलमैन ने मंगलवार को टेलीग्राम पर लिखा कि इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा सेवा के बीच एक संयुक्त अभियान में सात अक्टूबर, 2023 को नरसंहार के दिन हमास द्वारा अपहरण करके गाजा पट्टी में रखे गए छह इजरायली बंधकों के शव पाये गये और उन्हें इजरायल लाया गया।

## रूस के हमले से यूक्रेन के तेल भंडारण डिपो में लगी आग

**कीव,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन के पश्चिमी टेरनोपिल क्षेत्र में मंगलवार तड़के रूसी लक्षित हवाई हमलों से ईंधन और लुब्रिकेट (स्नेहक) तेल भंडारण डिपो में आग लग गयी। क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी और कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। टेरनोपिल क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के मुताबिक रूसी सेना ने स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे टेरनोपिल शहर के तेल भंडारण डिपो पर प्रक्षेप्य दागे गये। उन्होंने बताया गया कि आग पर काबू पाने के लिए 90 से अधिक बचाव दल और दो अग्निशमन गाड़ियों सहित 20 से अधिक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। स्थानीय अधिकारियों ने हालांकि लोगों से अपने घरों के अंदर रहने और खिड़कियां बंद करने का आग्रह किया । कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि रूस ने राजधानी में भी रात भर ड्रोन और क्रूज मिसाइल हमले किये। हालांकि हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि शहर के बाहरी इलाके में सभी हवाई लक्ष्यों को आसमान में ही ध्वस्त कर दिया गया।यूक्रेन के वायु सेना



ने कहा कि रूस ने 26 शहीद लड़ाकू ड्रोन, दो बैलिस्टिक मिसाइलें इस्कंदर एम/केएन-23, एक क्रूज मिसाइल इस्कंदर-के और कई गाइडेड मिसाइलें केएच-59 दागे। इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी के अनुसार, यूक्रेनी वायु सेना ने नौ क्षेत्रों में 25 ड्रोन, एक क्रूज मिसाइल और दो गाइडेड मिसाइलों को मार गिराया।

## चीन के विमान में डिलिवरी में यात्री की मदद करने वाली नर्स की हो रही तारीफ

**बीजिंग,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के एक विमान में निर्धारित समय से पहले महिला यात्री को प्रसव पीड़ा होने पर विमान में सवार नर्स की मदद से शिशु के जन्म होने पर मददगार नर्स की हर जगह भूरी भूरी तारीफ हो रही है। विमान में सवार महिला ने महज 820 ग्राम के एक शिशु को जन्म दिया। जच्चा और बच्चा अब अस्पताल में स्वस्थ है। इसका श्रेय नर्स और तीन स्वास्थ्य पेशेवरों को जाता है, जिन्होंने उडान में शिशु की मां को प्रसव पीड़ा होने के बाद समय पर त्वरित कार्रवाई की। नवजात और मां अस्पताल में स्वस्थ हैं। चीन के सरकारी प्रसारण चाइना मीडिया ग्रुप के वीचैट अकाउंट पर मंगलवार को प्रकाशित इस समाचार ने कई लोगों को छू लिया है और लोग इसे लाइक और इस पर कमेंट कर रहे हैं। वीचैट पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के एक अस्पताल में नवजात शिशु की देखभाल करने वाली नर्स चेन शानशान तीन अगस्त को प्रांतीय राजधानी हाइको से चीन की राजधानी बीजिंग के लिए उड़ान पर सवार थी। इस दौरान जब उसने आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए कॉल सुनी, तो सुश्री चेन मदद के लिए आगे आयी लेकिन प्रसव से पीड़ित माँ ने निर्धारित समय से पहले ही 25 सप्ताह के शिशु को जन्म दिया, जो अभी भी भ्रूण में लिपटा हुआ था। नर्स शानशान ने तुरंत शिशु को उपचार देने का किया। विमान में सवार अन्य दो डॉक्टर भी सहायता के लिए आये। नवजात शिशु भ्रूणलेम्मा में हालांकि सांस नहीं ले पा रहा था, इसलिए आपातकालीन चिकित्सा दल को तुरंत कदम उठाया और उन्होंने नवजात शिशु को बाहर निकाला, शिशु सांस नहीं ले रही थी और उसकी नाड़ी नहीं चल रही थी। सुश्री चेन ने सीपीआर और नाक से ऑक्सीजन की आपूर्ति का उपयोग करके प्रतिक्रिया दी, और चालक दल के सदस्यों से उसे गर्म रखने के लिए एक गर्म पानी की बोतल और केबिन बैग मांगा।

## आज का इतिहास

1790- जनरल मीडोस के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने तमिलनाडु के डिंडिगुल पर कब्जा किया।
1915- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इटली ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।
1931- शास्त्रीय संगीत की विशिष्ट प्रतिभा पंडित विष्णु दिगंबर का निधन हुआ था।
1938- इटली के हाई स्कूलों में यहूदी शिक्षकों पर प्रतिबंध लगाया गया था।
1944- अमरीका, ब्रिटेन, रूस और चीन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र के संगठन की योजनाओं को लेकर बैठक की।
1959- हवाई अमेरिका के 50वें प्रांत रूप में अस्तिव में आया।
1963- बुद्ध मंदिर पैगोडा में छापे के विरोध में दक्षिण वियतनाम में मार्शल लॉ की घोषणा।
1968- चेकोस्लोवाकिया के स्थानीय रेडियो ने पराग्वे पर सोवियत संघ के नेतृत्व में हमले की घोषणा।
1972- भारत में वन्यजीव संरक्षण कानून को मंजूरी।
1997- पूर्वी चीन में चक्रवाती तूफान विन्नी से 140 लोगों की मौत और तीन हजार लोग घायल।
1986- कैमरून में ज्वालामुखी विस्फोट से निकली जहरीली गैस से 2000 लोगों की मौत।
1988- भारत नेपाल सीमा पर आये तीव्र भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई थी।
2003- संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने इराक में संयुक्त शांति सेना भेजने का प्रस्ताव खारिज किया था।
2005- बंगलादेश और भारत की सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बीच संघर्ष विराम का समझौता सम्पन्न।

**जानकारी** | लुसिल रैंडन की मृत्यु के बाद ब्रान्यास दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान बनी थीं

# दुनिया की सबसे उम्रदराज इंसान का 117 साल की उम्र में निधन

**मैड्रिड, 2 अगस्त (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति मानी जाने वाली मारिया ब्रान्यास का 117 वर्ष 168 दिन की आयु में निधन हो गया है। उनके परिवार ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। जनवरी 223 में फ्रांसीसी नन लुसिल रैंडन की मृत्यु के बाद वह दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान बनी थीं। उनके परिवार ने कहा कि उनका उत्तर-पूर्वी स्पेन के ओलोट शहर में एक घर में नींद में शांति से निधन हुआ, वैसे ही जैसे वह चाहती थीं, शांत और बिना किसी दर्द के। परिवार ने कुछ दिन पहले के ब्रान्यास के कुछ अंतिम शब्द भी साझा किये हैं।**



उन्होंने कहा था कि एक दिन, जिसे मैं अभी भी नहीं जानती, लेकिन जो बहुत करीब है, यह लंबी यात्रा समाप्त हो जाएगी। इतने लंबे समय तक जीने के बाद मृत्यु मुझे थका हुआ पाएगी, लेकिन मैं चाहती हूं कि वह मुझे मुस्कुराते हुए, स्वतंत्र और संतुष्ट पाए। रोना मत, मुझे आंसू पसंद नहीं हैं और सबसे बढ़कर मेरे लिए दुखी मत होना, क्योंकि तुम मुझे जानते हो, मैं जहां भी जाऊंगी खुश रहूंगी, क्योंकि मैं किसी न किसी तरह से तुम्हें अपने साथ रखूंगी। एक पत्रकार की बेटी मारिया ब्रान्यास का जन्म 4 मार्च 1907 को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में हुआ था। वह 1914 में स्पेन लौट आईं। गिरोना के एक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा अधिकारी बनने से पहले उन्होंने शुरुआत में एक नर्स के रूप में काम किया। उनकी दो बेटियां हैं। उनके एकमात्र बेटे का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उनके 11 पोते-पोतियां, नाती-नातिन भी हैं। मारिया

- मारिया ब्रान्यास की दो बेटियां हैं, उनके 11 पोते-पोतियां, नाती-नातिन भी
- एकमात्र बेटे का 86 वर्ष की आयु में हो गया था निधन

ब्रान्यास ने 2020 में कोविड-19 वायरस को मात दी। हालांकि, उनकी बेटी रोजा ने कहा कि 2023 से उनकी हालत खराब हो गई थी। रोजा ने बताया कि उन्हें दर्द नहीं है, न ही वे बीमार हैं। उन्होंने उनकी बढ़ती उम्र को उनकी स्थिति का कारण बताया था। ब्रान्यास के बाद अब जापान के तोमिको इतूका सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गये हैं। उनका जन्म 23 मई 1908 को हुआ था।


## सुडोकू 6652

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6652



**बायें से दायें:-**
१. स्वाधीनता, गुलामी
४. जिस पर नजर न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदन पत्र
८. युद्ध संबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास-फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्जन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**
१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पायी जाने वाली श्वेत चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर-चंदन आदि से ललाट पर बनाया गया चिन्ह,टीका
१४ किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन का लेखा-जोखा रखने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग-संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तान कर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6651

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न | २ मा | न | ३ स | ■ | ४ प | द | ५ चि | न्ह |
| ड़ | ■ | त | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | ना | ■ |
| ७ म | द्धि | म | ■ | प | ■ | र्प | ■ | ८ ब | ९ हु |
| ति | ■ | ■ | ■ | १० पा | षा | णा | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ बु | ल | १२ बु | ल | ■ | ■ | १३ इं | का | र |
| ■ | ला | ■ | लं | ■ | १४ हा | द | सा | ■ | मं |
| १५ क | वा | १६ य | द | ■ | ज | ■ | १७ न | १८ क | द |
| र्ज | ■ | म | ■ | १९ व | त | २० न | ■ | च्छ | ■ |
| २१ दा | न | व | ■ | णि | ■ | २२ व | नो | प | २३ ज |
| र | ■ | २४ रा | म | ज | न | नी | ■ | ■ | ल्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6652 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

## दुनिया को जानें

### पाकिस्तान ने बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-II का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने मंगलवार को सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-II का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। पाकिस्तानी सेना ने इस बाबत जानकारी साझा की है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि परीक्षण का उद्देश्य सैनिकों को प्रशिक्षित करना, विभिन्न तकनीकी मापदंडों का बेहतर सटीकता के साथ प्रयोग करना शामिल है। आईएसपीआर के अनुसार, प्रशिक्षण प्रक्षेपण को सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान, वैज्ञानिकों और सामरिक संगठनों के इंजीनियरों के वरिष्ठ अधिकारियों ने देखा। आईएसपीआर ने कहा कि अधिकारियों ने इस उपलब्धि में योगदान देने वाले वैज्ञानिकों की तकनीकी दक्षता, समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पाकिस्तानी सेना की संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष साहिर शमशाद मिर्जा और सेवा प्रमुखों ने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को सफलता पर बधाई दी है।

# खेल जगत

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेलना चाहता हूं : स्टीव स्मिथ

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि उनका अभी संन्यास का कोई इरादा नहीं है वह लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलना चाहते हैं। स्मिथ ने हाल ही में सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का बीबीएल के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध का अभिप्राय है वह कम से कम 2026-27 तक पेशेवर क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ का मानना है कि वह इस दौरान ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अगले चार साल तक कम से कम टी-20 क्रिकेट खेलता रहूंगा। यह एक ऐसा प्रारुप है, जिसे मैं अन्य दूसरे प्रारुप के अलावा फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट में लंबे समय तक खेल सकता हूं। मैंने तीन साल का अनुबंध किया है और एक साल बाद ओलंपिक होगा। मैं ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहता हूं, यह एक बेहतरीन अनुभव होगा।



## जसप्रीत बुमराह विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज : रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हाल के दिनों में विश्व

■ 11 महीने तक बाहर रहने के बाद, बुमराह पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम में थे शामिल

क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज हैं। 30 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी चोटों के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनकर उभरा है। इस साल की शुरुआत में भारत के सफल आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 अभियान में बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे और तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज (15 विकेट) रहे और टीम में सबसे किफायती गेंदबाज (4.17) थे। वह वनडे और टेस्ट में भी समान रूप से प्रभावी रहे हैं, 50 ओवर के प्रारूप में आठवें स्थान पर और लाल गेंद से जोश हेज़लवुड के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बुमराह 2022 में पीठ की चोट से जूझते रहे – इसने उन्हें एशिया कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा कि मैंने इसे लंबे समय से कहा है, वह पिछले पांच या छह वर्षों से विश्व क्रिकेट में शायद सबसे अच्छा मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाज है। 11 महीने तक बाहर रहने के बाद, बुमराह पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की टीम में थे, जहां उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टूर्नामेंट की आधिकारिक आईसीसी टीम में पहुंचा दिया पोंटिंग का मानना है कि चोटों के बावजूद बुमराह ने पहले से बेहतर वापसी की है। पोंटिंग ने कहा कि कुछ साल पहले कुछ आशंकाएं रही होंगी जब चोटें आई थीं और क्या वह उसी तरह वापस आएगा?, लेकिन मुझे लगता है कि वह वास्तव में बेहतर तरीके से वापस आया है।अगर मैं देखूं कि उसने टी20 विश्व कप में क्या किया था – गति अभी भी है, सटीकता या वह जो दे सकता है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। कौशल सेट सभी समान है. वह साल दर साल बेहतर होता जा रहा है। तो, वह वहीं ऊपर रैंक करेगा। अनुभवी बल्लेबाज ने बुमराह की तुलना तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा और जेम्स एंडरसन से की उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों पर वास्तविक आकलन पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है और जब आप विशेष रूप से उसके (बुमराह) के बारे में विपक्षी बल्लेबाजों से बात करते हैं, तो यह हमेशा होता है, नहीं, वह एक बुरा सपना है!





## राजनीति में शामिल हो सकती हैं विनेश : सूत्र

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में इस समय महिला पहलवान विनेश फोगाट की चर्चा है। पेरिस ओलंपिक में अपनी वेट कैटेगरी से मात्र 100 ग्राम अधिक वजन के कारण वो डिसक्वालिफाई हो गईं। अब खबर आ रही है कि पेरिस से निराश होकर लौटी दिग्गज पहलवान के आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। विनेश के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विनेश ने पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी। लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार, कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विनेश पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गईं, क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सोनीपत स्थित उनके गांव बलाली में विनेश का जोरदार स्वागत किया गया। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका माल्यार्पण किया। हालांकि, विनेश किस पार्टी में शामिल होंगी, इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। फोगाट परिवार के करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, कि हां, क्यों नहीं? संभावना है कि हरियाणा विधानसभा में विनेश फोगाट बनाम बबीता फोगाट और बजरंग पुनिया बनाम योगेश्वर दत्त मुकाबला देखने को मिले। 2024 ओलंपिक फाइनलिस्ट पहलवान की भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर फोगाट परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया, जैसे ही विनेश एयरपोर्ट से बाहर निकलीं। उनके प्रशंसकों, परिवार और दोस्तों ने उनका जोरदार स्वागत किया, जो सुबह के समय के बावजूद बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। जबरदस्त समर्थन और स्नेह ने कुश्ती आइकन को भावुक कर दिया।

## सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता

**सिनसिनाटी (यूएसए),** 20 अगस्त (एजेंसियां)। आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जेसिका पेगुला को हराकर जनवरी के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपना पहला खिताब हासिल किया। बेलारूसी खिलाड़ी ने अपना प्रभावी प्रदर्शन करते हुए केवल 76 मिनट में 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, जो उनके करियर का 15वां खिताब और डब्ल्यूटीए 1,000 स्तर पर उनका छठा खिताब है।

इस जीत से अमेरिकी पेगुला की नौ मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया, जिसने हाल ही में अपने कनाडाई ओपन खिताब का बचाव किया था। सबालेंका, जो जल्द ही दुनिया की नई नंबर दो खिलाड़ी बन जाएंगी, ने मैच पर जल्दी ही नियंत्रण कर लिया, चौथे गेम में पेगुला की सर्विस तोड़ दी और पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 26 वर्षीय खिलाड़ी को कुछ देर के लिए लड़खड़ाना पड़ा, जब पेगुला ने वापसी की, जबकि सबालेंका 5-4 पर खिताब के लिए सर्विस कर रही थीं। हालाँकि, सबालेंका ने तुरंत अपना संयम वापस पा लिया, पेगुला की सर्विस को फिर से तोड़ दिया और आत्मविश्वास से मैच जीत लिया।



■ सबालेंका जल्द ही दुनिया की नई नंबर दो खिलाड़ी बन जाएंगी

यह जीत सबालेंका की दुनिया की नंबर एक इगा स्वीयाटेक पर प्रभावशाली सेमीफाइनल जीत के बाद हुई, जिसने 26 अगस्त से शुरू होने वाले आगामी यूएस ओपन के लिए उनकी तैयारी को प्रदर्शित किया।

महिला टी-20 रैंकिंग

## करियर के सर्वोच्च स्थान पर हर्षिता समरविक्रमा और गैबी लुईस

**दुबई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा और आयरलैंड की गैबी लुईस ने डबलिन में टी20 सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी 20 रैंकिंग में करियर के सर्वोच्च स्थान हासिल किया। दूसरे टी20 मैच में 44 गेंदों पर 65 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाली समरविक्रमा तीन पायदान ऊपर चढ़कर टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी ओर, लुईस की 75 गेंदों पर 119 रनों की शानदार मैच विजयी पारी, जिसमें 17 चौके और दो छक्के शामिल थे, ने उन्हें चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंचा दिया, जो जुलाई 2022 से उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाली आयरलैंड की कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। मंगलवार को घोषित नई रैंकिंग अपडेट में दूसरे टी20 के साथ-साथ श्रीलंका और आयरलैंड के बीच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप (आईडब्ल्यूसी) वनडे सीरीज के पहले दो मैचों के प्रदर्शन को शामिल किया गया है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाले आयरलैंड के कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्रीलंका में अब तक 131 रन बनाकर आयरलैंड की शीर्ष रन बनाने वाली खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 28वीं रैंकिंग हासिल करने के लिए नौ पायदान की छलांग लगाई है। लीह पॉल ने भी चार पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि एमी हंटर 10 पायदान ऊपर चढ़कर अब संयुक्त 34वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के लिए, चामरी अथापथु के वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना से पीछे चौथे स्थान पर खिसकने के बावजूद, अन्य खिलाड़ियों को लाभ हुआ है। नीलाक्षिका डी सिल्वा (तीन पायदान ऊपर 32वें स्थान पर), समरविक्रमा (आठ पायदान ऊपर 44वें स्थान पर) और कविशा दिलहारी (चार पायदान ऊपर 50वें स्थान पर) सभी ने अपनी रैंकिंग में सुधार किया है।



■ लुईस की 75 गेंदों पर 119 रनों की शानदार मैच विजयी पारी

## सत्य प्रकाश सांगवान भारतीय पैरालंपिक दल के शेफ डी मिशन नियुक्त

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए भारतीय दल का शेफ डी मिशन (सीएमडी) नियुक्त किया है। सांगवान, जो पीसीआई के उपाध्यक्ष भी हैं, अपने साथ पैरालंपिक आंदोलन में एक दशक से अधिक का अनुभव लेकर आए हैं। सीएमडी के रूप में, सांगवान 12 खेल विषयों में प्रतिस्पर्धा करने वाले 84 पैरा-एथलीटों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल का नेतृत्व करेंगे। यह सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी कि भारतीय दल को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आवश्यक समर्थन और मार्गदर्शन मिले। पीसीआई ने मंगलवार को एक बयान में जानकारी दी, शेफ डी मिशन की स्थिति एक बहुआयामी भूमिका है जिसके लिए नेतृत्व, मार्गदर्शन और रणनीतिक योजना की आवश्यकता होती है। सांगवान राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के निर्बाध संचालन की देखरेख करने, सकारात्मक और सहायक वातावरण को बढ़ावा देने और



एथलीटों को अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त करते हुए, सांगवान ने कहा कि यह जिम्मेदारी सौंपा जाना एक बड़ा सम्मान है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि हमारे एथलीटों के पास सफल होने और पैरालंपिक में भारत को गौरवान्वित करने के लिए आवश्यक सब कुछ है।

## पहली बार एक ही ओवर में बने रिकॉर्ड सर्वाधिक 39 रन

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। समोआ के बल्लेबाज डैरियस वीसे ने वनुआतु के खिलाफ टी-20 विश्वकप ईस्ट एशिया-पैसिफिक रीजन क्वालिफायर मुकाबले में अब तक के सभी रिकॉर्डों को ध्वस्त करते हुए एक ही ओवर में छह छक्के के साथ ही टीम के खाते में 39 रन जोड़े का अद्भुत कारनामा किया। इस ओवर में हुई तीन नो बॉलों के कारण यह टी-20 इतिहास में एक ओवर में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं यह कारनामा समोआ की पारी के 15वें ओवर में हुआ। नलिन निपिको ने जब इस ओवर की शुरुआत की तो वीसे ने उनकी पहली तीन गेंदों पर डीप मिड विकेट के ऊपर लगातार छक्के लगाये। इसके ठीक बाद निपिको ने फ्रंटफुट नो बॉल डाली और फ्री हिट पर वीसे ने लेग साइड में छक्का लगा दिया। हालांकि इसकी अगली गेंद खाली रही और गेंद नॉन स्ट्राइकर एंड पर स्टंप्स से टकरा गई। निपिको ने एक बार फिर ओवरस्टेप किया और अगली गेंद पर उन्होंने हाइट की नो बॉल डाल दी, जिसे वीसे ने फाइन लेग के ऊपर से पुल कर सीमा रेखा के पार पहुंचा दिया। ओवर की अंतिम गेंद ऑफ स्टंप के बाहर लो फुल टॉस थी जिसे वीसे ने स्क्वायर लेग के ऊपर से छक्का जड़ दिया।



## पंत और इशांत की टिप्स से आश्वस्त हैं ललित यादव

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पुरानी दिल्ली 6 को भले ही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शुरुआती झटके का सामना करना पड़ा हो लेकिन बल्लेबाज ललित यादव टीम की संभावनाओं को लेकर काफी आश्वस्त हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि टीम अनुभवी गेंदबाज इशांत शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से काफी कुछ सीख रही है, जो निश्चित तौर पर निकट भविष्य में खिलाड़ियों के काम आएगा। डीपीएल का उद्घाटन संस्करण शनिवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हुआ। ऋषभ पंत की अगुवाई में पुरानी दिल्ली 6 ने अपने पहले मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के खिलाफ शुरुआती खेल तो अच्छा दिखाया, लेकिन दुर्भाग्य से कोशिश जीत में तब्दील न हो सकी। टीम की हार पर बोलते हुए धाकड़ बल्लेबाज ललित यादव ने कहा कि आखिरी गेम के बाद, हमने एक टीम के रूप में काफी चर्चा परिचर्चा की और टीम से जो गलतियां हुईं उस पर गहन विचार किया।

■ डीपीएल का उद्घाटन संस्करण नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हुआ



मुझे लगता है हम कल के खेल के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सभी खिलाड़ियों ने ऋषभ भैया और ईशांत भैया के साथ काफी बातचीत की जो निश्चित ही उनके मनोबल को बढ़ाएगा। कई खिलाड़ियों के लिए उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना किसी सपने के सच होने जैसा है। डीपीएल पर बात करते हुए 82 टी20 खेल चुके ललित यादव ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग को लेकर हमारी टीम का माहौल काफी सकारात्मक है, यह लीग युवा प्रतिभाओं के लिए भविष्य की चाभी की तरह है। पुरानी दिल्ली 6 अब अपना अगला मुकाबला मंगलवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ जबकि तीसरा मैच बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस के साथ खेलेगी।

**पुरानी दिल्ली 6 टीम :** ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्णव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

## चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर



**ब्यूनस आयर्स,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी चोट के कारण अगले महीने चिली और कोलंबिया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालिफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

37 वर्षीय खिलाड़ी को एल्बीसेलेस्टे की 28 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वह जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी रिवर प्लेट के गोलकीपर फ्रेंको अरमानी को भी बाहर रखा गया, साथ ही रोमा के फारवर्ड पाउलो डायबाला को भी बाहर रखा गया। मिडफील्डर एजेक्विएल फर्नांडीज और स्ट्राइकर वैलेन्टिन कैस्टेलानोस को पहली बार बुलाया गया था, जबकि युवा प्रतिभाएं एलेजांद्रो गार्नाचो, वैलेन्टिन कार्बोनी, वैलेन्टिन बारको और मटियास सोल को भी शामिल किया गया है। अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से और पांच दिन बाद बैरेंक्विला में कोलंबिया से भिड़ेगा। एल्बीसेलेस्टे वर्तमान में छह मैचों में 15 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है।

■ कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं मेसी

अर्जेंटीना टीम: गोलकीपर : वाल्टर बेनिटेज (पीएसवी आइंडहोवेन), गेरोनिमो रूली (ओलंपिक डी मार्सिले), जुआन मुसो (अटलांटा), एमिलियानो मार्टिनेज (एस्टन विला)।

**डिफेंडर :** गोंजालो मोंटिएल (सेविला), नहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटेनहम हॉटस्पर), जर्मन पेजेला (रिवर प्लेट), लियोनार्डो बालेर्डी (ओलंपिक मार्सिले), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), लिसेंड्रो मार्टिनेज (मैनचेस्टर यूनाइटेड), निकोलस टैग्लियाफिको (ओलंपिक लियोनिस), वैलेन्टिन बारको (ब्राइटन और होव एल्बियन)।

**मिडफील्डर :** गुइडो रोड्रिगेज (वेस्ट हैम यूनाइटेड), एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंजो फर्नांडीज (चेल्सी), जियोवानी लो सेल्सो (टोटेनहम हॉटस्पर), एजेक्विएल फर्नांडीज (अल कादसिया), रोड्रिगो डी पॉल (एटलेटिको मैड्रिड), निकोलस गोंजालेज (फियोरेंटीना) ), लिएंड्रो पेरेडेस (एएस रोमा)।

### सार संक्षेप

#### धामी ने पेरिस ओलंपिक खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को पेरिस ओलिंपिक में प्रतिभाग कर वापस आए खिलाड़ियों अंकिता ध्यानी, परमजीत सिंह और सूरज पंवार ने मुलाकात की। आज यहां मुख्यमंत्री आवास पर श्री धामी ने तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री धामी ने तीनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में पूरे समर्पण से अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और प्रदेश की जनता उनके साथ है। उल्लेखनीय है कि पेरिस ओलंपिक में सूरज पंवार ने 42 किमी रेस वॉक मिक्स्ड रिले, परमजीत सिंह ने 2 किमी रेस वॉक एवं अंकिता ध्यानी ने 5 मीटर में प्रतिभाग किया।

#### सुब्रतो कप सब-जूनियर से तीन टीमें डिस्क्वालिफाई

**बेंगलुरु।** 63वें सुब्रतो कप सब-जूनियर बॉयज इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में तीन टीमों को ओवरएज खिलाड़ियों को मैदान में उतारने के कारण टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। यह टूर्नामेंट आज बेंगलुरु में शुरू हुआ था। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी द्वारा की गई, जो वायुसेना खेल नियंत्रण बोर्ड के तहत काम करती है। उन्होंने बताया कि तीन अन्य टीमों की रिपोर्ट का इंतजार है, जो कल प्राप्त होगी, और उन परिणामों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। टूर्नामेंट से बाहर की गई टीमें नाज़रेथ मॉडल हाई स्कूल, दीमा हसाओ, असम; नेहरू पब्लिक स्कूल, जमुई, बिहार; और उल्टो सरकारी मॉडल हाई स्कूल, विष्णुपुर, मणिपुर थीं।



## रावलपिंडी टेस्ट के लिए तेज आक्रमण चुनना एक सही फैसला : शान मसूद

**रावलपिंडी,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद ने यहां पहले टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ तेज आक्रमण अपनाने के टीम के फैसले का समर्थन किया है और बताया कि यह कदम आयोजन स्थल पर खेले गए घरेलू मैचों के परिणामों का विश्लेषण करने के बाद उठाया गया है। शाहीन शाह आफरीदी और नसीम शाह पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे जबकि खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली तेज गेंदबाजी चौकड़ी को पूरा करेंगे। शुरुआती टेस्ट के लिए अंतिम 11 में ऑलराउंडर सलमान अली आगा एकमात्र स्पिन-गेंदबाजी विकल्प हैं। मसूद ने मंगलवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि रावलपिंडी में, जब भी हमने घरेलू क्रिकेट खेला है, परिस्थितियों तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के पक्ष में रही हैं। स्पिन-गेंदबाजी इतना बड़ा खतरा नहीं रही है। इसलिए, हम कुछ नया लागू करने के बजाय घरेलू क्रिकेट में जो करते हैं उसे आगे बढ़ाना चाहते हैं, जो हमें आम तौर पर रावलपिंडी में नहीं मिलता है। मध्यक्रम के बल्लेबाज ने मीर हमजा पर मोहम्मद अली के चयन के पीछे की विचार प्रक्रिया को साझा किया। यदि आप अलग से देखें, तो आप इस बात पर बहस कर सकते हैं कि इस विशेष गेंदबाज को दूसरे गेंदबाज की तुलना में क्यों तरजीह दी गई। हमने विचार किया कि शाहीन आफरीदी और नसीम शाह का सबसे अच्छा समर्थन कौन कर सकता है, जो उम्मीद है कि कल नई गेंद लेंगे। हमारा मानना है कि मोहम्मद अली इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। वह डेक पर जोरदार प्रहार करता है, गेंद को सीम के साथ हवा में घुमा सकता है और उसके पास अतिरिक्त गति है। यह एक गेंदबाज के दूसरे से बेहतर होने के बारे में नहीं है, बल्कि यह है कि कौन परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त है। 34 वर्षीय को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलने की उम्मीद है और उन्होंने श्रृंखला के शेष मैचों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने पर जोर दिया है। अब तक पांच टेस्ट मैचों में दो जीत और तीन हार के बाद पाकिस्तान फिलहाल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में छठे स्थान पर है। भारत शीर्ष पर है, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पांच स्थानों पर हैं। मसूद ने कहा कि और हमारे लिए, फिर से, हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति को देखना होगा। हां, यह पहले छठा और सातवां था। हां, हम स्पष्ट रूप से इस बार फाइनल खेलना चाहेंगे। इसलिए यदि आप फाइनल में खेलना चाहते हैं तो हमें अपने घरेलू टेस्ट मैच जीतने होंगे। अगर हमें जीतना है तो हमें लगातार 20 विकेट लेने होंगे और जाहिर तौर पर हमारे बल्लेबाजों को पर्याप्त स्कोर बनाना होगा और गेंदबाजों को ये 20 विकेट लेने का समय देना होगा। मुझे लगता है कि यह अच्छा और रोमांचक क्रिकेट खेलने के बारे में है। देखिए, हम सभी चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट मजेदार हो, टेस्ट क्रिकेट आनंददायक हो, प्रशंसकों और हम खिलाड़ियों दोनों के लिए। जब हम टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो हम इसके बारे में उत्साहित होना चाहते हैं और वही उत्साह लाना है जो हम किसी भी प्रारूप में लाते हैं, हमारी चुनौती सही परिणाम प्राप्त करना है, साथ ही एक ऐसा क्रिकेट खेलना है जो सभी के लिए रोमांचक हो। सीरीज का पहला टेस्ट बुधवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

■ शाहीन शाह आफरीदी और नसीम शाह पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे



रावलपिंडी में, जब भी हमने घरेलू क्रिकेट खेला है, परिस्थितियाँ तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों के पक्ष में रही है : शान मसूद

पाकिस्तान की प्लेइंग इलेवन: अब्दुल्ला शफीक, सईम अयूब, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील (उपकप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, शाहीन शाह आफरीदी, नसीम शाह, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फिन सर्व | 3.25 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.29 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.12 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.57 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.42 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.37 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.46 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.27 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.21 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.16 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 72016 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 81750 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2650-2750 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4500-4600 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 7000-7100 |
| दाल चना | 8000-8100 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 12400-12500 |
| मूंग दाल | 10200-10300 |
| अरहर दाल | 10800-10900 |


## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## रत्न-आभूषण निर्यात जुलाई में 23.28 प्रतिशत, आयात 16.59 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में रत्न और आभूषण उद्योग के लिए शीर्ष निकाय, रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2024 में रत्न और आभूषणों का कुल सकल निर्यात 166.54 करोड़ डॉलर (13922.03 करोड़ रुपए) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 217.07 करोड़ डॉलर (17831.68 करोड़ रुपए) की तुलना में 23.28 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।



- पिछले वर्ष की इसी अवधि के 217.07 करोड़ डॉलर की तुलना में 23.28 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है
- निर्यात में गिरावट मुख्य कारण वैश्विक अशांति के कारण उपभोक्ता मांग में कमी आना

इस उद्योग के अनुसार निर्यात में गिरावट मुख्य कारण वैश्विक अशांति के कारण उपभोक्ता मांग में कमी आना है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भर के उपभोक्ता बाजार सावधानीपूर्वक खरीदारी के निर्णय ले रहे हैं। जीजेईपीसी की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में रत्न एवं आभूषणों के समग्र आयात में 16.59 प्रतिशतकी गिरावट देखी गई है और आयात पिछले वर्ष की इसी अवधि के 168.4 करोड़ डॉलर (13831.79 करोड़ रुपए) की तुलना में करीब 140.5 करोड़ डॉलर (11738.92 करोड़ रुपये) रहा। उद्योग का अनुमान है कि यह गिरावट अस्थायी है और देश में भारतीय त्योहारी सीजन की शुरुआत के करीब आने पर यह बहुत मजबूती से वापस आ जाएगी। इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह ने कहा, 'पिछले डेढ़ साल से रत्न एवं आभूषण उद्योग अनिश्चित समय से गुजर रहा है, जिसमें व्यापार गतिविधियां धीमी रही हैं। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के फिर से उभरने से परिदृश्य फिर से अनिश्चितता की ओर मुड़ गया है। इसके अलावा, इस साल दुनिया के 60 से ज़्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं, जिससे कुछ समय के लिए व्यापार गतिविधियों पर प्रतिबंध लग सकते हैं, जिससे मांग प्रभावित होगी।'

श्री शाह ने कहा, 'हमें वैश्विक परिदृश्य पर बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है, जिससे साल के बाकी समय में व्यापार गतिविधियों के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। घरेलू बाज़ार के संदर्भ में, हम आने वाले त्योहारी सीज़न में मज़बूत मांग के साथ फ़ायदेमंद रहने की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि खरीदार निश्चित रूप से हाल ही में संपन्न केंद्रीय बजट में घोषित सोने, चांदी और प्लेटिनम पर कम सीमा शुल्क का सबसे ज़्यादा फ़ायदा उठाएंगे, जिससे देश में व्यापार गतिविधियों में फिर से जान आएगी।'

## लोकल मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने से एमसीई इंडस्ट्री को मिलेंगे 25,000 करोड़ रुपए के वार्षिक अवसर

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की ओर से इन्फ्रास्ट्रक्चर पर अधिक जोर दिए जाने के कारण माइनिंग और कंस्ट्रक्शन उपकरण (एमसीई) इंडस्ट्री के लिए 25,000 करोड़ रुपए के वार्षिक अवसर वित्त वर्ष 2030 तक उपलब्ध होंगे। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एमसीई इंडस्ट्री में अगले पांच से सात वर्षों में उपकरणों का स्थानीयकरण 50 से 70 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा और इसका नेतृत्व अंडरकैरिज और प्रीसीजन हाइड्रोलिक जैसे उपकरणों द्वारा किया जाएगा। भारत की माइनिंग और कंस्ट्रक्शन उपकरण (एमसीई) इंडस्ट्री बिक्री किए जाने वाले उपकरणों के वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया में तीसरे नंबर पर है। भारत द्वारा अपनी जरूरतों का 50 प्रतिशत (वैल्यू के आधार पर) चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों से आयात किया जाता है। आयात किए जाने वाले उपकरणों में हाइड्रोलिक, अंडरकैरिज और हाई-टेक इलेक्ट्रोनिक्स जैसे इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट्स (ईसीयू), सेंसर टेलीमेटिक्स शामिल है। आईसीआरए के सेक्टर हेड- कॉरपोरेट रेटिंग्स ऋतु गोस्वामी ने कहा, 'हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की हो सकती है। ऐसे में सरकार आने वाले समय में इंस्ट्रास्ट्रक्चर विकास पर जोर जारी रखेगी।' रिपोर्ट में आगे कहा गया कि इस सेक्टर



- एमसीई इंडस्ट्री में अगले पांच से सात वर्षों में उपकरणों का स्थानीयकरण 50 से 70 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा

में आयात पर निर्भरता काफी अधिक है और भारत में इन उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक अच्छा बेस तैयार हो गया है, जिससे आने वाले समय में कंपनियों के लिए विकास के काफी अवसर हैं। गोस्वामी ने कहा कि स्थानीयकरण बढ़ने से सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपूर्ति श्रृंखला के लिए पैदा होने वाले वैश्विक जोखिमों का खतरा कम हो जाएगा और देश में रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे। अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय एमसीई इंडस्ट्री की वॉल्यूम में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## इंडिगो नई दिल्ली-विजयवाड़ा मार्ग पर 14 सितंबर से शुरू करेगी सीधी दैनिक-उड़ान



**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। एयरलाइन इंडिगो ने नयी दिल्ली और विजयवाड़ा के बीच 14 सितंबर से दैनिक सीधी-उड़ान सेवा शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। इंडिगो के वैश्विक सेल्स के प्रमुख विनय मल्होत्रा ने एक बयान में कहा, विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश में एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में उभर रहा है, ये उड़ानें लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करने और आर्थिक अवसरों को आगे बढ़ाने की दिशा में सहायक होंगी।' इंडिगों ने कहा है कि इसके साथ विजयवाड़ा से देश के नौ शहरों के लिए सप्ताह में कुल उड़ानों की संख्या 135 हो जाएगी।

## मैसेजिंग सेवाओं के दुरुपयोग रोकने के लिए एक्सेस सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज मैसेजिंग सेवाओं के दुरुपयोग को रोकने और उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए किए गए उपायों को लागू करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। ट्राई ने मंगलवार को जारी निर्देश के माध्यम से सभी एक्सेस सेवा प्रदाताओं को विभिन्न उपाय सुनिश्चित करना अनिवार्य किया है। उसने बेहतर निगरानी और नियंत्रण के लिए एक्सेस सेवा प्रदाताओं को 140 सीरीज से शुरू होने वाली टेलीमार्केटिंग कॉलों को 30 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन डीएलटी प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। 1 सितंबर 2024 से, सभी एक्सेस सेवा प्रदाताओं को ऐसे यूआरएल, एपीके, ओटीटी लिंक या




एक्सेस सेवा प्रदाताओं को 140 सीरीज से शुरू होने वाली टेलीमार्केटिंग कॉलों को 30 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन डीएलटी प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया


कॉल बैक नंबर वाले संदेश प्रसारित करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, जो प्रेषकों की सूची में नहीं हैं। किसी संदेश की स्थिति का पता लगाने की संभावना बढ़ाने के लिए, ट्राई ने यह जरूरी कर दिया है कि 1 नवंबर 2024 से प्रेषक से प्राप्तकर्ता तक सभी संदेशों के बारे में पता चल सके। अपरिभाषित या बेमेल टेलीमार्केटर श्रृंखला वाले किसी भी संदेश को अस्वीकार कर दिया जाएगा। प्रचार सामग्री के रूप में टेम्पलेट्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए, ट्राई ने गैर-अनुपालन के लिए दंडात्मक उपाय शुरू किए हैं। गलत श्रेणी के तहत पंजीकृत सामग्री टेम्पलेट्स को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, और बार-बार उल्लंघन करने पर प्रेषक की सेवाओं को एक महीने के लिए बंद कर दिया जाएगा।

विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, डीएलटी पर पंजीकृत सभी हेडर और कंटेंट टेम्प्लेट को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। इसके अलावा, एक ही कंटेंट टेम्प्लेट को कई हेडर से लिंक नहीं किया जा सकता है।

## फेड रिजर्व के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीद में चढ़ा बाजार

**मुंबई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस सप्ताह के अंत में ब्याज दरों में कटौती के और संकेत देने की उम्मीद और चीन से धातुओं की मांग बढ़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब आधी फीसदी चढ़ गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 378.18 अंक की छलांग लगाकर 80,802.86 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 126.20 अंक की तेजी के साथ 24,698.85 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में दमदार लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.98 प्रतिशत उछलकर 48,113.24 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत मजबूत होकर 54,856.49 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4037 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2371 में तेजी जबकि 1561 में गिरावट रही वहीं 105 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में लिवाली जबकि 12 में बिकवाली हुई। बीएसई में कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी की 0.01 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 में तेजी रही। इससे कमोडिटीज 0.42, डीसी 0.47, ऊर्जा 0.24, वित्तीय सेवाएं 1.19, हेल्थकेयर 0.49, इंडस्ट्रियल्स 0.26, आईटी 0.76, दूरसंचार 0.38, यूटिलिटीज 1.07, ऑटो 0.75, बैंकिंग 0.84, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 0.66, तेल एवं गैस 0.04, पावर 0.80, रियल्टी 0.23, टेक 0.34 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.36 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.73, जर्मनी का डैक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.93 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जापान के निक्केई में 1.80 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 298 अंक की तेजी के साथ 80,722.54 अंक पर खुला जबकि बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,517.95 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली के बल पर दोपहर बाद 80,942.96 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,424.68 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत मजबूत होकर 80,802.86 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 76 अंक चढ़कर 24,648.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,607.20 अंक के निचले जबकि 24,734.30 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 24,572.65 अंक की तुलना में 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24,698.85 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फिन सर्व 3.25, इंडसइंड बैंक 2.29, टेक महिंद्रा 2.12, बजाज फाइनेंस 1.57, कोटक बैंक 1.42, एक्सिस बैंक 1.12, सन फार्मा 1.03, एनटीपीसी 0.84, एशियन पेंट 0.82, नेस्ले इंडिया 0.82, एसबीआई 0.78, टीसीएस 0.74, रिलायंस 0.54, एलटी 0.50, इंफ़ोसिस 0.50, मारुति 0.48, एचसीएल टेक 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.36, आईसीआईसीआई बैंक 0.36, टाइटन 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.24, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.21, पावरग्रिड 0.15 और टाटा स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, भारती एयरटेल 1.37, आईटीसी 0.46, अडानी पोर्ट्स 0.27, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.21, अल्ट्रासिमको 0.16 और टाटा मोटर्स के शेयर 0.10 प्रतिशत गिर गए।

## भारत में एफडीआई निवेश अप्रैल-जून तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 26.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के ताजा मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 6.9 अरब डॉलर का शुद्ध एफडीआई निवेश आया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 4.7 अरब डॉलर था। मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंसियल सर्विसेज, कम्यूनिकेशन सर्विसेज, कम्प्यूटर सर्विसेज, इलेक्ट्रिसिटी, एनर्जी और अन्य सेक्टर में 80 प्रतिशत ग्रॉस एफडीआई इन्फ्लो आया है। आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड, यूएस और बेल्जियम से 75 प्रतिशत एफडीआई आया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 9.8 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश आया था, जो कि इससे पहले के वर्ष में 28 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2021-22 में 38 अरब डॉलर था।




रिपोर्ट में बताया गया कि 2023-24 में घटने के बाद निर्यात में 2024-25 में अब तक बढ़त देखने को मिली है। चीन को छोड़कर निर्यात के कुल मूल्य में लगभग आधा हिस्सा रखने वाले शीर्ष 10 गंतव्यों देशों में से नौ में मांग में बढ़त दर्ज की जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की निर्यात बास्केट में इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग गुड्स का भार बढ़ता जा रहा है। वहीं, पारंपरिक निर्यात जैसे ज्वेलरी, टेक्सटाइल, गारमेंट्स, लेदर और समुद्री उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता खो रहे हैं।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट की गिरावट लेकर 3864 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट उतरकर 38.84 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

## एक साल में जुड़े इंटरनेट के 7.3 करोड़, ब्रॉडबैंड के 7.7 करोड़ नए ग्राहक

**नई दिल्ली,** 20 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या पहुंची 119.9 करोड़ के पार पहुंच गई है जबकि ब्रॉडबैंड ग्राहको की संख्या 9.15 प्रतिशत बढ़ी है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में विभिन्न सेवाओं में हो रहे तेज विकास और उनके मापदंडों पर प्रकाश डाला गया है। सेवा प्रदाताओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान देश में कुल टेली-घनत्व (टेलीफोन सुविधा प्राप्त आबादी का अनुपात) 31 मार्च 2024 को 85.69 प्रतिशत पर पहुंच गया। यह 31 मार्च 2023 में 84.51 प्रतिशत था। इस प्रकार इसमें 1.39 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या 88.1 करोड़ से बढ़कर 95.4 करोड़ हो गई जो 8.30 प्रतिशत



- देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या पहुंची 119.9 करोड़ के पार पहुंच गई
- ब्रॉडबैंड ग्राहको की संख्या 9.15 प्रतिशत बढ़ी

की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष के दौरान 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक जुड़े। ब्रॉडबैंड सेवाओं में भी तेजी जारी रही। ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या एक साल पहले के 84.6 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 92.4 करोड़ हो गई।

इसके साथ ही वायरलेस डेटा ग्राहकों की संख्या 7.93 प्रतिशत बढ़ी और एक साल में 84.6 करोड़ से बढ़कर 91.3 करोड़ पर पहुंच गई। इसके अलावा, कुल वायरलेस डेटा उपयोग 21.69 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वर्ष 2022-23 के दौरान 1,60,054 पीबी (पेटाबाइट) से बढ़कर वर्ष 2023-24 के दौरान 1,94,774 पीबी हो गया। एक पीबी में 10 लाख जीबी होते हैं।

देश में टेलीफोन ग्राहकों की कुल संख्या मार्च 2023 के अंत में 117.2 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 119.9 करोड़ हो गई, यानी एक साल में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में प्रति ग्राहक प्रति माह औसत उपयोग के मिनट (एमओयू) वर्ष 2022-23 के दौरान 919 से बढ़कर 2023-24 में 963 हो गए। वित्त वर्ष के दौरान टेलीकॉम कंपनियों के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) में 8.24 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। यह वर्ष 2022-23 के 2,49,908 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 2,70,504 करोड़ रुपये हो गया।

**सार संक्षेप**

### आईडीबीआई बैंक ने सावधि जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट योजना पर सीमित अवधि के लिए ब्याज दरों में वृद्धि की मंगलवार को घोषणा की। इस विषय में जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार बैंक ने 444 दिन और 375 दिन की विशेष अवधि की जमाओं पर ब्याज दरों में वृद्धि कर क्रमशः 7.85 प्रतिशत और 7.75 प्रतिशत वार्षिक कर दी है। यह पेशकश 3 सितंबर तक बनी रहेगी। इसके अलावा, आईडीबीआई बैंक उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट योजना के तहत अन्य विशेष अवधि पर प्रतिस्पर्धी दरों की पेशकश बनाये रखते हुये 7 दिनों की अवधि के लिए अधिकृत 7.7 प्रतिशत तथा 3 दिनों की जमा पर 7.55 प्रतिशत की वार्षिक दर से ब्याज देगा।

### एल एंड टी फाइनेंस ने क्रेड के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड और क्रेड ने एक नई साझेदारी शुरु करने की मंगलवार को घोषणा की जिससे क्रेड के सदस्यों को बिना जमानत के पर्सनल लोन की सुविधा मिलेगी। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी से, ग्राहकों को लचीली भुगतान अवधि और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ कुछ ही मिनटों में कर्ज मंजूर किए जा सकेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एल एंड टी फाइनेंस कर्ज कारोबार में अपने सह-ऋणदाता सहयोगी न्यूटैप फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (न्यूट्रैप) के साथ यह पेशकश करेगा। न्यूट्रैप एक गैर बैंकिंग बीमा कंपनी (एनबीएफसी) है। एल एंड टी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुदीप्ता रॉय ने कहा, 'हम क्रेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह साझेदारी हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में मदद करेगी और हमारी वित्तीय सेवाओं को और मजबूत बनाएगी।'

क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह ने कहा, 'यह साझेदारी हमारे सदस्यों को सशक्त बनाने का एक अवसर है और इससे उनको आसानी से कर्ज मिल सकेगा।'

### जोमैटो में हुई 5,438 करोड़ रुपए की ब्लॉक डील, 21 करोड़ शेयरों का हुआ सौदा

**मुंबई।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयर में मंगलवार को 21 करोड़ शेयरों (2.4 प्रतिशत इक्विटी) का सौदा हुआ। इसकी वैल्यू करीब 5,438.5 करोड़ रुपए थी। यह ब्लॉक डील एंटफिन सिंगापुर की ओर से 258 रुपए प्रति शेयर के भाव पर किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद जोमैटो का शेयर हल्की गिरावट के साथ 259.58 रुपए पर शुरुआती कारोबार में ट्रेड कर रहा था। एंटफिन सिंगापुर के पास जोमैटो में 4.24 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। इसकी वैल्यू करीब 1[illegible] करोड़ रुपए की थी। रिपोर्ट में बताया गया कि इस ब्लॉक डील के साथ ही एंटफिन के लिए 9 दिनों का लॉक-इन- पीरियड शुरू हो गया है। इसके बाद ही एंटफिन कोई दूसरा सौदा बाजार में कर पाएगी।

# छुट्टियों के बाद दिखा मौसमी बीमारी का कहर

## सिम्स व जिला अस्पताल में मरीजों की लगी लंबी कतारें



### सिम्स में 1701, जिला अस्पताल में 478 मरीजों का हुआ उपचार

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार पड़ रही छुट्टियों को देखते हुए प्रबंधन को भी मालूम था कि मंगलवार को मरीजों की अत्यधिक भीड़ उमड़ने वाली है। इसे ध्यान में रखते हुए चिकित्सको व अन्य स्टाफ को सुबह 9 बजे से पहले ही उपस्थित रहने के लिए कहा गया था।

सुबह ओपीडी शुरू होते ही बड़ी संख्या में मरीज पहुंच गए। जिला अस्पताल व सिम्स का एक जैसा ही हाल रहा। पर्ची कटवाने सबसे ज्यादा भीड़ रही। लगातार तीन दिनों के छुट्टियों के बाद मंगलवार को जिला अस्पताल व सिम्स में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। मौसमी बीमारी का प्रकोप ने इस भीड़ को और भी बढ़ा दिया। दोनो जगह सुबह 9 बजे ओपीडी चालू होते ही मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी। इसकी वजह से लंबी लाइन लगने से मरीजों को परेशान होना पड़ा। भीड़ इतनी अधिक रही कि दोपहर दो बजे तक ओपीडी खत्म होने के समय पर भी सैकड़ों मरीज लाइन में खड़े रहे और अंत में ओपीडी बन्द होने पर इलाज से वंचित हो गए।

सिम्स में 1701 तो जिला अस्पताल में 478 मरीजों का उपचार किया गया। मरीजों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा। संख्या ज्यादा होने से मरीजों के साथ चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को भी परेशानी हुई। मरीजों की संख्या ज्यादा होने पर चिकत्सकों को भी जल्दी जल्दी उपचार करना पड़ा। लेकिन दोपहर में ओपीडी खत्म होते तक मरीज बचे रहे। इसको देखते हुए 15 मिनट ज्यादा ओपीडी का संचालन किया गया। इसके बाद भी सैकड़ों मरीज उपचार से वंचित हुए हैं।

### दवा के लिए भी लगी लंबी लाइन

मरीज किसी तरह डाक्टर के पास पहुंचकर उपचार करा ले रहे थे। इसके बाद उन्हें दूसरी समस्या से जूझना पड़ा। दवा काउंटर में भी मरीजों की काफी भीड़ थी। यहां भी दवा लेने के लिए मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। ऐसे में दवा लेने में ही एक से दो घंटे तक का अतिरिक्त समय लगा।

### मेडिसिन और स्किन ओपीडी में रही सबसे ज्यादा भीड़

मौसमी बीमारी का कहर चल रहा है, ऐसे में सर्दी, बुखार, कमजोरी, बदन दर्द के मरीज सबसे ज्यादा पहुच रहे हैं। इसी तरह मौसम में उमस होने के कारण लोग त्वचा सम्बन्धित बीमारियों का भी सामना कर रहे हैं। इसी वजह से सबसे ज्यादा भीड़ मेडिसिन और स्किन ओपीडी में उमड़ी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर सिरगिट्टी में हत्या

### दो पक्षों में हिंसक झड़प, युवक की चाकू मारकर कर दी हत्या

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सिरगिट्टी अंतर्गत पुरानी रंजिश पर एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। मामला पुलिस के संज्ञान में आने के बाद सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपियों को गिरफतार कर मामले को विवेचना में लिया है। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तिफरा इंद्रपुरी में सोमवार की रात रक्षाबंधन के रक्षाबंधन की रात, नशे में धुत शेखर भारद्वाज ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सौरभ रात्रे को बातचीत के बहाने बुलाया। इस दौरान, शेखर ने अचानक चाकू से सौरभ के पेट पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल सौरभ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू की। जिन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। इस हत्याकांड के बाद इंद्रपुरी इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस




दिन दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में 22 वर्षीय युवक सौरभ रात्रे की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात में पुलिस ने मुख्य आरोपी शेखर भारद्वाज और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दोनों परिवारों के बीच पहले से ही विवाद था। ने मुख्य आरोपी शेखर भारद्वाज समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल, घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## सार-संक्षेप



### कर्मचारी कांग्रेस ने राजेंद्र प्रसाद शुक्ला को दी श्रध्दांजलि

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस द्वारा श्री शुक्ल के निवास मुंगेली नाका पर एकत्र होकर छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष पंडित राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर उनके द्वारा संगठन ,समाज के लिए गए एवं किए गए कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर सुनील शुक्ला विनोद तिवारी एसपी पाटनवार,व राजेंद्र दवे अरुण पांडे कैलाश गजभिए मेला राम, यूके शर्मा एसपी मिश्रा सुरेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य एवं पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।

### देशी शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया



**बिलासपुर**, 20 अगस्त(देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक के लगातार अवैध शराब पर कार्यवाही के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवम डीएसपी मुख्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में अवैध शराब,एवं नशे के खिलाफ कार्यवाही हेतु थाना से टीम तैयार कर आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम जोंधरा में आरोपी मिलाप दास बघेल के कब्जे से 30 पाव (5.4 लीटर ) देशी शराब कीमती 2700 जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में एसआई ओपी कुर्रे,प्रधान आरक्षक हरवेंद खूंटे,आरक्षक नरसिंह राज का विशेष योगदान रहा।

### शिवसेना की बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। शिवसेना बिलासपुर जिला इकाई की बैठक रखी गई थी। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जिला प्रमुख नवीन यादव एवं मुकेश देवांगन की संयुक्त सहमति से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया । जिसमे सभी वरिष्ठ एवं अनुभवी पदाधिकारी को जिला प्रमुख द्वारा कार्यकारणी का विस्तार किया गया। जिसमे वरिष्ठ जिला विशेष सलाहकार सीमित में( 1) संतोष कौशल (2) यशवंत गोरख( 3) जमुना कश्यप (4)संजय पवार (5)मणिशंकर शर्मा को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष के पद पर ( 1) नीलमणि कौशिक (2) अशोक निषाद को नियुक्त किया गया । सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी सदस्यों की भी नियुक्ति की गई जिसमें (1) द्वारिका वस्त्रकर जोकि तखतपुर (2) श्यामू विश्वकर्मा बिलासपुर (3) राजू साहू घोरा मार तखतपुर (4) परदेसी साहू भरारी बेलतरा विधानसभा (5) दीपक वस्त्रकर मस्तूरी ( 6) बलराम कौशिक ग्राम कुआं तखतपुर को जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवसेना के पद पर नियुक्त किया गया है। बैठक में आगामी दिनों में हिंदू राष्ट्र की मांग एवं हिंदुत्व के मुद्दे पर धरना देने की सहमति बनी है। बैठक में प्रमुख रूप से नवीन यादव जिला प्रमुख मुकेश देवांगन ,संतोष कौशल ,अजय शर्मा,नीलमणि कौशिक,अरविंद वर्मा , बलराम कौशिक ,सुषमा साहू ,द्वारिका वस्त्रकर ,सुरेश वस्त्रकर आदि शिव सैनिक गढ़ उपस्थित थे।

# बच्चों में ही देश का भविष्य है-जयप्रकाश

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ग्राम मुंडा देवरी में संचालित आधारशीला पब्लिक स्कूल में भव्य आयोजन किया गया। सुबह बच्चों के साथ विजय विश्व तिरंगा प्यारा गीत के साथ पुरे ग्राम का भ्रमण किया गया ।

उसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जयप्रकाश लोधी एवं कार्य के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर प्रेम लोधी और गणमान्य नागरिकों के द्वारा महान विभूतियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया उसके पश्चात विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दिया गया ।मुख्य अतिथियों के हाथों से विद्यालय के संचालक मानस लोधी के द्वारा बच्चों को ट्रॉफी प्रदान किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयप्रकाश लोधी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहाँ की बच्चों में ही देश का भविष्य है और बच्चों में ही रानी लक्ष्मी बाई महात्मा गांधी चंद्रशेखर आजाद की छवि है । डॉ प्रेम लोधी ने अपने उदबोधन में कहाँ की बच्चे कच्चे घड़े के समान हैं उन्हें जैसा आकार देंगे वैसा निर्माण होगा साथ ही साथ डॉ प्रेम लोधी ने कहा की शिक्षा जीवन का मूल आधार है। इस कार्यक्रम में आस पास के पालको के साथ ग्राम वाशी उपस्थित रहें ।कार्यक्रम को सफल बनाने के नरेश लोधी सुरेश लोधी रामकुमार शुक्ला. यशवंत बंजारे. रामशरण कोतवार. मोतीलाल राजपूत. यदुनन्दन राजपूत मूसला बघेल द्वारिका राजपूत राजू राजपूत सनी पाल. साथ ही साथ विद्यालय के संचालक श्रीमती गीतांजलि मानस लोधी रोशन जायसवाल शिक्षक अभिरामपाल श्रीमती संजू नेताम उपस्थित रहे कार्यक्रम के समापन पर पल्लवी लोधी अनामिका लोधी वर्षा लोधी के द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



# केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से त्रिलोक ने की मुलाकात

### अरपा नदी में रिटेनिंग वॉल, पत्रकार कॉलोनी मंगला रोड, अशोक नगर रोड, सहित दर्जनों मांगों को पूर्ण करने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के जागरूक जनप्रतिनिधि त्रिलोक श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-एआईसीसी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पि. व. विभाग एवं मार्गदर्शक-जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक1 बेलतरा/ पार्षद वार्ड क्रमांक 68 नगर निगम बिलासपुर ने आज अपने सहयोगियों सहित बिलासपुर लोकसभा के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से भेंट करके दर्जनों मांग, जिसमें प्रमुख रूप से अरपा नदी के तट कटाव को रोकने के लिए 2 किलोमीटर दूरी तक तट बंधद्वन रिटेनिंग वॉल निर्माण करने, पत्रकार कॉलोनी रोड के निर्माण करने, मंगला रोड के मरम्मत ,अशोकनगर, खमतराई रोड, बहतराई बिजौर परसद्वही रोड के मरम्मत, कोनी से बिरकोना रोड में स्ट्रीट लाइट, संबंधित दर्जनों मांगों का ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने उक्त जन समस्याओं का निराकरण करने की बात कही है, इस अवसर पर त्रिलोक चंद्र श्रीवास के साथ कांग्रेस नेता मनोज श्रीवास, जितेंद्र शर्मा जीतू, मोहन जायसवाल पार्थ कुमार रोहित शुक्ला आदि उपस्थित थे।



# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक चालक की हालत गंभीर

**बिलासपुर**, 20 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सिरगिट्टी क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार से दौड़ रहे बेलगाम भारी वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रहा है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में रोजाना सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसे में किसी की जान चली जा रही है तो कोई जिंदगी भर के लिए अपाहिज हो रहा है।

इसी तरह का एक मामला फिर से थाना सिरगिट्टी अंतर्गत नर्मदा कोल्ड ड्रिंक के पास से सामने आया है। जहां एक होटल में राजमिस्त्री का कार्य करने वाले सिरगिट्टी निवासी राज महार हमेशा की तरह अपने काम पर होटल जा रहा था, वह थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित नर्मदा कोल्ड ड्रिंक के पास पहुंचा ही था कि सामने से तेज रफ्तार से फर्राटे भरते लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 1344 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जैसे ही वह बाइक से नीचे गिरा ट्रेलर के पहिए उसके दोनों पैर को रौंदते हुए आगे निकल गये। इसकी जानकारी जैसे ही घायल के परिवार वालों को पड़ी घायल के परिवार वालों ने राज महार को इलाज के लिए किम्स अस्पताल में भर्ती कराया, उसके बाद इस पूरे मामले की शिकायत थाना सिरगिट्टी पहुंचकर की। सिरगिट्टी पुलिस ने एफआईआर जरूर दर्ज कर ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया है लेकिन अभी इस मामले में पुलिस के द्वारा खानापूर्ति की जा रही है। इसी मामले को लेकर आक्रोशित घायल के परिवार वाले एवं सिरगिट्टी क्षेत्र के युवा थाना सिरगिट्टी पहुंचे हालांकि मामले में फिर भी कोई निष्कर्ष नहीं निकल सका।



# 23 अगस्त से होगी भारी बारिश

बिलासपुर, 20 अगस्त (देशबन्धु)। एक निम्न दाब का क्षेत्र मध्य बांग्लादेश के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

इसके अगले 48 घंटे तक उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, औराई, चर्क, मालदा और निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण झारखंड और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

**NECC**

| 21.08.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 470 | 80 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 105 | 185 |
| डिलीवरी | 485 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA


# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उसलापुर रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

## 9.52 करोड़ रुपये की लागत से होगा उसलापुर स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विकास

### यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जा रहा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

**बिलासपुर**, 20 अगस्त(देशबन्धु)। भारतीय रेल देश की लाइफ लाइन है ।रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है । वर्तमान में रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प किया जा रहा है ।

इस योजना के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 47 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है । अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है । इसी कड़ी में उसलापुर रेलवे स्टेशन का भी पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है । बिलासपुर शहर में स्थित उसलापुर स्टेशन, बिलासपुर का सेटेलाइट स्टेशन है ।रायपुर, दुर्ग की ओर से कटनी के तरफ जाने वाली अधिकांश गाड़ियों को वर्तमान में बिलासपुर स्टेशन के बजाए उसलापुर स्टेशन होकर चलाया जा रहा है ।उसलापुर स्टेशन के आसपास वर्तमान में बिलासपुर शहर का विस्तार भी काफी हुआ है ।इसी को ध्यान में रखकर उसलापुर स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है । रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा ।वर्तमान में उसलापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 6 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन हो रहा है, जबकि आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जिसके अनुरूप इसे विकसित किया जा रहा है ।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर स्टेशन को यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु लगभग 9.52 करोड़ रुपये की लागत से यात्री सुविधा विकास के अनेक कार्य कराये जा रहे हैं, जिससे यात्रियों को भविष्य में और बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी । इन कार्यों के अंतर्गत सर्कुलेटिंग क्षेत्र को बेहतर बनाते हुये 14 मीटर फुटपाथ सहित 12 मीटर व 7.5 मीटर चौड़ा रोड़ का निर्माण कर सुगम मार्ग का निर्माण किया जा रहा है ।एयर पोर्ट की तर्ज पर स्टेशन भवन प्रवेश पोर्च, व्यवस्थित प्रवेश व निकासी द्वार के साथ स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के मार्ग को अलग-अलग किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा ।5225 वर्गमीटर का सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया दोपहिया एवं चारपहिया गाड़ियों के लिए डेवलप किया जा रहा है ।1265 वर्गमीटर का गार्डन विकसित कर सौंदर्यीकरण एवं डिजाइनर साइनेजेस तथा स्थानीय कला-संस्कृति की चित्रकारी से स्टेशन को आकर्षक बनाया जा रहा है ।स्टेशन परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एक मौजूदा हाइमास्ट लाइट की शिफ्टिंग के साथ 02 नये हाइमास्ट लाइट लगाए जा रहे है ।यात्रियों को आसानी से प्लेटफार्म तक पहुँच सुविधा हेतु मौजूदा 2 फुटओवर ब्रिज के अतिरिक्त 12 मीटर चौड़ाई वाले एक फुटओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है ।प्लेटफार्म की फ्लोरिंग व स्टेशन पर मौजूदा 10 प्लेटफार्म शेल्टर के अतिरिक्त 06 नये प्लेटफार्म शेल्टर का निर्माण किया जा रहा है । प्लेटफार्म में अतिरिक्त शौचालय का निर्माण, प्रतीक्षालय का नवीनीकरण, महिलाओं, वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों के अनुकूल दीर्घकालिक सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी लगाए जा रहे है ।इसके साथ ही साथ उसलापुर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों को उच्चस्तरीय खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 2685 वर्गफीट जगह में कोच रेस्टोरेन्ट स्थापित किया जा रहा है ।ये सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे है और वर्तमान में अब तक 60 प्रतिशत कार्य पूरे किए जा चुके है तथा शेष कार्य प्रगति पर है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उसलापुर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों से यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा ।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे ।



प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188